

हिन्दी दैनिक

# रोजनामा इन्डो गल्फ



www.Newsindogulf.com/Email:-Newsindogulf730@gmail.com

सच्चाई में है दम, सच लिखते हैं हम

पटना,शनिवार | 07 दिसंबर 2024 | वर्ष : 02 अंक :201 | पृष्ठ -14 | PRGI NO - BIHHIN/2023/86924 | मूल्य - ₹ 3 | पटना संस्करण


## ब्रीफ न्यूज

### सरवन सिंह पंधेर ने किया ऐलान, रविवार को दिल्ली कूच करेंगे किसान



एजेंसी

**नई दिल्ली:** शंभू बॉर्डर पर डटे किसान अब रविवार को दिल्ली की ओर कूच करेंगे। शुक्रवार को हरियाणा के सुरक्षाकर्मियों के साथ झड़प के बाद किसानों ने अपना पैदल मार्च दिनभर के लिए स्थगित कर दिया था। झड़प में सुरक्षाकर्मियों ने आंसू गैस के गोलों का इस्तेमाल किया था, जिसमें कई किसानों के घायल होने की खबर है।

किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने किसानों के दिल्ली कूच करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पहले केंद्र और राज्य के मंत्री बोलते थे कि किसान ट्रैक्टर पर आते हैं, लेकिन अब तो हम पैदल जा रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि हम दिल्ली जाकर पीएम मोदी से सवाल पूछना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हम पहले भी तैयार थे और अब भी बातचीत के लिए तैयार हैं। हरियाणा सरकार ने शुक्रवार को अंबाला जिले के 11 गांवों में मोबाइल इंटरनेट और एक साथ कई लोगों को संदेश भेजने की सुविधा बल्क एसएमएस सेवा पर नौ दिसंबर तक रोक लगा दी।

# पटना में छात्रों पर लाठीचार्ज को तेजस्वी यादव ने बताया तानाशाही

# सरकार से पूछे 5 सवाल

**, नीतीश नॉर्मलाइजेशन के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए पुलिस लाठीचार्ज पर तेजस्वी यादव ने नीतीश सरकार पर हमला बोला है। उन्होने कहा ये रवैया भाजपा-नीतीश सरकार के अहंकार और अफसरशाही के तानाशाही का प्रतीक है।**

एजेंसी

**पटना:** पटना में नॉर्मलाइजेशन के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए पुलिस लाठीचार्ज पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने नीतीश सरकार को घेरा है। तेजस्वी ने बिहार की एनडीए सरकार से पांच सवाल पूछे हैं। उन्होने नीतीश की संवाद यात्रा पर भी सवाल खड़े किए हैं। पुलिस लाठीचार्ज को निंदनीय, आपत्तिजनक और बर्बरतापूर्ण बताया है। आपको बता दें बीपीएससी अभ्यर्थियों पर हुए लाठीचार्ज में कई छात्रों को चोटें आई हैं।तेजस्वी यादव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि आज पटना में इढरउ अभ्यर्थियों पर बिल्कुल ही निंदनीय, आपत्तिजनक एवं बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज हुआ है, जो भाजपा-नीतीश सरकार के अहंकार और अफसरशाही के तानाशाही का प्रतीक है।मुख्यमंत्री ?????? करोड़ की तथाकथित दिखावटी 'संवाद' यात्रा पर निकलने से पूर्व यह जवाब दें कि क्या बिहार के वर्तमान व भविष्य, बिहार के



विद्यार्थियों से संवाद स्थापित करना उनके एवं उनकी अनेक दलों की सरकार के लिए कठिन है? क्या आयोग द्वारा स्पष्टीकरण देना उनकी शान के खिलाफ है?नेता प्रतिपक्ष ने आगे पूछा कि क्या सर्वर की खामी को स्वीकारते हुए फॉर्म भरने के अवसर को दोबारा उपलब्ध करवाना असंभव है? क्या पेपरलीक एवं कदाचार मुक्त परीक्षा की मांग करना अनुचित है? आयोग व सरकार के रवैये को देख क्या अभ्यर्थी यह मान लें कि यह परीक्षा औपचारिकता मात्र है? आपको बता दें बीपीएससी अभ्यर्थियों की मांग नॉर्मलाइजेशन को वापस लेने की है। छात्रों के इस आंदोलन को अब खान सर और गुरु रहमान का भी पूरा साथ मिल रहा है। वो भी छात्रों के इस प्रदर्शन में कूद गए हैं।, नीतीश नॉर्मलाइजेशन के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए पुलिस लाठीचार्ज पर तेजस्वी यादव ने नीतीश सरकार पर हमला बोला है। उन्होने कहा ये रवैया भाजपा-नीतीश सरकार के अहंकार और अफसरशाही के तानाशाही का प्रतीक है। साथ ही उन्होने नीतीश की संवाद यात्रा से पहले पांच सवाल पूछे हैं।

## किसानों पर आंसू गैस छोड़ने पर राहुल गांधी का आया बयान, बोले- 'यह काफी निंदनीय है'



एजेंसी

**नई दिल्ली:** विपक्ष नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को किसानों की मांगों को लेकर, किसान प्रदर्शन कर रहे हैं। उनके साथ सरकार का व्यवहार को लेकर राहुल गांधी ने निंदा की है। इस विरोध प्रदर्शन को दबाने के लिए आंसू गैस और अन्य तरीकों के प्रयोग की गांधी ने अलोचना की।राहुल गांधी ने किसानों की पार्टियों को दूर करने और न्यूनतम समर्थन मूल्य (टरढ) की कानूनी वैधता समेत उनकी छूट को लागू करने का आग्रह किया।राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में "उन पर आंसू गैस के गोले दागना और उन्हें विभिन्न तरीकों से रोकने की कोशिश करना निंदनीय है। सरकार को उनकी मांगों और समस्याओं को गंभीरता से सुनना चाहिए।" गांधी ने किसानों के लिए अपनी पार्टी के समर्थन को दोहराया और खेती की लागत का 1.5 गुना एमएसपी, कर्ज माफी और किसानों और मजदूरों के लिए पेंशन

**एमएसपी गारंटी के लिए प्रदर्शन करने वाले किसानों पर आंसू गैस छोड़े गए। इस पर राहुल गांधी ने काफी निंदा की है।**

योजना जैसे उपायों की मांग की। उन्होंने कहा, "सरकार को स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुसार एमएसपी की कानूनी गारंटी, खेती की व्यापक लागत का 1.5 गुना एमएसपी सहित सभी मांगों को तुरंत लागू करना चाहिए।बता दें कि, राहुल गांधी अब निरस्त किए गए कृषि कानूनों के खिलाफ 2020-2021 के विरोध प्रदर्शन के दौरान 700 किसानों की मौत की ओर ध्यान आकर्षित करवाया।

## GDP Slow होने पर निर्मला सीतारमण बोली- दूसरी तिमाही की सुस्ती प्रणालीगत नहीं, तीसरी तिमाही में होगी भरपाई



एजेंसी

**नई दिल्ली:** शुक्रवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि देश में सिंतबर तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर में काफी सुस्ती देखने को मिली है और यह प्रणालीगत नहीं है और दूसरी तिमाही पर भी इसका काफी असर देखने को मिला है। निर्मला सीतारमण ने आगे कहा कि- तीसरी तिमाही में होगी भरपाई। जुलाई-सितंबर तिमाही में देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) सात तिमाहियों के निचले स्तर 5.4 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। वहीं अप्रैल-जून तिमाही में वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत थी।निर्मला सीतारमण ने आगे कहा- अगले साल भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ेगीउन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में वृद्धि आंकड़ों पर बुरा असर पड़ना जरूरी नहीं है। उन्होंने कहा, हमें कई अन्य कारकों पर भी ध्यान देने की जरूरत है। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत अगले साल और उसके बाद भी सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा। आम चुनाव और पूंजीगत व्यय में कमी के कारण पहली तिमाही में वृद्धि की रफ्तार सुस्त रही। इसका असर दूसरी तिमाही पर भी पड़ा है। पहली छमाही में सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए11.11 लाख करोड़ रुपये के अपने पूंजीगत व्यय लक्ष्य का सिर्फ 37.3 प्रतिशत ही खर्च किया।

## अवधेश प्रसाद की छिनी सीट तो भड़के अखिलेश! जानें पहली पंक्ति में बैठने पर मचे बवाल की इनसाइड स्टोरी

एजेंसी

**उत्तर पेदेश:** अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद को लोकसभा में आगे की बेंच से हटाए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है. पिछले संसद सत्र में सपा को पहली पंक्ति में दो सीटें मिली थीं, जहां अखिलेश यादव और अवधेश प्रसाद भारतीय राष्ट्रीय विकास समावेशी गठबंधन (इंडिया) के अन्य नेताओं के साथ बैठते थे लेकिन नई व्यवस्था के तहत अवधेश प्रसाद अब दूसरी पंक्ति में बैठेंगे.मामले पर कांग्रेस सूत्रों ने दावा किया है कि प्रत्येक 28 सदस्य को एक आगे की सीट आवंटित की जा सकती है. टीएमसी को छोड़कर 7 की पेशकश की गई. एलओपी एक, कांग्रेस 3, एसपी 2, डीएमके 1. इस तरह का फॉमूर्ला बनाया गया है. लेकिन सरकार अपने फॉमूर्ले से पीछे हट गई और सपा की एक सीट कम कर दी. इसलिए,इसका विरोध



किया. एसपी ने भी यही किया. सरकार के सूत्रों का क्या कहना है?

वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के किए दावों को लेकर सरकार से जुड़े सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस अपनी संख्या से ज्यादा दावा कर रही है. सपा को अपनी सीट देनी है तो अपनी कोटा में सीट दे दें. सरकार ने सपा की सीट नहीं काटी है.वैसे तो स्पीकर अलग-अलग पार्टियों की ताकत के हिसाब से सीटें आवंटित करते हैं, लेकिन विपक्ष के नेता के तौर पर राहुल गांधी विपक्ष की बेंचों के मामले में अपनी बात रखते हैं लेकिन कांग्रेस का कहना है कि बैठने की व्यवस्था सरकार ने ही तय की थी और वह स्थिति को ठीक करने में सक्षम नहीं थी.समाजवादी पार्टी के एक सांसद ने नाम न बताने की शर्त पर बताया, "बुधवार को जब अखिलेश जी संसद में दाखिल हुए तो उन्होंने बाकी सांसदों के साथ पीछे की सीट पर बैठने का फैसला किया, लेकिन आगे की सीट पर नहीं, जहां विपक्ष के नेता बैठते हैं. बाद में जब कुछ पत्रकारों ने उनसे इसके पीछे की वजह पूछी तो उन्होंने कहा, 'धन्यवाद कांग्रेस'. उन्होंने सीटिंग अरेंजमेंट में बदलाव के पीछे कांग्रेस की भूमिका की ओर इशारा किया.

## किसानों के दिल्ली मार्च के बीच केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान का बड़ा ऐलान, संसद में किया ये वादा

एजेंसी

**नई दिल्ली:** किसानों के दिल्ली मार्च के बीच केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने संसद में कहा कि सभी कृषि उपजों के लिए केंद्र सरकार न्यूनतम टरढ देगी। अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब वे (कांग्रेस) सत्ता में थी तो उन्होंने एमएस स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश को खारिज कर दिया था।बता दें साल 2006 में डॉ॰ एमएस स्वामीनाथन की अध्यक्षता में राष्ट्रीय किसान आयोग (एनसीएफ) ने कई



सिफारिशें दी थीं। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को उत्पादन की वेटेड औसत लागत से कम से कम 50 प्रतिशत ज्यादा रखना चाहिए, कृषि प्रणालियों की उत्पादकता और स्थिरता में सुधार करना चाहिए। आयोग की कुछ प्रमुख सिफारिशें थीं।किसानों ने अपनी मांगों को लेकर आज शुरू किया पैदल मार्चकेंद्रीय मंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार सभी कृषि उपज को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदेगी। बता दें संसद में कृषि मंत्री क यह बयान ऐसे दिन आया है जब किसानों ने एमएसपी के लिए कानूनी समर्थन सहित मांगों के एक चार्टर के साथ दिल्ली तक पैदल मार्च शुरू किया है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं संसद के माध्यम से किसानों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि किसानों की सारी उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जाएगी। यह मोदी सरकार की गारंटी है।

## अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी पर लगाया आरोप, बोले- 'भाजपा ने दिल्ली में वोटरों के नाम कटवाने के लिए चुनाव आयाग में अर्जी दाखिल की'

एजेंसी

**नयी दिल्ली:** आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि राजधानी में जल्द ही विधानसभा चुनाव होने वाले है, लेकिन इससे पहले बड़ी संख्या में वोटर्स के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं।भाजपा ने शाहदरा क्षेत्र में 11,018 मतदाताओं के नाम हटाने के लिए एक आवेदन दायर किया है, लेकिन जब हमने 500 नामों पर उस आवेदन को क्रॉस-चेक किया, तो 75 प्रतिशत लोग अभी भी वहां रह रहे थे, लेकिन उनके नाम चुनावी सूची से हटाए जा सकते हैं।रोल, ह्लपीटीआई ने




एक संवाददाता सम्मेलन में आम आदमी पार्टी (आप) संयोजक के हवाले से कहा।केजरीवाल ने दावा किया कि अअढ ने 2020 के चुनाव में शाहदरा विधानसभा सीट लगभग 5,000 वोटों से जीती।उन्होंने कहा, उस निर्वाचन क्षेत्र में लगभग 11,000 मतदाताओं के नाम हटाए जा रहे हैं और इनमें से अधिकतर मतदाता आप समर्थक हैं।आप के राम निवास गोयल ने बीजेपी के संजय गोयल को हराकर शाहदरा सीट जीती थी।"उनकी सूची का 75 फीसदी हिस्सा परेशान करने वाला है। जब हमने पता किया तो इनमें से ज्यादातर आप के वोटर निकले। अगर एक विधानसभा क्षेत्र से 6 फीसदी वोट कटवाए तो फिर चुनाव कराने का मतलब ही क्या है?" उन्होंने जोड़ा.केजरीवाल ने इसे "लोकतंत्र के लिए खतरा" बताते हुए कहा, "यह लोकतंत्र के लिए खतरा है, लोगों के वोट काटे जा रहे हैं। वोट डालना और अपनी सरकार चुनना लोगों का मौलिक अधिकार है लेकिन बीजेपी और चुनाव आयोग इसे छीन रहे हैं। लोगों का अधिकार।

## 'कांग्रेस हर चीज पर उठाती है सवाल, नोटों की गड्डी पर नहीं दिया जवाब', बीजेपी ने साधा निशाना



एजेंसी

**नई दिल्ली:** कांग्रेस के सांसद अभिषेक मनु सिंघवी की राज्यसभा सीट से नोटों का एक बंडल बरामद हुआ. मामले को लेकर भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने शुक्रवार (6 दिसंबर 2024) को कांग्रेस पर हमला बोला. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, "कांग्रेस नेताओं के पास इतनी नकदी है कि वे यह भी नहीं देख पाते कि जो पैसे उनकी सीट पर पड़े हैं, उन्हें कौन ले जाए. चूंकि कोई नेता पैसे लेने नहीं आया, यह सवाल उठता है कि यह पैसे किसके हैं, जिन्हें लोग पहचानते हैं, लेकिन वे इसे लेने नहीं आए. इस घटना की जांच होनी चाहिए.उन्होंने कांग्रेस पर जवाबदेही से बचने का आरोप भी लगाया और कहा, "कांग्रेस जो कभी हर चीज पर सवाल उठाती थी, आज उस मामले का जवाब देने से बच रही है, जो संसद से बरामद हुआ.भाजपा नेताओं का बयानपूर्वी दिल्ली के भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा, "सीट से नोटों का बंडल बरामद हुआ है. यह जांच का मामला है. भारत के उपराष्ट्रपति ने इस मामले की जांच के आदेश दिए हैं. मुझे हैरानी हो रही है कि कांग्रेस नेताओं से ऐसे बंडल कहां से आ रहे हैं. इस घटना की जांच होनी चाहिए.राज्यसभा के अध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने बताया कि अभिषेक मनु सिंघवी की सीट पर एक बंडल नकदी की बरामदगी सामान्य रूप से की गई एक एंटी-सबोटेज जांच के दौरान हुई.।

## आप का चलेगा सिक्का या खिलेगा कमल, दोनों पार्टियों में चल रहा शह और मात का खेल

एजेंसी

**नई दिल्ली:** विधानसभा चुनाव से पहले आप ने इखढ को कई तगड़े झटके दिए हैं। बीजेपी नेता और पूर्व विधायक सुरेंद्र पाल सिंह बिट्टू शुक्रवार को ही आप में शामिल हुए हैं। उनके तिमारपुर से चुनाव लड़ने की संभावना है। बता दें बिट्टू कांग्रेस की टिकट पर तिमारपुर से दो बार विधायक चुने जा चुके हैं। इससे पहले बीजेपी नेता प्रवेश रतन आप में शामिल हुए थे। उन्होंने 2020 विधानसभा में पटेल नगर से बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़ा था। बता दें इससे पहले सीलमपुर के कांग्रेस नेता मतीन अहमद, दक्षिणी दिल्ली के भाजपा नेता ब्रह्म सिंह तंवर समेत कई ऐसे नेता आप में शामिल हुए जो दो से तीन बार विधायक बन




चुके हैं।बीजेपी अपने पूर्व सांसदों को चुनाव मैदान में उतारेगीबीजेपी आगामी विधानसभा चुनाव में दिल्ली के अपने उन पूर्व सांसदों को उतारने पर विचार कर रही है जिन्हें इस बार टिकट नहीं दिया गया था। जिसमें पहला नाम प्रवेश वर्मा का है, जो नई दिल्ली विधानसभा से अरविंद केजरीवाल के खिलाफ चुनाव लड़ सकते हैं। इसके अलावा प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, पूर्वी दिल्ली के कस्तूरबा गांधी नगर या विश्वास नगर से टिकट दी जा सकती है। वहीं, रमेश बिधूड़ी, मीनाक्षी लेखी, हरीश खुराना, डॉ हर्षवर्धन समेत बीजेपी के कई दिग्गत नेता कतार में हैं।बीजेपी आगामी विधानसभा चुनाव में दिल्ली के अपने उन पूर्व सांसदों को उतारने पर विचार कर रही है जिन्हें इस बार टिकट नहीं दिया गया था।

# रेडियो स्नेही 90.4 एफएम और स्मार्ट के संयुक्त प्रयास से हिंसा को नो' कार्यक्रम का आयोजन






**वरिष्ठ संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

सीवानः रेडियो स्नेही 90.4 एफएम और स्मार्ट के संयुक्त प्रयास से संचालित कार्यक्रम "हिंसा को नो" के तहत जिले के प्रतिष्ठित "संघमित्रा पब्लिक स्कूल" में एक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों के बीच घरेलू हिंसा के बारे में जागरूकता फैलाना था।कार्यक्रम में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया, और बच्चों ने घरेलू हिंसा पर आधारित शानदार पेंटिंग बनाई। प्रत्येक चित्र में बच्चों ने अपने विचारों और संवेदनाओं को रंगों के माध्यम से प्रस्तुत किया, जो दर्शाता है कि उन्हें हिंसा के प्रति कितनी जागरूकता और संवेदनशीलता है।विद्यालय प्रतिनिधि और रेडियो स्नेही के प्रतिनिधियों ने सभी पेंटिंग्स का गहनता से निरीक्षण किया और उन्हें क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कारों से सम्मानित किया। कार्यक्रम में रेडियो स्नेही के प्रतिनिधियों ने बच्चों को हिंसा के विभिन्न प्रकारों और इसके प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।इस कार्यक्रम में प्रतिभा शुक्ला, आनंद कुमार, विनीत कुमार, गोविंदा कुमार सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने रेडियो स्नेही के इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में सामाजिक जिम्मेदारी और जागरूकता को बढ़ावा देते हैं, जो समाज के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

# समस्तीपुर के मोहनपुर में बुलेट सवार युवक की मौत.

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**



समस्तीपुर के मुसरीघरारी मुख्य मार्ग पर हुई एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। सड़क किनारे खड़े वाहन के लापरवाह चालक और तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर एक युवा उद्यमी की जान चली गई। इस घटना के बाद इलाके में आक्रोश का माहौल रहा, और लोगों ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए मुख्य सड़क को घंटों जाम रखा।मृतक की पहचान अमित कुमार उर्फ मुन्ना के रूप में हुई, जो समस्तीपुर शहर के बीआरबी कॉलेज के पास ह्लसाइबर जंक्शनह्व नामक कंप्यूटर संस्थान का संचालन करते थे। हादसे की रात अमित अपने प्रतिष्ठान को बंद करने के बाद अपनी बुलेट बाइक से भमरूपुर स्थित घर लौट रहे थे। इसी दौरान नक्कू स्थान के पास खड़ी एक माया वाहन के चालक ने अचानक गेट खोल दिया, जिससे उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई।गिरने के तुरंत बाद, पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक घटनास्थल से फरार हो गया, लेकिन ट्रक को पुलिस ने जब्त कर लिया है। मुफस्सिल थाना अध्यक्ष पिंकी प्रसाद ने बताया कि घटना को लेकर प्राथमिकी दर्ज की जा रही है और जांच जारी है।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**वरिष्ठ संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

- भाजपा कार्यालय में डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि, प्रदेश अध्यक्ष ने किया समाजिक समरसता का आह्वान
- डॉ. अंबेडकर की शिक्षाएं हमें समानता और न्याय का मार्ग दिखाती हैं : डॉ. दिलीप जायसवाल
- डॉ. अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित कर भाजपा ने सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता जताई



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने आज भारतीय संविधान के निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रदेश कार्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता और समाज के विभिन्न वर्गों के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।डॉ. दिलीप जायसवाल ने डॉ. अंबेडकर के जीवन और उनके योगदान को याद करते हुए कहाः> "डॉ. भीमराव अंबेडकर न केवल भारतीय संविधान के निमार्ता थे, बल्कि वे सामाजिक न्याय और समानता के प्रतीक भी थे। उनका जीवन हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने समाज के वंचित और शोषित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया और हमें एक ऐसा संविधान दिया, जो हर नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार प्रदान करता है।

प्रदेश अध्यक्ष ने डॉ. अंबेडकर के आदर्शों को अपनाने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सामाजिक न्याय और समरसता के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है और डॉ. अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम के दौरान पार्टी कार्यकताओं ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि वे सामाजिक समानता और समरसता को बढ़ावा देने के लिए काम करेंगे।इस अवसर पर पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकेश्वर प्रसाद,मंत्री रेणु देवी,रउ मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक लखेंद्र पासवान,विधायक भागीरथी देवी,पवन जैसवाल,प्रदेश महामंत्री शिवेश राम,अमित प्रकाश बबलू, अरविंद शर्मा,प्रवीन पटेल, ज्ञान प्रकाश ओझा,सहित बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का प्रण लिया।

# क्या तेजस्वी यादव अपने यात्रा के दौरान खोलेंगे अपने पिता के द्वारा किए गए घोटालों का राज..? :-अरविन्द सिंह

**वरिष्ठ संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

लगातार हार के बाद गफलत यात्रा के जरिए लोगों को सब्जबाग दिखाकर लुभाने का प्रयास करेंगे सत्ता लोलुप तेजस्वी यादव :- अरविन्द सिंह

पटना, 6 दिसम्बर :- भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह ने कहा है कि लगातार चुनावों में हार को देखते हुए कार्यकरता यात्रा कर के लोगों को लुभाने का प्रयास करेंगे सत्ता लोलुप तेजस्वी यादव। जनता को सिर्फ झूठे वादे करके उन्हें ठगने और भरमाने के कारण धरातल पर अपनी पकड़ लगातार खोते देख जनता द्वारा लगातार फटकार लगने के कारण अब लोगों को पुनः लुभाने के लिए कार्यकर्ता यात्रा का ढोंग कर रहे हैं तेजस्वी यादव। परिवारवाद के उपज तेजस्वी यादव जी क्या कार्यकर्ता यात्रा निकालेंगे जहां खुद उनकी पार्टी में कार्यकताओं को महत्व नहीं दिया जाता है, हमेशा से परिवार के लोगों को प्रमुखता दी जाती रही है। तेजस्वी यादव कर रहे 'कार्यकर्ता दर्शन संवाद कार्यक्रम' यात्रा जो पारिवारिक प्रदर्शन है। तेजस्वी यादव चार दिसंबर से मुंगेर में कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद यात्रा की शुरूआत करेंगे। जो भोली भाली जनता को अपने पारिवारिक जाल का शिकार बनना है।श्री अरविन्द ने कहा कि भले श्री तेजस्वी यादव कार्यकर्ता यात्रा निकलें पर किस मुंह से बोलेंगे सिर्फ और सिर्फ लोगों को भरमाने और लुभाने का काम अपनी प्रत्यक्ष हार को देखते हुए करने का काम कर रहे हैं।

राजद में राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद हो या विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद हो,या फिर विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष का पद हो, या फिर और अन्य प्रमुख पदों पर जो हो उसे पर सिर्फ और सिफ परिवारवाद हावी है। कार्यकर्ता को दूर-दूर तक कोई पूछ नहीं है।तेजस्वी वास्तव में अगर जनता का साथ चाहते हैं तो उन्हें इमानदारी से यह बताना चाहिए।

# 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर द्वारा चलाया गया मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोङ्ग.अबु बकर सिद्दीकी**

गोविन्द सिंह भण्डारी, कमांडेन्ट 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, जयनगर के कुशल नेतृत्व में बाह्य सीमा चौकी महादेवपट्टी में गृह मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया 'इस प्रशिक्षण शिविर में संजीव कुमार हाथी, मधुमक्खी प्रशिक्षक द्वारा 70 एसएसबी कार्मिकों एवं 42 स्थानीय नागरिकों को प्रशिक्षण दिया ' इस प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य सीमावर्ती लोगों की आय में वृद्धि हेतु रोजगार के श्रोत उत्पन्न करना था ' जिसमे महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षित किया जा रहा है ' इस कार्यक्रम में 18 सीमावर्ती महिलाओं द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया ' सीमावर्ती गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर युवतियों एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि प्रशिक्षण उपरांत अपना स्वयं रोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकें। कार्यक्रम के दौरान श्री गोविन्द सिंह भण्डारी, कमांडेंट 48वीं वाहिनी एसएसबी, जयनगर द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी सीमावर्ती प्रशिक्षुओं को भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कर सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अपना रोजगार उत्पन्न करने हेतु जागरूक किया गया '

# भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि मनाया गया



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

ताजपुर / समस्तीपुर :- ( रोजनामा इंडो गल्फ संवाददाता ) :- 6 दिसंबर । मोरवा विधानसभा अंतर्गत लसकारा वार्ड एक मे राष्ट्रीय लोक मोर्चा के बैनर तले जिलाध्यक्ष विनोद चौधरी निषाद के अध्यक्षता मे भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार, महान समाज सुधारक भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी का पुण्यतिथि मनाया गया।समारोह की शुरूआत सबसे पहले उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर शुरू किया गया। समारोह को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्री निषाद ने बाबा साहेब के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे महान भारतीय विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और लेखक थे। उन्हीं के द्वारा भारतीय संविधान लिखा गया था। उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतों से होने वाले सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाकर श्रमिकों, किसानों और महिलाओ का समर्थन भी किया था। मौके पर विभा देवी पूर्व जिला पार्षद, डॉ दिलीप कुमार चौधरी जिलाध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ, रामानंद सिंह, मो बशीर, नागो राम, मनोज कुमार राम, जगन्नाथ ठाकुर, भरत पासवान, द्वारिका प्रसाद गुप्ता, मुकेश कुमार चौधरी, संतोष निराला, दीपक कुमार, शिवनन्दन राय, सनोज सहनी, मो परवेज आलम, सकल सहनी, अमित कुमार, रामनाथ महतो, प्रविन्द कुमार चौधरी, फुलेन्द्र चौधरी, अनिल सिंह कुशवाहा, उपेंद्र राय, रामवरण राम, सुरेश राम, संजय कुमार राम, रणधीर कुमार, सुजीत कुमार पटेल, अकलू राम, अशर्फी पासवान सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# मधुबनी सदर अनुमंडल पदाधिकारी अश्वनी कुमार ने सभी पीडीएस दुकानदारों को किया अलर्ट

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो.अबु बकर सिद्दीकी**

- मधुबनी सदर अनुमंडल पदाधिकारी अश्वनी कुमार ने सभी पीडीएस दुकानदारों को किया अलर्ट
- उपभोक्ता करा लें राशन कार्ड का
- इ- केवाइसी, नहीं तो अनाज से होंगे वंचित
- 31 दिसंबर तक राशन कार्डधारी करा सकेंगे ई केवाइसी



राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत आने वाले राशन कार्ड धारकों के लिए इ-केवाईसी अनिवार्य कर दी गयी है, जिसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि राशन का वितरण केवल वास्तविक और पात्र लाभार्थियों को ही हो. इस योजना के तहत पहले अंतिम तिथि 30 सितम्बर 2024 निर्धारत की गई थी, लेकिन अब सरकार ने इसे बढ़ाकर 31 दिसंबर 2024 कर दिया है. सभी प्रखंड आपूर्ति अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे इस नए समय सीमा के बारे में सभी पीडीएस दुकानदारों को अवगत कराएं. इसी क्रम में मधुबनी सदर अनुमंडल पदाधिकारी अश्वनी कुमार ने बताया कि सभी पीडीएस दुकानों के विक्रेताओं को भी इस तिथि वृद्धि की जानकारी दी जा चुकी है. सदर अनुमंडल में 298402 उपभोक्ताओं ने नहीं कराई है ई के वाईसी, जिससे विभाग को परेशानी हो रही है. सदर अनुमंडल में कार्ड धारी की संख्या लगभग 252846 है, जबकि लाभुकों की संख्या 1027399 से ऊपर है. अभी तक ई केवाईसी 728997 लाभुकों ने ही कराई है ई केवाईसी

सदर अनुमंडल पदाधिकारी अश्वनी कुमार ने इ - केवाइसी के बारे में समझाते बताया किइ-पॉश मशीन सबसे अधिक कारगर इ-केवाईसी की प्रक्रिया के अंतर्गत राशन कार्ड में दर्ज परिवार के सभी सदस्यों के अंगूठे के निशान इ- पॉश मशीन पर लिए जा रहे हैं. इस प्रक्रिया के माध्यम से ऐसे लाभार्थियों की पहचान की जा रही है जो अब जीवित नहीं हैं या जो प्रदेश से बाहर चले गए हैं, लेकिन उनके नाम पर अब भी खाद्यान्न का उठान हो रहा है. इससे सरकार को यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि राशन केवल वास्तविक जरूरतमंदों तक ही पहुंचे. पीडीएसदुकानदारों का कहना है कि अब इसकी तिथि बढ़ाए जाने से लाभार्थियों को राहत मिलेगी. सभी राशन कार्ड धारकों को अपनी ई-केवाईसी समय पर पूरी कर लेनी चाहिए,नहीं कराया इ-केवाईसी तो नहीं मिलेगा अनाज इ-केवाइसी की प्रक्रिया पीडीएस दुकानों से हो रही है।

# मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने जनता के दरबार में जिलाधिकारी कार्यक्रम में प्राप्त शिकायतों के आलोक में अधिकारियों को त्वरित निष्पादन का दिया निर्देश



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोङ्ग.अबु बकर सिद्दीकी**

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने जनता के दरबार में जिलाधिकारी" कार्यक्रम में प्राप्त शिकायतों के आलोक में अधिकारियों को त्वरित निष्पादन का दिया निर्देश

जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा के द्वारा शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित " जनता के दरबार में जिलाधिकारी" कार्यक्रम में जिले के सुदूर क्षेत्रो से आए हुए परिवादियों से मुलाकात कर उनकी शिकायतों को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया गया ।

गौरतलब हो कि प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार को जनता दरबार में जिलाधिकारी कार्यक्रम के आयोजन के मौके पर जिलाधिकारी सभी परिवादियों से मुलाकात करते हैं और उनकी शिकायतों के निपटारे के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी देते हैं. इस परिप्रेक्ष्य में शुक्रवार, 06 दिसंबर को कुल 84 परिवादी अपनी शिकायतों के साथ जिलाधिकारी से मिले.

प्रखंड लौकही निवासी अजय कुमार यादव द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र की शिकायत आवेदन दिया गया।

प्रखंड बाबू बाबूबरही निवासी चमक दास ने अपने ग्रामीण के विरुद्ध उन्हें नुकसान पहुचाने संबंधी शिकायत की गई।

पंडौल प्रखंड निवासी रानी कुमारी द्वारा भगवतीपुर पंचायत में आंगनवाड़ी सहायिका का चयन से संबंधित आवेदन दिया गया।

ग्राम पोस्ट लोफा निवासी शोभा चंद्र ठाकुर द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या भारतमाला परियोजना पैकेज 3 में अधिग्रहित भूमि का मुआवजा देने से संबंधित शिकायत किया।

# सीपीएम पर जनता के लिए बड़ी जवाबदेही - ललन चौधरी




**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो.अबु बकर सिद्दीकी**

आज भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी मधुबनी जिला के 14 वॉ सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीपीएम के राज्य सचिव ललन चौधरी ने कहा कि आज के समय में सीपीएम पर जनता के लिए बड़ी जवाबदेही है,आज देश में वैसे लोगों के हाथ में सत्ता है जो गांधी के खुन से हाथ रंगें है,देश में मार्क्सवाद ही विकल्प है ,यह देश किसान मजदूरों का देश है, मोदीजी के राज में हजारों किसानों ने आत्महत्या कर लिया, किसान मजदूरों के लिए आप सबों को संघर्ष तेज करना होगा, भारत गांव में बसता है,देश के सारे संपदाओं पर बड़े पूंजीपतियों का अधिकार दिया जा रहा है, बैंक बीमा, रेलवे, एयरपोर्ट सब बिक रहा है किसानों से जमीन छीना जा रहा है रोजगार उपलब्ध नहीं है नौजवान दर-दर की ठोकरें खा रहा है, महिलाओं पर अत्याचार बढ़ गया, भाजपा के कुछ लोग चीर हरण कर रहे हैं देश में महिलाओं को नंगा घुमाया जा रहा है हम आपके संघर्ष करना होगा तभी हम भारत की सूरत को बदल सकते हैं,

सम्मेलन में मधुबनी के जिला सचिव मनोज कुमार यादव ने रिपोर्ट पेश किया, सीपीएम राज्य सचिव मंडल सदस्य रामपरी देवी ने कहा कि आज संगठित होकर लड़ने की आवश्यकता है डबल इंजन की सरकार पूरी तरह फेल है, लाल झंडा ही देश में विकल्प है खासकर सीपीएम के नेताओं पर विशेष जिम्मेदारी है,सम्मेलन में पांच सदस्यीय अध्यक्ष मंडल अध्यक्षता कर रहे थे, राम जी यादव, राम लखन यादव, प्रेम कांत दास, गणपति झा,सुमीतरा देवी, विजय नाथ मिश्र, सुनील मिश्र, सत्यनारायण यादव, शशि भूषण प्रसाद, विजय नाथ मिश्र,दिलीप झा, माधोपुर पंचायत के मुखिया अरविंद गुरमैता, उमेश घोष, शशिशेखर सहलैता, बाबू लाल महतो, विजय पासवान, राजेश मिश्रा,सोनधारी यादव, श्याम सिंह,राणा प्रताप सिंह सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया जबकि जिला सचिव के रिपोर्ट पर बहस जारी था

# मधुबनी जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने ईवीएम वेयर हाउस का किया मासिक निरीक्षण।



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो .अबु बकर सिद्दीकी**

मधुबनी जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया।गौरतलब हो कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में प्रत्येक माह ईवीएम वेयर हाउस में रखे हुए ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था का समय-समय पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा निरीक्षण किया जाना है,इसी क्रम में आज ईवीएम से संबंधित सभी सुरक्षा मानकों की जांच हेतु ,जिला पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार द्वारा ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया साथ ही वीवीपैट गोदाम के सुरक्षा मानकों कीभी जायजा लिया एवं उपस्थित उप निर्वाचन पदाधिकारी को कई आवश्यक दिशा निर्दर्श भी दिए ।उक्त अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रशांत कुमार भी उपस्थित रहे।

# वारिसनगर में अधेड़ की गला घोंटकर हत्या, लीची गाछी के पास मिला शव

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**




समस्तीपुर/वारिसनगर :- समस्तीपुर जिले के वारिसनगर थाना क्षेत्र के कुसैया वार्ड संख्या-8 में शुक्रवार सुबह लीची बगान के पास एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मनोज सहनी ( 55 वर्ष ) के रूप में हुई है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि उनकी रस्सी से गला घोंटकर हत्या की गई है। मृतक के बेटे संजीत कुमार सहनी ने बताया कि वह बाजार समिति में मजदूरी करता है।गुरुवार देर रात घर लौटने पर उसने अपने पिता को खाना खिलाया और सोने चला गया। मनोज सहनी रोज की तरह घर से करीब 100 मीटर की दूरी पर स्थित दालान में सोने के लिए चले गए। सुबह जब स्थानीय लोगों ने पास में ही लीची बगान के पास शव देखा, तो उन्होंने परिवार को सूचना दी।जब संजीत मौके पर पहुंचा, तो उसने पाया कि पिता के गर्दन के पीछे चोट के निशान थे।

# राष्ट्रीय लोक मोर्चा परिवार ने मनाया डॉ भीमराव अंबेडकर का पुण्यतिथि



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
एम नईमुद्दीन आजाद

**समस्तीपुर।** शुक्रवार को मोरवा विधानसभा अंतर्गत लसकारा वार्ड संख्या एक में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के बैनर तले जिलाध्यक्ष विनोद चौधरी निषाद के अध्यक्षता में भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार, महान समाज सुधारक भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर का पुण्यतिथि मनाया गया। समारोह की शुरूआत सबसे पहले उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर शुरू किया गया। समारोह को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्री निषाद ने बाबा साहेब के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे महान भारतीय विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और लेखक थे। उन्हीं के द्वारा भारतीय संविधान लिखा गया था। उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतों से होने वाले सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाकर श्रमिकों, किसानों और महिलाओ का समर्थन भी किया था। मौके पर पूर्व जिला पार्षद विभा देवी, डॉ दिलीप कुमार चौधरी, रामानंद सिंह, मो बसीर, नागो राम, मनोज कुमार राम, जगन्नाथ ठाकुर, भरत पासवान, द्वारिका प्रसाद गुप्ता, मुकेश कुमार चौधरी, संतोष निराला, दीपक कुमार, शिवनन्दन राय, सनोज सहनी, मो परवेज आलम, शकल सहनी, अमित कुमार, रामनाथ महतो, प्रविन्द कुमार चौधरी, फुलेन्द्र चौधरी, अनिल सिंह कुशवाहा, उपेंद्र राय, रामवरण राम, सुरेश राम, संजय कुमार राम, रणधीर कुमार, सुजीत कुमार पटेल, अकलू राम, अशर्फी पासवान, अर्जुन मंडल, विंदेश्वर महतो आदि मौजूद थे।

## महापरिनिर्वाण दिवस पर कांग्रेस का संकल्प, बाबा साहब के बनाएं संविधान की रक्षा करेंगे



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

■ कांग्रेस ने मनाया बाबा साहब का महापरिनिर्वाण दिवस, संविधान की रक्षा की बात दोहराई

पटना. शुक्रवार, 6 दिसंबर, 2024 बिहार कांग्रेस के मुख्यालय सदाकत आश्रम में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में कांग्रेसजनों ने उनके मूर्ति पर पुष्पांजलि करके मनाया ।इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ब्रजेश पांडेय ने कहा कि बाबा साहब के बनाएं संविधान पर वर्तमान भाजपा सरकार ने कुठाराघात किया है और हम कांग्रेसजन लगातार बाबा साहब के बनाएं संविधान और संवैधानिक परंपरा का पालन करते रहेंगे। बाबा साहेब का जीवन संघर्ष और सफलता का मिश्रित ज्ञान देने वाला रहा है। समाज उनके जीवन से प्रेरणा लेकर उनके बताएं रास्ते पर चलें तभी देश का कल्याण हो सकेगा और सभी मुख्यधारा में शामिल हो सकते हैं।

पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में कोषाध्यक्ष निर्मल वर्मा, मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, ब्रजेश प्रसाद मुनन, ज्ञान रंजन, डॉ स्नेहाशीष वर्धन पांडेय, निधि पांडे, मृणाल अनामय, रवि गोल्डन, अमित कुमार, आदित्य पासवान, नदीम अंसारी, सुधीर कुमार सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स एकेडमी की तीन खिलाड़ियों सहीत मैरवा की पाँच खिलाड़ी बिहार राज्य स्कूली फूटबाल टीम में शामिल

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

मैरवा ।बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं बिहार राज्य खेल विभाग द्वारा गठित बिहार राज्य स्कूली अंडर 17 बालिका फुटबॉल टीम में रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी की तीन खिलाड़ियों सहित मैरवा के कुल 5 खिलाड़ियों का चयन बिहार टीम में हुआ है ।इस बात की जानकारी देते हुए रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी के संस्थापक सह मुख्य कोच संजय पाठक ने बताया कि स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा जम्मू कश्मीर में 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय खेल में बिहार राज्य की टीम जम्मू कश्मीर के लिए रवाना हो गई है ।यह प्रतियोगिता 5 दिसंबर 2024 से 10 दिसंबर 2024 तक आयोजित है। पाठक ने बताया कि बिहार टीम का प्रशिक्षण शिविर राज्य एकलव्य प्रशिक्षण केंद्र मैरवा धाम में 18 नवंबर से 2 दिसंबर 2024 तक आयोजित था जिसमें बिहार के विभिन्न जिलों की 18 खिलाड़ी एकलव्य प्रशिक्षण केंद्र की कोंच पिंकी कुमारी की देख-रेख में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही थी ।पाठक ने बताया कि रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकैडमी की तीन प्रशिक्षु खिलाड़ी निक्की कुमारी, रुबी कुमारी एवं निशा कुमारी का चयन हुआ है वही खेलो इंडिया स्माल सेंटर से गुनगुन कुमारी तथा मैरवा फुटबॉल क्लब से प्रिया कुमारी का चयन बिहार टीम में हुआ है ।इन सभी खिलाड़ियों के चयनित होने पर आर एल बी एस ए फाउंडेशन के निदेशक राजीव लोचन मिश्रा, आई एम ए सिवान के अध्यक्ष डॉ शशि भूषण सिंहा, सचिव डॉक्टर शरद चौधरी ,डॉक्टर संगीता चौधरी, डॉक्टर रिता सिंहा, डॉक्टर राम एकबाल प्रसाद गुप्ता, डॉक्टर रामजी चौधरी, डॉक्टर सत्य प्रकाश, डॉ विनय पांडेय, डॉक्टर आरती रानी पांडेय, डॉक्टर अशोक कुमार, डॉ अनिल कुमार रानीलक्ष्मी बाई स्पोर्ट्स अकादमी के मुख्य संरक्षक डॉक्टर आर एन ओझा सहित अन्य खेल प्रेमियों ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।



## डॉ0 भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
एम नईमुद्दीन आजाद



ताजपुर / समस्तीपुर ( रोजनामा इन्डो गल्फ संवाददाता ) : आज दिनांक 06.12.2024 को डॉ. एल.के.वी.डी. कॉलेज ताजपुर में राजनीति विज्ञान विभाग के द्वारा "डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर संगोष्ठी" का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के कुशल प्रशासक डॉ. प्रभात रंजन कर्ण ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर जिन्हें संविधान निमार्ता के रूप में भी जाना जाता है, एक महान राजनीतिज्ञ, समाज सुधारक, प्रकांड विद्वान एवं स्वतंत्रता के पक्षधर थे। उन्होंने समाज से जातिगत भेदभाव को समाप्त करने एवं समानता पर आधारित समाज की स्थापना के लिए अथक प्रयास किया। उनके विचार अनुकरणीय हैं। इस कार्यक्रम की संयोजक राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ हुस्न आरा रहीं। कार्यक्रम के आयोजन सचिव एवं सह-आयोजन सचिव राजनीति विज्ञान विभाग के डॉ अनिल शर्मा एवं डॉ ज्ञानवती झा रहे।

इस कार्यक्रम में सम्मानित शिक्षक डॉ. विनीता कुमारी, डॉ जे पी वैश्यंत्री, श्री रजत शुभ्र दास, डॉ उदय कुमार, डॉ मुकुंद कुमार, डॉ अखिलेश कुमार, डॉ. मनोज कुमार, डॉ राशदा अमजदी, डॉ सुलेखा कुमारी, डॉ हरिमोहन प्रसाद सिंह, डॉ संजीव कुमार विद्यार्थी,डॉ.कुमारी सुषमा सरोज, डॉ. शहनाज आरा, डॉ. शाजिया परवीन, डॉ दुर्गा पटवा, डॉ रीना दूबे, श्री अजीत कुमार, श्री सौरभ कुमार, श्री तबरेज आलम, श्री लालबाबू साह, श्री रणधीर कुमार आदि के साथ-साथ बड़ी संख्या में छात्र एवं छात्राएं शामिल रहे।

## मशरक में जदयू की जिलास्तरीय सम्मेलन की सफलता को बैठक आयोजित



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

**मशरक के महाराणा प्रताप चौंक पर जिलास्तरीय सम्मेलन की सफलता को लेकर बैठक आयोजित किया गया। बैठक जदयू के प्रखंड अध्यक्ष रामाधार सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से आगामी 8 दिसंबर को छपरा के राम जयपाल कालेज में होने वाले जदयू के जिला स्तरीय सम्मेलन को सफल बनाने के लिए विचार विमर्श किया गया ।मौके पर जदयू के प्रखंड स्तरीय कार्यकताओं में दिलीप कुशवाहा,एहसान, अब्बास अली, मुन्ना मांझी, जितेन्द्र सिंह,गौतम सिंह,शौकत अली समेत अन्य शामिल रहें। प्रखंड अध्यक्ष रामाधार सिंह ने बताया कि सम्मेलन राम जयपाल कालेज छपरा के प्रांगण में होगा। इसमें मशरक प्रखंड से लगभग दो हजार कार्यकर्ता शामिल होंगे।**

## समस्तीपुर: किसानों को कस्टम हायरिंग सेंटर के महत्व के बारे में दी गई जानकारी




जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
मोहम्मद जुबैर

समस्तीपुर :- समथु फार्मर्स प्रोडूसर्स कंपनी के सीईओ अमरदीप कुमार की अध्यक्षता में बहुसंख्यक किसानों की बैठक की गयी, जिसका मुख्य उद्देश्य कस्टम हायरिंग सेंटर की स्थापना तथा ऋढड के शेयर को किसानों के बीच वितरित करना था। हसनपुर प्रखंड के नयानगर निवासी चर्चित किसान सुधांशु सिंह ने अपने प्रारंभिक सम्बोधन में न केवल कस्टम हायरिंग सेंटर के महत्व को बिस्तार से बताया बल्कि पिछले 38 सालो के प्रगतिशील किसान होने के व्यवाहरिक अनुभव को साझा करते हुए बतलाया की कृषि में तकनिकी व आधुनिक मशीनो के उपयोग से किसान अपना श्रम, समय तथा पैसे को कैसे बचा सकता उ।

न्होंने अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि गुजरात व अन्य विकसित राज्यों में किसान कम लागत में अधिकतम मूल्य प्राप्त कर रहे है। इस अवसर पर समस्तीपुर के प्रमुख चिकित्सक व प्रगतिशील किसान डॉॅ. फुलेंद्र भगत ने ऋढड को सक्रिय व सुगम रूप से चलाने के लिए लिए वित्तीय महत्ता तथा किसानो कि सक्रिय सहभागिता शेयर खरीद कर कैसे कि जाए इस पर विस्तार से प्रकाश डाला।

साथ ही स्वराज सिंह ने भी अपार खुशी जताते हुए खुद के साथ झ साथ दूसरे किसानो को भी ऋढड में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सस्ता दर पर खाद और बीज कि उपलब्धता तथा महंगे दर पर किसानों के उत्पादित सामान को बिक जाने से किसानों कि बहुत बड़ी समस्या का समाधान मिला। इस अवसर पर इफको के प्रतिनिधि घनश्याम राय ने उर्वरक का न केवल समुचित उपयोगिता बताया बल्कि सुरेश प्रसाद सिंह रामपुर समथु के खेत में उर्वरक का छिरकाव कर डेमोस्ट्रेशन दिया। इस अवसर पर बहुसंख्यक किसान जिसमे शंकर सिंह, मनोहर सिंह, अलोक सिंह, चंद्रोदय सिंह, राजेश सिंह, सुभाष सिंह, त्रिवेणी सिंह आदि मौजूद हुए।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए डॉ अम्बेडकर

संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
चंद्रकिशोर पासवान

बखरी ( बेगूसराय ) ' बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के परिनिर्माण दिवस पर शुक्रवार को उन्हें याद किया गया। इस दौरान विभिन्न संगठनों के लोगों ने सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं में उनके तैल्य चित्र पर माल्यार्पण किया। अम्बेडकर चौक स्थित उनके आदम कद प्रतिमा पर पूर्व डीएसपी रामचंद्र राम, सपा जिलाध्यक्ष दिलीप केशरी,आरएसएस के मनोरंजन वर्मा, कांग्रेस नेता केदार केशरी, गोशाला के सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा, अधिवक्ता गौरव कुमार, सुबोध राम, अशोक आर्य, अमरनाथ गोस्वामी आदि ने विचार व्यक्त करते हुए माल्यार्पण किया। सभी ने बाबा साहब के योगदान और उनके दृष्टिकोण को याद करते हुए उनके प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। समारोह के दौरान पत्रकार चंद्रकिशोर पासवान ने बाबा साहब के जीवन, उनके संघर्ष और उनके द्वारा किए गये सामाजिक परिवर्तन के कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का संघर्ष समाज के हर तबके के लिए प्रेरणास्त्रोत है और उनके द्वारा दिए गये संविधान ने भारत को लोकतंत्र और समानता की दिशा में एक मजबूत आधार प्रदान किया। सभी ने एकजुट होकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनके योगदान को ससम्मान याद किया। समारोह के अंत में सभी ने बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलने और समाज में समानता एवं न्याय की स्थापना करने का संकल्प लियाइस आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों में भी खासा उत्साह देखने को मिला और यह समारोह समरसता और भाईचारे का प्रतीक बन गया।

अम्बेडकर चौक स्थित उनके आदम कद प्रतिमा पर पूर्व डीएसपी रामचंद्र राम, सपा जिलाध्यक्ष दिलीप केशरी,आरएसएस के मनोरंजन वर्मा, कांग्रेस नेता केदार केशरी, गोशाला के सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा, अधिवक्ता गौरव कुमार, सुबोध राम, अशोक आर्य, अमरनाथ गोस्वामी आदि ने विचार व्यक्त करते हुए माल्यार्पण किया।

# प्रमंडलीय प्रभारी श्री रणविजय कुमार के उपस्थिति में तैयारी बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार सभी रूप रेखा हमलोग तैयार कर लिए है

वरिष्ठसंवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
शकील हैदर

सर्किट हाउस छपरा में प्रेस को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव सह सारण प्रमंडल संगठन प्रभारी रणविजय कुमार ने कहा कि दिनांक 8/12/2024 को समय 10.30 बजे स्थल रामजयपाल कॉलेज छपरा में पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम को हम सभी जनता दल यू परिवार के सहयोग से भव्य रूप में पूरा करेंगे ।सारण जिला जनता दल यू के सभी प्रखंडों के सभी पंचायतों से जेडीयू कार्यकताओं को सम्मिलित करने हेतू सभी साधन की व्यवस्था कर ली गई है ।इस कार्यक्रम में छपरा नगर निकाय के 45 वार्डो,20 प्रखंडों के सभी पंचायत के कार्यकारी एवं सभी बूथ कार्य कर्ता सभी उपस्थित रहेंगे ।प्रदेश उपाध्यक्ष बैधनाथ प्रसाद सिंह विकल ने कहा कि सारण जिला जनता दल यू के सभी प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष को निर्देश दे दिया गया है कि आप सभी अपने अपने प्रकोष्ठों के जिला कमिटी से लेकर पंचायत स्तर के कमिटी के सदस्यों के साथ उपस्थित रहेंगे।



जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने कहा कि इस कार्यक्रम में विशेष रूप से अति पिछड़ा अध्यक्ष अल्पसंख्यक अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्षा को निर्देश दिया गया। है कि आप अपने जिला कमिटी से पंचायत स्तर के सभी महिला कार्यकर्ता के साथ उपस्थित हो। जिला कमेटी के सभी साथी अपने साथ दस कार्यकर्ता को लायेंगे जयप्रकाश यादव,महेश सिंह,ओमरकश शर्मा,पशुपतिनाथ पटेल ,सुधाकर भारद्वाज, ई0 प्रभास शंकर,ब्रजेश कुमार ,सतीश शर्मा,चंदन श्रीवास्तव,आदि मौजूद थे

## जिला पदाधिकारी के द्वारा लोक शिकायत के 13 मामलों की सुनवाई करते हुए समाधान किया गया

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
शकील हैदर

बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम- 2015 का सफल क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता; सभी पदाधिकारी इसके लिए सजग, संवेदनशील तथा सक्रिय रहें: जिला पदाधिकारी

जिलाधिकारी, सारण अमन समीर के द्वारा आज कार्यालय कक्ष में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत द्वितीय अपील में शिकायतों की सुनवाई की गई और शिकायत का निवारण किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा आज लोक शिकायत के कुल 13 मामलों की सुनवाई की गई जिसमें 04 मामले में अंतिम रूप से आदेश पारित किया गया तथा शेष 09 मामले में पूर्ण प्रतिवेदन के साथ अगली तिथि पर लोक प्राधिकार को उपस्थित होने का निर्देश दिया गया।



जिला पदाधिकारी अमन समीर ने कहा कि लोक शिकायतों का ससमय तथा गुणवत्तापूर्ण निवारण अत्यावश्यक है। लोक प्राधिकारों को तत्परता प्रदर्शित करनी होगी। उन्होंने कहा कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 का सफल क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पदाधिकारी इसके लिए सजग, संवेदनशील तथा सक्रिय रहें।

# माता काली की वार्षिक पूजा में उमड़ी श्रृद्धालुओं की भीड़ कई दशकों से चली आ रही है सलाना पूजा की प्रथा

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**



नावकोठी/बेगूसराय/पुण्यसलिला बूढ़ी गंडक नदी के तट पर शिव स्वरूप विस्तृत वट वृक्ष की सौम्या छाया तथा निमार्णाधीन काली मंदिर के प्रांगण में पूर्वजों तथा मानवीय सद्गुणों के सिंधु धर्म अनुरागी स्वङ्ग मदन मोहन प्रसाद सिंह बड़े बाबू के द्वारा स्थापित वृहद पूजन उत्सव परंपरा अनुसार इस वर्ष भी मां काली की पूजा अनुष्ठान शुक्रवार को विधि विधान पूर्वक की गई।यह पूजा सैकड़ों साल पहले से आयोजित होती आ रही है। 15 ब्राह्मणों के द्वारा यह पूजन उत्सव किया गया।इस पूजा में आचार्य सुधीर झा के नेतृत्व में वार्षिक काली पूजा की गयी।काली पूजा के दौरान लगभग सवा लाख से अधिक पार्थिव महादेव की पूजा प्रतिवर्ष की जाती है जो इस वर्ष भी किया गया।पूजा के बाद सभी श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया जाता है।इस प्रसाद की खासियत यह है कि इस प्रसाद को बांध के पार यानी गांव में नहीं ले जाया जा सकता।जो भी प्रसाद बच जाता है उसे बूढ़ी गंडक नदी में प्रवाहित कर दिया जाता है।कालांतर में यह मंदिर वटवृक्ष के गोद में थी जो लगभग 5 एकड़ में फैली हुई थी।बाद में मंदिर का रूप दिया गया। कोषाध्यक्ष मनोज पाठक ने बताया कि इस मंदिर के निर्माण में अभी तक लगभग ?65 लाख से अधिक खर्च किया गया है।इस मंदिर को देखने और पूजा करने कोलकाता सहित अन्य राज्यों से भी श्रृद्धालु पहुंचते हैं।जिन की मान्यता पूरी हो जाती है वो यहां पूजा पाठ और बलि भी चढ़ाते हैं।काली मां की ख्याति बहुत दूर-दूर तक फैली हुई है,लेकिन राज्य सरकार के नजर में अभी तक नहीं आया है।पर्यटन की दृष्टिकोण से इस मंदिर पर ध्यान देने की जरूरत है। डॉ सचिन कुमार के द्वारा मां काली मंदिर को पांच सेट बड़ा टोपिया सहित बर्तन दिए गए। रामविलास के द्वारा 125 ब्राह्मणों को भोजन और दक्षिणा एवं हरिद्वार के पंडित ज्वाला महाराज के द्वारा एक चांदी का मुकुट और सोने का बड़ा नथ दान किया गया।इस अवसर पर 4:00 बजे से देर रात्रि तक जागरण का प्रोग्राम भी कराया गया।लगभग 1 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।वहीं मुखिया संघ के महासचिव,प्रखंड अध्यक्ष व नावकोठी के मुखिया राष्ट्रपति कुमार बिड्डू ने बताया कि सदियों पुराने एक महर्षि आए थे,जिन्होंने एक छोटा सा बरगद के पेड़ की स्थापित करते हुए मां काली मूर्ति स्थापित की थी।उसके बाद वही बट वृक्ष बढ़ते- बढ़ते मां के मंदिर का रूप ग्रहण कर लिया।वही डॉ विनय कुमार सिंह,डॉ केके सिंह,डॉ मीरा सिंह, डॉ रामकुमार सिंह, डॉ मारुति नंदन, डॉ जितेंद्र कुमार,डॉ प्रिय रंजन कुमार का सहयोग इस मंदिर को मिलता रहा है।इस अवसर पर अध्यक्ष सनोज कुमार,कुमोद सिंह,डा० अरविंद कुमार, रामविलाश सिंह अमीन, सरोज कुमार,धीरेन्द्र कुमार,कर्मशील गौतम, अरविंद झा,नीतिश जयसवाल,सुनील चौधरी,देवेंद्र दास सहित सैकड़ों कार्यकर्ता,ग्रामीण तथा दूर-दूर से आए श्रद्धालु मां काली की वार्षिक पूजा में भाग लिया।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए डॉ अम्बेडकर



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

बखरी ( बेगूसराय ) ' बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के परिनिर्माण दिवस पर शुक्रवार को उन्हें याद किया गया।इस दौरान विभिन्न संगठनों के लोगों ने सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं में उनके तैल्य चित्र पर माल्यार्पण किया। अम्बेडकर चौक स्थित उनके आदम कद प्रतिमा पर पूर्व डीएसपी रामचंद्र राम, सपा जिलाध्यक्ष दिलीप केशरी,आरएसएस के मनोरंजन वर्मा, कांग्रेस नेता केदार केशरी, गोशाला के सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा, अधिवक्ता गौरव कुमार, सुबोध राम, अशोक आर्य, अमरनाथ गोस्वामी आदि ने विचार व्यक्त करते हुए माल्यार्पण किया। सभी ने बाबा साहब के योगदान और उनके दृष्टिकोण को याद करते हुए उनके प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। समारोह के दौरान पत्रकार चंद्रकिशोर पासवान ने बाबा साहब के जीवन, उनके संघर्ष और उनके द्वारा किए गये सामाजिक परिवर्तन के कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का संघर्ष समाज के हर तबके के लिए प्रेरणास्त्रोत है और उनके द्वारा दिए गये संविधान ने भारत को लोकतंत्र और समानता की दिशा में एक मजबूत आधार प्रदान किया। सभी ने एकजुट होकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनके योगदान को ससम्मान याद किया। समारोह के अंत में सभी ने बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलने और समाज में समानता एवं न्याय की स्थापना करने का संकल्प लियाइस आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों में भी खासा उत्साह देखने को मिला और यह समारोह समरसता और भाईचारे का प्रतीक बन गया।

# कोचिंग संचालकों और सरकार के मिलीभगत का सुबूत है नॉर्मलाइजेशन: राजेश राठौड़

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

## बीपीएससी अभ्यर्थियों के साथ खड़ी है कांग्रेस, सरकार न करें मनमानी : राजेश राठौड़

पटना. शुक्रवार, 6 दिसंबर, 2024बिहार लोक सेवा आयोग के द्वारा आयोजित 70वीं प्रतियोगी परीक्षाओं के खिलाफ अभ्यर्थियों के प्रदर्शन पर उनके ऊपर किए गए पुलिसिया लाठीचार्ज की कांग्रेस ने कड़े शब्दों में निंदा करते हुए अभ्यर्थियों की मांगों का समर्थन करते हुए बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने कहा कि नॉर्मलाइजेशन के नाम पर परीक्षा के रिजल्ट को प्रभावित करने की राज्य सरकार की मंशा और कोचिंग संचालकों के साथ उनकी मिलीभगत खुलेआम हो चुकी है।बिहार कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि एक परीक्षा, एक पेपर, एक शिफ्ट और एक दिन में ही ये परीक्षा हो और नॉर्मलाइजेशन को हटाया जाएं। उन्होंने कहा कि अंतिम दिनों में आयोग के सर्वर की गलती के कारण 80 से 90 हजार लोग आखिरी 2 दिन फॉर्म भरने से चूक गए इसलिए उनको भी मौका मिलना चाहिए। साथ ही आयोग जो भी निर्णय ले रहा है वो सार्वजनिक करें, न कि परीक्षा के बीच में गुपचुप तरीके से नियम बनाने लगे या मौन रहे। इससे आम परीक्षार्थियों के मन में लगातार शंका बनी रहेगी और छात्रों का परीक्षा प्रणाली से भरोसा टूट जाएगा। इस बार 70वीं बीपीएससी में एसडीएम और डीएसपी की सबसे ज्यादा रिक्तियां हैं इसलिए परीक्षा कदाचार मुक्त हो जिससे कि अभ्यर्थियों के मेहनत और भविष्य के साथ खिलवाड़ न हो। आखिरी दिनों में छात्रों को जिस तरीके से मानसिक तौर पर प्रताड़ित किया जा रहा है और लगन के बीच में 13 तारीख को परीक्षा कराने की हड़बड़ी दिखाई जा रही है उसमें बाहर रहकर तैयारी करने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा से वंचित करने की साजिश प्रतीत होती है क्योंकि लगन का वक्त चल रहा है और ट्रेन में पहले से स्लीपर कोच की संख्या घटा चुकी सरकार आम परीक्षार्थियों को बिहार आने के लिए कोई सुविधा भी नहीं देना चाहती है ।

# बाईक की ठोकर से महिला की मौत, नाराज लोगों ने किया सड़क जाम



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के डॉ शालिग्राम मिश्र कॉलेज के समीप ऑटो ने बाईक वाले को दिया चकमा, बाईक सवार ने गाड़ी पर अपना संतुलन खो दिया और एक महिला को ठोकर मार दी। जिससे महिला की मौके पर मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक महिला अपने मायके से अपने ससुराल घोषरामा जा रही थी, इसी दरमियान यह घटना घटित हो गई। मृतिका महिला की पहचान घोषरामा निवासी प्रभु महतो के 47 वर्षीय पत्नी फूल कुमारी देवी के रूप में हुई है। इधर नाराज ग्रामीणों ने दरभंगा - समस्तीपुर मुख्य सड़क को करीब 1 घंटे तक जाम कर दिया। वही मौके पर पहुंचे कल्याणपुर थाने के पुलिस व स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि अरुण प्रसाद बाबा व अन्य बुद्धिजीवी लोगों के काफी समझाने बुझाने के बाद जाम को हटाया गया। पुलिस ने शव को जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया है। आपदा से मिलने वाली तत्काल 20 हजार रुपया स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि अरुण प्रसाद बाबा के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी से बात कर परिजन को सौंप दिया गया।

# लीची बागान में मिला एक व्यक्ति की लाश, हत्या या आत्म हत्या जांच का विषय, आक्रोशित लोगों ने घंटो किया सड़क जाम

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**



समस्तीपुर। जिले के वारिसनगर थाना क्षेत्र के रामपुर कुसैया में एक युवक की मौत होने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान रामपुर कुसैया वार्ड संख्या 08 निवासी स्व वासुदेव सहनी का 45 वर्षीय पुत्र मनोज सहनी के रूप में हुई है। सूत्रों ने बताया कि मनोज सहनी का अपनी पत्नी से दो दिन पूर्व झगड़ा हुआ था और पत्नी से नाराज होकर घर से निकला हुआ था। इधर परिजन उसे खोजबीन कर ही रहे थे कि शुक्रवार की सुबह कुसैया मोड़ स्थित लीची बागान में ग्रामीणों ने उसका शव पड़ा देखा और शोर मचाया। शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्रित हो गये और देखते ही देखते काफी भीड़ लग गई। लोगों के द्वारा मनोज सहनी के रूप में पहचान की गई। शव देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि किसी ने इसकी हत्या कर दी है या उन्होंने खुद आत्म हत्या कर ली है। मृतक के गले पर फांसी लगने का निशान भी है। इधर जानकारी मिलने पर वारिसनगर थाना के थाना अध्यक्ष निरंजन कुमार अपनी टीम से साथ मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया। उन्होंने बताया कि यह हत्या है या आत्म हत्या पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद खुलासा हो जाएगा। इधर पोस्टमार्टम के पश्चात आक्रोशित लोगों ने शव के साथ कुसैया चौक के पास घंटो जाम कर दिया और हत्यारे की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। जाम के कारण सड़क के दोनो ओर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। वही सड़क जाम होने की जानकारी मिलने पर थाना अध्यक्ष निरंजन कुमार ने एस आई रविकांत कुमार रवि को जाम स्थल भेजा। एसआई ने जो भी इस मामले में दोषी होगा उस पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई को जाएगी। उन्होंने जमाकर्ता को समझा बुझाकर जाम समाप्त कराया उसके बाद यातायात बहाल हुआ।

# सुपुर्द ए खाक हुए हजरत मौलाना ईशा



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** जिले के हसनपुर जामा मस्जिद सिरसिया के पूर्व इमाम हजरत मौलाना ईशा बुधवार की देर रात को इंतकाल हो गया। नम आंखों के बीच परिजनों सहित हजारों लोगों ने मरहूम हजरत मौलाना ईशा को सिरसिया कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक कर दुआ ए मगफिरत की। नमाज ए जनाजा उनके पुत्र मौलाना सनाउल्लाह नदवी ने अदा कराई। इस दौरान इस क्षेत्र की तमाम सामाजिक और राजनीतिक एवं मौजिज शख्सियत शामिल रही। मरहूम हजरत मौलाना ईशा पिछले कई दशकों से दीन व हदीस की खिदमत को अंजाम दे रहे थे, मरहूम हजरत मौलाना ईशा कुरान ए पाक की तफसीर ( व्याख्या ) क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदों में किया करते थे। हजरत मौलाना ईशा की अंतिम शवयात्रा के दौरान मो शाहिद उर्फ डब्लू, अनवर इकबाल, मो मुन्ना, हाजी सैफुल्लाह, मो नेमत आदि शामिल थे।

# सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन हेतु फोकल शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**




सिंघिया ( समस्तीपुर )। मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के तहत सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम गतिविधियों के बेहतर क्रियान्वयन हेतु जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रा० शि० एवं सर्व शिक्षा अभियान समस्तीपुर के निदेशानुसार शुक्रवार को सिंघिया प्रखंड के बीआरसी भवन के सभागार में सभी फोकल शिक्षकों का प्रशिक्षण / कार्यशाला का आयोग किया गया, कार्यशाला का उदघाटन दीप प्रज्जवलित कर बीपीएम सिंघिया, बीआरपी शिक्षा विभाग एवं राजकियकृत म०वि० के प्रधानाध्यापक और मनोज कुमार जिला प्रशिक्षक ने संयूक्त रूप से किए। प्रशिक्षक द्वारा शिक्षकों को सुरक्षित शनिवार गतिविधियों के बेहतर क्रियान्वयन नियत समय पर ई शिक्षाकोष के पार्टल पर प्रविष्ट अपलोड करना, विद्यालय आपदा प्रबंधन योजना एवं विद्यालय आपदा प्रबंधन समिति की समिक्षा अपडेट करना तथा बढ़ते सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम हेतु विद्यालय के पोषक क्षेत्रों में जागरूकता प्रचार - प्रसार कराना आदि महत्पूर्ण जानकारी दी गई। यह प्रशिक्षण के आयोजन एवं मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन हेतु जिला शिक्षा विभाग ने मो गुलाम कादिर जिला रिसोर्स पर्सन आपदा प्रबंधन समस्तीपुर को जिम्मेवारी सौपी है और प्रत्येक शनिवार को जिले के सभी प्रा०वि० / मध्य विद्यालय / उच्च विद्यालय एवं उच्चस्तर माध्यमिक वि० में उक्त गतिविधियों का निरक्षण भी जिला रिसोर्स पर्सन करेंगे।

# ट्रेड यूनियन के लीडर एस के निराला की बीमार माता को देखने पहुंचे विधायक व अन्य



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** रेलवे ट्रेड यूनियन नेता एस के निराला की मां सुदामा देवी विगत कई दिनों से बीमार हैं तथा रेलवे अस्पताल समस्तीपुर में इलाजरत है। उन्हें पक्षाघात ( लकवा ) हुआ है। गुरुवार को देर शाम स्थानीय विधायक सह बिहार विधान सभा के मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन रेलवे अस्पताल पहुंचकर उनसे मुलाकात किया तथा उनका कुशल - क्षेम जाना व जल्द स्वस्थ्य होने की कामना किया। मौके पर जिला राजद प्रवक्ता सह स्थानीय विधायक के प्रेस प्रतिनिधि राकेश कुमार ठाकुर, जिला महासचिव राकेश यादव, रेलवे ट्रेड यूनियन नेता एस के निराला, जिला महासचिव मो परवेज आलम, मन्नू पासवान, राजद संतोष कुमार यादव, ज्योतिष महतो आदि मौजूद थे।

# बाइक दुर्घटना में एक की मौत दो की स्थिति चिंताजनक

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

नावकोठी/बेगूसराय/थाना क्षेत्र अंतर्गत रफ्तार का जाकर कमरे का नाम नहीं ले रहा है।सड़क दुर्घटना में एक बाइक चालक की मौत हो गई। जबकि उस पर सवार दो अन्य युवक बुरी तरह जख्मी हो गया।दोनों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार डफरपुर पंचायत के छतौना अब्बुपुर निवासी 25 वर्षीय सुंदरबन कुमार पिता उमाशंकर महतो,रौशन कुमार पिता राम प्रकाश महतो एवं दीपक कुमार पिता लालो ठाकुर तीनों छतौना निवासी गुरुवार की देर रात्रि चेरिया बरियारपुर से शादी समारोह से बाइक के द्वारा घर लौट रहा था।पहसारा नावकोठी मुख्य पथ महेशवाड़ा में विनय सिंह घर के नजदीक तीखा मोड़ पर एक अज्ञात चार पहिया वाहन टक्कर मार कर फरार हो गया।इसमें बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रुप से जख्मी हो गया। शीघ्रतापूर्वक लोगों ने तीनों को बेगूसराय अस्पताल ले गया। ईलाज के दौरान सुंदरबन कुमार की मौत हो गई। जबकि रौशन का ईलाज बेगूसराय के निजी क्लीनिक में किया जा रहा है।वहीं दीपक की गंभीर स्थिति को देखते हुए पटना रेफर कर दिया।विदित हो कि 24 घंटा पहले भी इससे थोड़ी दूर इसी सड़क पर बाइक दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई थी।इस घटना के बाद गांव में मातमी सन्नाटा छा गया है।स्वजनों में चीख पुकार होने लगी।मृतक दो भाइयों में बड़ा था। छोटे भाई का नाम कमल कुमार है। तीन वर्ष पहले चक्का गांव में मृतक की शादी हुई थी। पत्नी का नाम रितु कुमारी है। डेढ़ वर्ष का आलोक राज नाम का एक पुत्र है। वह ग्रेजुएट कर बखरी घाघरा के निकट मोटरसाइकिल गैरेज खोलकर परिवार का भरण पोषण करता था।माता रंजू देवी,पिता, पत्नी सहित स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। लोग परिवार जनों को ढांढ़स बंधा रहे थे।मौके पर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार,एस आई विश्वजीत कुमार लाश को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल बेगूसराय भेज दिया।

# नाबालिग लड़की ने की आत्महत्या

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

नावकोठी/बेगूसराय/थाना क्षेत्र अंतर्गत विष्णुपुर पंचायत के सैदपुर ग्राम से एक आत्महत्या का मामला प्रकाश में आया है।बहन के साथ बकझक होने के कारण एक 15 वर्षीय नबालिक लड़की फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।घटना सैदपुर वार्ड नंबर आठ की है।वह अपने घर के कमरे में पंखा में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।बड़ी बहन कोचिंग से लौट कर आई तो किवार बंद पाई। खोलने का प्रयास किया लेकिन नहीं खुली।लोगों के सहारे से किवार खोलवाया तो पंखे से लटकी बहन की लाश मिली।मौके पर थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार, एस आई अनिल रजक घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय भेज दिया।वहीं घटनास्थल पर एफ एस एल की टीम पहुंचकर मौत के कारणों का पता लगा रही है।जानकारी के अनुसार मृतका लड़की के पिता महेंद्र सहनी और माता दिल्ली में रहकर मजदूरी करते हैं।घर में सिर्फ दो बहनें रहती थी। बड़ी बहन कोचिंग पढ़ने जाने के वक्त अपने छोटी बहन से घर में झाड़ू लगाने को कही थी। इस बात पर दोनों के बीच में बकझक हो गया।वह कोचिंग चली गई।इधर सुना पाकर फांसी लगा ली।घटना की जानकारी दिल्ली में परिजनों को दी गई है।

# 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में चयनित हुई करिश्मा कुमारी

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

नावकोठी/बेगूसराय/प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बीपीएस पब्लिक स्कूल नावकोठी के प्राचार्य डा० अरविन्द कुमार ने 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2024 में चयनित बाल वैज्ञानिक,उनके माता-पिता,गाइड शिक्षकों और जिला समन्वयक हर्षवर्धन सिंह को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।विदित हो कि 31वीं बाल विज्ञान कांग्रेस में नेशनल स्तर पर पहुंच कर बीपीएस पब्लिक स्कूल नावकोठी के बाल वैज्ञानिक ने फिर से परचम लहराया है।बीपीएस परिवार को ऐसे होनहार बाल वैज्ञानिकों पर गर्व है।विदित हो कि 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में नेशनल स्तर पर बीपीएस पब्लिक स्कूल नावकोठी के करिश्मा कुमारी चयनित हुई।गाइड शिक्षक सुदामा कु.प्रसाद के निर्देशन में बाल वैज्ञानिक ने तुलसीःअनु प्रयोगात्मक परीक्षण एवं वैज्ञानिक विश्लेषण परियोजना पर प्रोजेक्ट तैयार कर सफल प्रदर्शन किया था।बाल वैज्ञानिकों ने बताया कि प्राचीन काल से ही तुलसी का सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व है।तुलसी औषधीय महत्व को प्रतिपादित करती है।अतः तुलसी का आम जीवन में औषधीय महत्व दिलाने के लिए इसकी वैज्ञानिकता का नवाचारी प्रयोग और इसका प्रचार- प्रसार आवश्यक है। विदित हो की 3 जनवरी से 6 जनवरी तक भोपाल में अंतरराष्ट्रीय स्तर के बाल वैज्ञानिक बाल विज्ञान कांग्रेस में शामिल होंगे।बधाई देने वालों में जिला मुखिया संघ के महासचिव,प्रखंड अध्यक्ष व नावकोठी के मुखिया राष्ट्रपति कुमार बिड्डू,उप प्राचार्य सुशील कुमार सिंह,शिक्षक अमरेश कुमार,शिक्षिका तृप्ति कुमारी,मनोज पाठक आदि शामिल हैं।

# नहीं रहे महाराजगंज मार्क्सवादी कम्युनिस्ट कमिटी के पूर्व जिला सचिव ।

**संवाददाता**
**मोहम्मद आरीफ**

सिवान महाराजगंज 6 दिसंबर शुक्रवार। महाराजगंज कम्युनिस्ट मार्क्सवादी के लोकल कमिटी के पूर्व अध्यक्ष व समाजवादी नेता कामरेड जनार्दन राम आज संध्या पांच बजे वे अपने आवास पर अंतिम सांस ली। बता दे की कामरेड जनार्दन राम भारतीय कम्युनिस्ट मार्क्सवादी पार्टी से वे 1968 से जुड़े थे। सिवान जिला इंकलाबी नौजवान सभा अध्यक्ष श्री जय शंकर जी ने बताया की कामरेड जनार्दन राम की कमी की भरपाई कभी नहीं की जा सकती है। पार्टी के सच्चे सिपाही और जुझारू नेता थे। इनके निधन से पार्टी को गहरा क्षति हुई है।पार्टी में इनकी कमी हमेशा महसूस की जाएगी। इनके निधन से सिवान जिला कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी कमिटी ने एक शोक सभा का आयोजन कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की दिवंगत कामरेड अमर रहे लाल सलाम जिंदाबाद।

# अपराध नियंत्रण और अवैध शराब को लेकर बीडीओ,सीओ और थानाध्यक्ष ने की बैठक



**वरिष्ठसंवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और अवैध शराब पर रोक लगाने को बीडीओ पंकज कुमार,सीओ सुमंत कुमार और थानाध्यक्ष अजय कुमार की मौजूदगी में विभिन्न मुद्दों पर समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। सीओ सुमंत कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था व अपराध नियंत्रण को लेकर जिला से मिलें निदेर्शों का शत प्रतिशत अनुपालन करानें पर सहमति बनी। इसके लिए थाना स्तर पर जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित करने व उपद्रवी तत्वों को चिन्हित कर कार्रवाई करने पर सहमति बनी। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने कहा कि थाना क्षेत्रों में भूमी विवादों के बढ़ते समस्या को लेकर शनिवार के जनता दरबार में सीओ की मौजूदगी में दोनों पक्षों को सुनकर त्वरित समाधान की सहमति बनी। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने कहा कि अफवाह फैलाने वाले व असामाजिक तत्वों की पहचान कर निरोधात्मक एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं जातीय व साम्प्रदायिक घटनाओं में व्यक्तिगत व सरकारी संपत्ति की क्षति की स्थिति में कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं धार्मिक, आर्थिक, सामाजिक, कृषि, बाढ़, आपदा, छात्र आंदोलन के अलावा अन्य आयोजन, बैठक व जुलूस का वार्षिक कैलेंडर तैयार करने पर सहमति बनी ताकि घटना के पूर्व इससे निपटने के लिए सभी तरह की सर्तकतामूलक निरोधात्मक एवं प्रशासनिक कार्रवाई की जा सकें। वहीं बीडीओ पंकज कुमार आम लोगों से मीडिया के माध्यम से अपील किया कि प्रखंड क्षेत्र में किसी तरह की ऐसी सूचना जिससे क्षेत्र का माहौल बिगड़ता हो उसकी ससमय थाना पुलिस को जरूर दें और यदि आपके आस पड़ोस शराब का निर्माण, भंडारण और बिक्री की जा रही है उसकी भी सूचना दे आपकी पहचान गोपनीय रखते हुए कानूनी कार्रवाई की जाएंगी।

# 30 दिसंबर तक मुख्यमंत्री के कल्याणपुर आने की है



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

कल्याणपुर (समस्तीपुर)। 30 दिसंबर तक बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कल्याणपुर आने की संभावना है, हालांकि समय का अभी तक निर्धारण नहीं हो पाया है।बिहार की सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी ने फोन पर वार्ता के दौरान शुक्रवार को बताया कि मुख्यमंत्री 30 दिसंबर तक कल्याणपुर आ सकते हैं। मुख्यमंत्री का यह कार्यक्रम महिला जन संवाद कार्यक्रम अभियान के तहत होने की संभावना है। मुख्यमंत्री सरकार की विभिन्न योजनाओं को लेकर महिलाओं से जन संवाद करेंगे साथ ही मुक्तापुर एवं वासुदेवपुर के विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण कर कई योजनाओं का उदघाटन एवं शिलान्यास करेंगे।

# हुजूर नाला का पानी सड़क पर है जनता देती है गाली, कहते हुए भावुक हो गई वार्ड पार्षद नाजिश प्रवीण



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** दलसिंहसराय के नगर परिषद की सामान्य बैठक सभापति आभा सुरेका की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन कार्यपालक पदाधिकारी अभिसार कुमार ने की। बैठक में वार्ड पार्षदों ने अपने अपने वार्डो से जुड़ी समस्या नल जल योजना, सफाई, सड़क, नाला, लाइट और जल जमाव से अवगत कराते हुए उसके निदान करने की बात की। इस दौरान वार्ड संख्या 9 की वार्ड पार्षद नाजिश प्रवीण ने अपनी वार्ड की समस्याओं से सदन को अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने मस्जिद के पास 50 मीटर तक सड़क पर कई वर्षों से जल जमाव की समस्या को जल्द से जल्द दूर करने की बात करते हुए बोली हुजूर हर बार समस्या जल्द से जल्द निदान करने की बात कर हमें ठगने का कार्य किया जा रहा है। वार्ड की जनता हमें गाली देती है। मैं भी अपने पति की तरह डिप्रेशन में चली जाऊंगी कहते हुए भावुक हो गई। इस पर कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि वहां पर नला निर्माण को लेकर प्रक्रिया टेंडर में है। सब कुछ ठीक रहा तो जनवरी माह में नाला निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। वार्ड पार्षद सुशील सुरेका ने योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं वार्ड पार्षद गजेंद्र सिंह, पवन कुमार, वीरेंद्र झा, संजय पासवान, पंकज कुमार, विजय चौधरी, रोहित कुमार, बलराम पंडित ने नलजल योजना की कार्य में देरी के साथ नाले की उड़ाही कराने की मांग रखा। ईओ अभिसार कुमार और उप सभापति सुजाता चौधरी ने नाला उड़ाही को लेकर रोस्टर बनाकर उड़ाही कराने की बात कही। बैठक में विधायक प्रतिनिधि राज दीपक के साथ वार्ड पार्षद रिंकू देवी, रूपा कुमारी, इशरत जहां, मो इमरान शकील के साथ वरीय लिपिक सुमन प्रसाद, अनुज कुमार, पवन कुमार, सनोज कुमार आदि उपस्थित थे।

# चकमेंहसी समस्तीपुर में 25 दिनों से पानी की सप्लाई बंद: बंजारा समाज का फूटा गुस्सा, कहा- करेंगे आंदोलन

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**

समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर प्रखंड के चकमेसी पंचायत के वार्ड नंबर 03 में 25 दिनों से नल जल योजना से जलापूर्ति बंद है ।सर्दी के इस मौसम में लोग पानी के लिए परेशान हैं। पानी की सप्लाई बंद होने से नाराज लोगों ने शुक्रवार बंजारा समाज विकास अभियान रजिस्टर्ड के बैनर खुर्शीद के नेतृत्व में प्रतिरोध मार्च निकाला ।जलापूर्ति नहीं होने पर करेंगे आंदोलन

प्रतिरोध मार्च प्रखंड के विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए म प्रखंड के पास समस्तीपुर मुख्य मार्ग पर सभा में तब्दील हो गयी।

सभा की अध्यक्षता युवा नेता नजूल इस्लाम ने की। जबकि सभा को संबोधित करते हुए बंजारा समाज विकास अभियां के जिला संयोजक मास्टर नजीर ने कहा कि सर्दी के मौसम में में भी नल जल योजना से जलापूर्ति बंद होना प्रशासन की उदासीनता साफ झलकता है। यदि 24 घंटे के अंदर प्रशासन के द्वारा हर घर जलापूर्ति नहीं किया जाता है तो संगठन बंद जलापूर्ति को चालू कराने के लिए चरणबद्ध




आंदोलन चलाएगी। जिसकी सारी जबावदेही प्रशासन की होगी।

बताते चले चकमासी पंचायत के वार्ड नंबर तीन में बरसों से अनुरक्षण पद पर रह रहे जगन्नाथ के खाते में सरकार की तरफ से पैसा ना आने की वजह से जगन्नाथ अब निराश हो चुका है जगन्नाथ ने बताया कि हमें अनुरक्षण पद पर रहते हुए नल जल ठीक-ठाक चल रहा था लेकिन इस वार्ड के वार्ड सदस्य पति मोहम्मद जाकिर की मुंह जोड़ी और दबंगई की वजह से लोगों को वक्त पर पानी नहीं पहुंच पाता है और किसी का भी ध्यान नल जल भवन पर नहीं जाता दूसरी तरफ अधिकारी का कहना है की सरकार की तरफ से अनुरक्षण के खाते में पैसे भेजा जा रहा है ऐसे में सरकार और अनुरक्षण वार्ड सदस्य की मनमानी से आम पब्लिक कितना परेशान रहता है यह किलोमीटर की दूरी से पीने का पानी लाकर अपनी जिंदगी गुजार प्रसार करता है

ये रहे मौजूदसभा को संबोधित करने वालों में मोहम्मद खुर्शीद नजरुल इस्लाम मोहम्मद सफेद समेत कई अन्य नेता कार्यकर्ता ने संबोधित किया।

# सिवान में बिहार गृह रक्षा वाहिनी का 78 वा स्थापना दिवस मनाया गया

संवाददाता
मोहम्मद आरीफ

सिवान 6 दिसम्बर शुक्रवार। सिवान में बिहार गृह रक्षा वाहिनी सह होमगार्ड का 78 वा स्थापना दिवस होमगार्ड निरीक्षक पवन कुमार मिश्र और होम गार्ड के जवानों ने झंडा फहरा कर झंडे को सलामी दी। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पवन कुमार मिश्र ने बताया की यह होम गार्ड के जवानों का गौरव का पल है की गृह रक्षा वाहिनी संगठन के सदस्यों अल्प संसाधनों का उपयोग करते हुए विधि व्यवस्था संधारण, सामाजिक सदभाव कायम रखने में पुलिस बल के साथ कंधे से कंधे मिला कर कार्य कर रही है। इसके साथ ही अग्निसमन और बाढ़ जैसे प्राकृतिक आपदा प्रबंधन के कर्तव्यों को पूरा करते है। चुनाव कार्य के समय भी गृहरक्षा वाहिनी के जवानों ने शांतीपूर्ण और स्वक्ष मतदान करने में गृहरक्षा वाहिनी ने अपनी कार्यों को ईमानदारी और सराहनीय तरीके से कार्य किया है। पिछले एक साल के दौरान अपनी ड्यूटी की जिम्मेदारी निभाते हुए शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। स्थापना दिवस पर गृह रक्षा वाहिनी के जवानों ने त्याग और बलिदान के लेकर भी शपथ एक



साथ ली। राष्ट्र के लिए अपने आप को समर्पित बताया।

# सावंत पंचायत बनेगा आदर्श पंचायत

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

छौड़ाही (बेगूसराय ) ' शुक्रवार को छौड़ाही प्रखंड के सावंत ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में बिहार सरकार पंचायती राज्य विभाग,प्राण एवं प्रदान संस्था द्वारा (वित्तीय सहायता इंडसइड बैंक लीङ्ग) ग्राम पंचायत विकास योजना 25-26 के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया ।प्रशिक्षण में मुख्यतः का गठन एवं उनकी भूमिका ०जिम्मेदारियों के बारे में चर्चा किया गया ' ग्राम पंचायत विकास योजना बनाने की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत चर्चा एवं परिचर्चा कर प्रशिक्षण दिया गया ' पंचायत के 09 सतत विकास लक्ष्यों में से दो मुख्य लक्ष्यों जिसमें 1. गरीबी मुक्त और बेहतर अजीविका वाला गाँव 2. महिला अनुकूल गाँव, विषयों का चयन भी किया गया

इस प्रशिक्षण में पंचायत की मुखिया श्रीमती काजल कुमारी, प्राण संस्था से विकास कुमार विमल (प्रखंड समन्वयक), प्रदान संस्था के कुमार कृष्ण मोहन एवं अन्य जन प्रतिनिधि तथा ग्राम संगठन की सक्रिय महिला,सहित दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

**छौड़ाही (बेगूसराय ) ' शुक्रवार को छौड़ाही प्रखंड के सावंत ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में बिहार सरकार पंचायती राज्य विभाग,प्राण एवं प्रदान संस्था द्वारा (वित्तीय सहायता इंडसइंड बैंक लीङ्ग)**

# समस्तीपुर : स्पेशल सवारी ट्रेनों को नियमित नंबर से चलाने का प्रस्ताव.

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**

दिसम्बर 6, 2024समस्तीपुर . अन्य रेल जोन के तर्ज पर जल्द ही पूर्व मध्य रेलवे में भी स्पेशल संख्या के साथ चलने वाली सवारी ट्रेन नियमित संख्या के साथ चलायी जा सकती है. जहां कुछ रेल मंडलों ने पहली जनवरी से इसे प्रभावित किया है. वहीं रेलवे में भी इसको लेकर प्रस्ताव को लेकर चर्चा है.नये साल में यात्रियों के लिए नया बदलाव हो सकता है. बताते चलें कि करोना काल में सवारी ट्रेनों का स्टेटस बदलकर स्पेशल दर्जा दिया गया था. इसके बाद करोना काल खत्म होने के बाद सीमित संख्या में दर्जा वापस लेते हुए रेलवे ने ट्रेनों में नंबर बदलाव किया था. 0 को हटाकर नियमित रूप से कई ट्रेन चलाई थी. वहीं कुछ रूट में कई ट्रेन अभी भी स्पेशल संख्या के साथ परिचालित की जा रही है.जिसमें यह बदलाव देखने को मिल सकता है. समस्तीपुर से रवाना होने वाली 05221 सहरसा समस्तीपुर, 05222 पूर्णिया सहरसा, 05243/44 समस्तीपुर सहरसा समस्तीपुर, 05589/90 समस्तीपुर दरभंगा समस्तीपुर, 05594 जयनगर समस्तीपुर, 05595 समस्तीपुर मुजफ्फरपुर, 05596 मुजफ्फरपुर समस्तीपुर, 05511 समस्तीपुर सोनपुर, 05512 सोनपुर समस्तीपुर 052 3334 समस्तीपुर, बरौनी के अलावा कई सवारी ट्रेन दरभंगा, मुजफ्फरपुर, रक्सौल, सहरसा से स्पेशल बनाकर परिचालित की जाती है.

# समस्तीपुर में ऑटो पलटने से तीन सवार जख्मी, इलाज जारी.

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**



**मोहम्मद जुबैर**कल्याणपुर . स्थानीय थाना क्षेत्र के समस्तीपुर-दरभंगा मुख्य मार्ग के बरहेता चौक के समीप एक ऑटो अनियंत्रित हो कर पलट गई. इसमें आटो सवार तीन आटो रिक्शा सवार तीन लोग घायल हो गये.घायल की पहचान जितबरिया गांव केअनिरुद्ध गिरी, लदौड़ा मंगल गिरी व रामपुरा के नरसिंह गिरी के रूप में हुई है. सभी का इलाज कल्याणपुर सीएचसी में जारी है. दूसरी ओर थाना क्षेत्र के समस्तीपुर-दरभंगा मुख्य मार्ग के बघमारा पुल के समीप एक तेज रफ्तार बाइक सवार सड़क किनारे अनियंत्रित होकर पलट गयी.इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया है. जिसे स्थानीय थाने के 112 टीम के द्वारा इलाज के लिए सीएचसी में लाया गया है. घायल की पहचान रामभद्रपुर गांव के 37 वर्षीय यशवंत कुमार राय के रूप में हुई है. इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा वीके ठाकुर ने बताया कि बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर कर दिया गया है




# महादेवपट्टी गांव में ढाई लाख की चोरी,अज्ञात चोरों ने घर में सेंधमारी कर दिया घटना का अंजाम

## बार - बार हो रही चोरी की घटना से लोगों में दहशत

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो.अबु बकर सिद्दीकी**

मधुबनी जिला के हरलाखी थाना क्षेत्र के महादेवपट्टी गांव में अज्ञात चोरों ने चार घरों में चोरी की प्रयास किया. हालांकि दो घरों में ही सफल हो पाया. जबकि दो घरों में चोरी की प्रयास असफल रहा. प्राप्त जानकारी के अनुसार चोरों ने सबसे पहले भोगी राम के घर मे सेंधमारी कर बक्सा पेटी को बाहर निकाल कर उसमें रखे गहने जेबरात व नगद रुपये निकालकर बक्से को बाहर फेंक दिया. उसके बाद कृष्णदेव यादव की घर का खिड़की तोड़कर घटना का अंजाम दिया. जबकि भोला यादव व राजेन्द्र यादव के घर चोरी का प्रयास



असफल रहा. पीड़ित गृहस्वामि ने कहा कि करीब ढाई लाख की चोरी कर ली गयी है. वहीं सूचना मिलते ही थाने की पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल किया. इधर महादेवपट्टी गांव में बार-बार हो रही चोरी की घटना से लोगों में दहशत का माहौल कायम हो गया है.

स्थानीय समाजसेवी शिवचंद्र यादव ने कहा कि थाना से महज डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर बार- बार चोरी की घटना होना प्रशासन की सुस्त रवैया को दशार्ता है. कोई भी घटना के बाद ही प्रशासन पहुंचती है. स्थानीय थाने की पुलिस को रात्रि में विशेष गस्ती अभियान चलाना चाहिए. तांकि क्षेत्र में हो रही इस प्रकार की घटना पर अंकुश लग सके. इस संबंध में थानाध्यक्ष जितेन्द्र सहनी ने कहा कि पुलिस घटना की जांच कर रही है.

## 35 हजार का इनामी बदमाश सहित दो गिरफ्तार



**रक्सौल।** में 35 हजार का इनामी अपराधी अमीर सहनी के साथ एक अन्य को रक्सौल पुलिस ने एक स्कार्पियो के साथ भारी मात्रा में शराब के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों नेपाल से स्कार्पियो में शराब को लोड कर भारत में ला रहे थे। जिसकी सूचना जब रक्सौल पुलिस को लगी तो इंस्पेक्टर राजीव नंदन सिन्हा के नेतृत्व में छापेमारी कर 72 पेटी नेपाली कस्तूरी शराब को जब्त किया गया। प्रत्येक पेटी में 30 पीस 300 एमएल शराब रखी हुई थी। पुलिस ने इस कार्रवाई में कुल 648 लीटर देशी कस्तूरी नेपाली शराब को बरामद किया है। वही एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि अपराधी आमिर सहनी पर पहले से ही 35 हजार का इनाम रखा गया था। गिरफ्तार तस्करों की पहचान रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर निवासी मोहन सहनी के पुत्र अमीर सहनी और पश्चिम चंपारण के मझौलिया थाना क्षेत्र के जौकटिया निवासी बागड़ सहनी के पुत्र देवनन्द कुमार के रूप में की गई है। यहां बता दे कि भारत-नेपाल की खुली सीमा का लाभ उठाकर शराब तस्कर शराब की तस्करी करते है। इस बार शराब तस्करी में एक इनामी अपराधी के पकड़े जाना पुलिस की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

# डीएम ने जनता दरबार में लोगों की फायदे सोनी



**मो.सदरे आलम नोमानी**

**सीतामढ़ी:** जिलाधिकारी सीतामढ़ी,रिची पाण्डेय ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार कार्यक्रम में परिवादियों से मिलकर उनके समस्याओं को सुना। जिलाधिकारी द्वारा बारी-बारी से सभी परिवादियों से मुलाकात की गई एवं उनके समस्याओं को सुना गया। अधिकांश मामले अतिक्रमण, भूमि विवाद, आपसी विवाद,सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य,सड़क,विद्युत,पी एच ई डी एवं अन्य विभागों से संबंधित थे। जनता दरबार कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त जन शिकायतों के निष्पादन की दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना सुनिश्चित करें।इसमें किसी भी तरह की कोताही स्वीकार्य नहीं होगी। आज जिला पदाधिकारी सीतामढ़ी श्री रिची पाण्डेय के द्वारा लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपीलीय प्राधिकार की सुनवाई की गई।कुल 14 मामले की सुनवाई की गई जिसके विरुद्ध 4 मामले पर आदेश किए गए।

## संक्षिप्त डायरी

### नहीं रहे महाराजगंज मार्क्सवादी कम्युनिस्ट कमिटी के पूर्व जिला सचिव

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद आरीफ**

सिवान महाराजगंज 6 दिसंबर शुक्रवार। महाराजगंज कम्युनिस्ट मार्क्सवादी के लोकल कमिटी के पूर्व अध्यक्ष व समाजवादी नेता कामरेड जनार्दन राम आज संध्या पांच बजे वे अपने आवास पर अंतिम सांस ली। बता दे की कामरेड जनार्दन राम भारतीय कम्युनिस्ट मार्क्सवादी पार्टी से वे 1968 से जुड़े थे। सिवान जिला इंकलाबी नौजवान सभा अध्यक्ष श्री जय शंकर जी ने बताया की कामरेड जनार्दन राम की कमी की भरपाई कभी नहीं की जा सकती है। पार्टी के सच्चे सिपाही और जुझारू नेता थे। इनके निधन से पार्टी को गहरा क्षति हुई है।पार्टी में इनकी कमी हमेशा महसूस की जाएगी। इनके निधन से सिवान जिला कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी कमिटी ने एक शोक सभा का आयोजन कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की दिवंगत कामरेड अमर रहे लाल सलाम जिंदाबाद।

### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को लेकर जागरूकता रैली निकाली




**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक नगर पंचायत के महाराणा प्रताप चौंक और प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सरकारी और निजी विद्यालयों समेत कर्ण कुदरिया गांव के महादलित टोला में शुक्रवार की शाम बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता अभियान निकाली गई। जिसके तहत विद्यालय के विद्यार्थियों ने हाथों में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान तख्ती लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। रैली गांव के विभिन्न चौराह, गली मोहल्ले में होते हुए पुनः विद्यालय परिसर पहुंच कर समाप्त हुई। जागरूकता रैली में विद्यार्थियों की ओर से ग्रामीणों को बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम नारायणी सेवा संस्थान की तरफ से आयोजित किया गया था जिसमें प्रोजेक्ट कॉडिनेटर अखिलेंद्र सिंह, भूपेंद्र प्रसाद सिंह,प्रीति कुमारी,निशा राय समेत अन्य मौजूद रहें।

### राष्ट्रीय विधालय कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने को टीम चयन, किया गया रवाना



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

68 वी राष्ट्रीय विद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने वाली बिहार की बालक एवं बालिका अंडर 19 टीम में सारण जिले के ज्योतिष प्रकाश एवं बुची कुमारी का चयन हुआ है। उक्त बात की जानकारी देते हुए शुक्रवार की शाम 4 बजें सारण जिला कबड्डी संघ के सचिव पंकज कश्यप ने उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं. उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय विद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता में इन दोनों खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया था. विद्यालय कबड्डी खेल के संयोजक सुशील सिंह ने बताया कि ज्योतिष प्रकाश सोनपुर प्रखंड के रघुवीर सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय, गोपालपुर का छात्र है, वही बुची कुमारी जे जे पी जी उच्च माध्यमिक विद्यालय, मशरख की छात्रा है. जिला खेल संघ के संरक्षक डॉ सुरेश प्रसाद सिंह, डॉ हरेंद्र सिंह, डॉ देव कुमार सिंह, उपाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह ,राकेश सिंह, कौशलेंद्र जी, सूरज कुमार सहित सभी ने शुभकामनाएं दीं हैं. बताते चलें कि आगामी 07 से 11 दिसम्बर तक हरियाणा में आयोजित राष्ट्रीय विद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु बिहार राज्य की टीम के दल प्रबंधक के रूप में श्री दीपक कुमार सिंह रहेंगे.

### सेवानिवृत्त शिक्षक के निधनं पर बनियापुर विधायक ने जताया शोकं

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**



मशरक के महेश छपरा गांव में शुक्रवार की शाम 6 बजें बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह ने सेवानिवृत्त शिक्षक तेजनारायण सिंह के निधनं पर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। विधायक केदारनाथ सिंह ने कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षक तेजनारायण सिंह बेहद ही कुशल छवि के थें हमेशा शिक्षा के प्रति समर्पित रहे। उन्होंने उनके निधनं को शिक्षा के क्षेत्र में और परिजनों के लिए अपूर्णीय क्षति बताया

# तिरहुत स्नातक उपचुनाव:12 बजे तक 16.95% वोटिंग

## *शाम 4 बजे तक होगा मतदान: जदयू-आरजेडी के बीच मुख्य मुकाबला*





**बिहार।** विधान परिषद की स्नातक सीट तिरहुत के लिए वोटिंग जारी है। 12 बजे तक 16.95% वोटिंग हुई है। चार जिलों मुजफ्फरपुर, वैशाली, सीतामढ़ी और शिवहर के कुल 197 मतदान केंद्रों पर शाम 4 बजे तक मतदान होगा। कुल 1 लाख 54 हजार 828 मतदाता आज वोट डालेंगे। जबकि एक सीट के लिए 18 उम्मीदवारों मैदान में हैं। इस सीट पर मुकाबला त्रिकोणीय है। एनडीए के खाते से जदयू प्रवक्ता अभिषेक झा चुनाव लड़ रहे हैं। उनके सामने राजद के गोपी किशन चुनावी मैदान में हैं। जनसुराज ने मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है। पूर्व एमएलसी राजकुमार सिंह के बेटे डॉ. विनायक गौतम प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा उपचुनाव में LJP(R) के नेता रहे राकेश रौशन भी उम्मीदवार हैं। तिरहुत स्नातक चुनाव के लिए चुनाव आयोग ने तैयारी पूरी कर ली है। बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एचआर श्रीनिवास ने भास्कर को बताया कि 'हर बूथ पर हथियारबंद जवान तैनात किए गए हैं। सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

ऑब्जर्वर भी लगाए गए हैं। जिला में कंट्रोल रूम बनाया गया है। निर्वाचन विभाग में भी कंट्रोल रूम काम करेगा। शिकायतों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।'

## आपसी विवाद में दो भाइयों से मारपीट, एक गंभीर



**जमुई।** के झाझा थाना क्षेत्र के बैजला इलाके में आपसी विवाद में पड़ोसी ने दो भाइयों पर धारदार हथियार से वॉर कर जख्मी कर दिया। इस घटना में दोनों भाइयों को गंभीर चोट लगी है। परिजनों के द्वारा दोनों घायलों को इलाज के लिए झाझा रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर के द्वारा दोनों भाइयों के इलाज किया जा रहा है। घायलों की पहचान बहादुर यादव और पिंटू यादव के रूप में हुई है, दोनों सहोदर भाई है। जहां बहादुर यादव की स्थिति नाजुक होने के कारण डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। तलवार से हमला कर किया जख्मी घायल की मां सुहागा देवी ने बताया मेरे देवर ईश्वर यादव ने बुधवार को मेरे पोते के साथ मारपीट किया था और उसी बात को लेकर आज गुरुवार को मेरे दोनों बेटे के साथ उसने मारपीट किया और तलवार से हमला कर घायल कर दिया। एक जख्मी की हालत गंभीर ऑन ड्यूटी डॉक्टर ने बताया कि दो पेशेंट बैजला गांव से आए है,दोनों को काफी गंभीर चोट लगी है। बताया कि आपसी विवाद में मारपीट की घटना है।

डॉक्टर ने बताया कि बहादुर यादव 35 साल की स्थिति नाजुक है। सिर में चोट लगी है,काफी खून निकला है। प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए जमुई रेफर किया गया है।

## पिकअप और बाइक के बीच टक्कर: एक की मौत



**शेखपुरा।** के शेखोपुरसराय-वारिसलीगंज मुख्य सड़क पर एक बेकाबू पिकप वैन और बाइक के बीच टक्कर हो गई। इससे बाइक सवार 56 साल के व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि घटना में बाइक के पीछे बैठी 24 साल की बहू बुरी तरह घायल हो गई। घटना में मृतक की पहचान सदर प्रखंड क्षेत्र के मेहूस गांव निवासी निवास सिंह के बेटे अजय कुमार सिंह के रूप में की गई। जबकि घायल महिला की पहचान रोहित कुमार की पत्नी शिवानी कुमारी के रूप में की गई। परिजन सावन कुमार ने बताया कि अजय कुमार सिंह नवादा से अपनी बहू को बाइक में बैठाकर घर वापस लौट रहे थे। इस बीच रास्ते में घटना हो गई। वहीं मेहूस थाने की पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल शेखपुरा भेज दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और गांव में मातम पसर गया।

मेहूस थाना अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने कहा कि लिखित शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दादी-पोती को ब्लास्ट कर जिंदा जलाने की कोशिश

## मुजफ्फरपुर में टीचर के घर में लगी आग: किचन में फिट किया था विस्फोटक सामग्री

**मुजफ्फरपुर।** में एक टीचर के घर के अंदर ब्लास्ट कर दादी-पोती को जिंदा जलाने की कोशिश हुई है। घटना बुधवार रात को पारू थाना क्षेत्र के बड़ादाउद गांव में हुई है। विस्फोट के समय दोनों महिलाएं घर में अकेली सोई हुई थी। हालांकि दादी गुलाबरी देवी (75) और पोती मोना (22) घटना की सूचना के बाद पुलिस टीम मामले की जांच में जुटी हुई है। किचन में पेंट का डिब्बा रखा मिला है जिसमें तार लगा है। तार खिड़की के बाहर से फिट किया गया है। गुरुवार को मौके पर ऋछ की टीम के साथ पारू थाना पुलिस जांच कर रही है। पीड़ित के भाई टीचर अंजनी कुमार ने बताया कि रात 2.30 बजे ब्लास्ट की आवाज सुनी।

उस समय लगा कि हाइवे किनारे घर है, तो लगा कि किसी वाहन का चक्का आवाज किया। इसके बाद छत पर चढ़कर देखा की तो मेरे बड़े भाई के घर से धुआं





निकल रहा था।

शोर हुई कि घर में आग लगी है। उस घर में रह रही मां और बेटी को जलाने का प्रयास किया गया है।

किसी तरह उन्हें घर से बाहर निकला गया, जिसके बाद घर का किचन खोला तो देखा कि किचन में पूरा धुआं भरा हुआ है।उसमें लगा सिलेंडर को तार से जोड़ता हुआ एक पेंट का डिब्बा रखा है, जो विस्फोट जैसा है।तार बाहर निकला हुआ था। अभी हम लोगों को घटना का कारण समझ में नहीं आ रहा है। हम लोग का किसी से कोई विवाद नहीं है। इस घटना में 20 से 25 लोगों की जान जा सकती थी।

विस्फोट की आवाज से गांव के लोग जाग गए और पारू थाना की पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद पहुंची पाडु थाना पुलिस के साथ बम निरोधक दस्ता और एफएसएल की टीम ने भी पहुंचकर जांच की। पीड़ित पक्ष से अभी तक कोई आवेदन नहीं मिला है।

मामले की जांच चल रही है। बड़ा विस्फोट नहीं लगता है। किसी शरारती तत्व ने डराने की नीयत से ऐसी हरकत की है।

## मां-बेटी को डराने की नीयत से हमले की आशंका



**ग्रामीण एसपी विद्या सागर ने बताया कि पारू थाना के बड़ा दाऊद गांव में असामाजिक तत्वों ने पेंट के डिब्बे में तार लगाकर विस्फोट कराया है। हल्के विस्फोट से घर में आग लग गई। उस वक्त घर में मां और बेटी अकेले थे।**

# संघ प्रमुख का बयान: क्या वाकई अच्छे हैं तीन बच्चे





प्रो. लल्लन प्रसाद

**भागवत जी का मानना है कि आबादी दर में गिरावट परिवार व्यवस्था के लिए संकट की स्थिति पैदा कर सकती है। नई पीढ़ी में कम से कम बच्चे पैदा करने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। यहां तक कि कुछ नौजवान, नवयुवतियां एक बच्चा भी नहीं चाहते। यदि यही क्रम चलता रहा तो हिन्दू आबादी की विकास दर में कमी और मुस्लिम एवं क्रिश्चियन आबादी की विकास दर में वृद्धि हिन्दुओं को अल्पसंख्यक बना देगी। ऐसी आशंका व्यक्त की जा रही है**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघ संचालक डॉ मोहन भागवत का हालिया बयान, जिसमें उन्होंने तीन बच्चे समाज के लिए अच्छे की बात कही है, बहस का भारी मुद्दा बन गया है। इसके पहले आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और तमिलनाडु के मुख्यमंत्रियों ने भी इस तरह का प्रस्ताव किया था। भारत विश्व का सबसे अधिक आबादी वाला देश है, दुनिया की 2.4प्र. भूमि पर 17.5प्र. आबादी रहती है।

देश जब आजाद हुआ था तब कुल आबादी 36 करोड़ थी। अब 144 करोड़ है। इतनी तेजी से आबादी में जो वृद्धि हुई उसने भारत को चीन से भी आगे कर दिया है। प्राकृतिक संसाधन सीमित होते हैं, जो अब 75 वर्षों के बाद पहले से और कम हो चुके हैं। यद्यपि अर्थव्यवस्था का विकास हुआ है, कृषि और उद्योगों का उत्पादन बढ़ा है, रोजगार के अवसर भी पहले से अधिक हैं किंतु आबादी चार गुना हो चुकी है। इसमें बहुसंख्यक हिन्दुओं की आबादी विकास दर 4प्र. कम हुयी है, जबकि अल्पसंख्यक मुस्लिम आबादी 14प्र. बढ़ी है । कुल आबादी बढ़ी है किंतु प्रजनन दर में गिरावट आई है जो 2.1प्र. से भी नीचे जा चुकी है, जिसे आबादी की निरंतरता के लिए सुरक्षित सीमा कहा जाता है। भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा मुस्लिम आबादी वाला राष्ट्र भी बन गया है। देश के कई जिले, जो तीन-चार दशकों पहले ही हिन्दू बहुल थे विशेषकर उत्तर पूर्व के, अब मुस्लिम बहुल हो गए हैं।

आबादी में इतनी तेजी से वृद्धि किंतु प्रजनन दर में कमी, और उसके फलस्वरूप जनसांख्यिकी में परिवर्तन और सामाजिक तनाव आबादी पर बहस को हवा दे रहे हैं। भागवत जी का मानना है कि आबादी दर में गिरावट परिवार व्यवस्था के लिए संकट की स्थिति पैदा कर सकती है। नई पीढ़ी में कम से कम बच्चे पैदा करने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। यहां तक कि कुछ नौजवान, नवयुवतियां एक बच्चा भी नहीं चाहते। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे के आंकड़ों के अनुसार 2021 में एक महिला जीवनकाल में 2.2 बच्चे जनती थी जो 2015-16 में 2 पर आ गई, अब और नीचे जाने की आशंका जताई जा रही है। 1950 मे यह 6.2 थी, 2021 में 2 हो गई और यदि यही क्रम चलता रहा तो 2050 में यह 1.29 और 2100 में 1.04 पर पहुंच जाएगी।

हिन्दू आबादी की विकास दर में कमी और मुस्लिम एवं क्रिश्चियन आबादी की विकास दर में वृद्धि हिन्दुओं को अल्पसंख्यक बना देगी। ऐसी आशंका व्यक्त की जा रही है। संघ ने 2015 में विशद आबादी नीति का प्रस्ताव किया था, 3 वर्षों बाद आबादी के लिए एक समान कानून की मांग सभी धर्मों के लिए की थी। समान आबादी नीति के लिए यदि मुस्लिम और ईसाई धर्मावलंबी भी राजी हो जाएं तो आबादी में असंतुलन और उसके विनाशकारी प्रभाव की स्थिति से बचा जा सकता है। 'हम दो हमारे दो' के बाद 'हमारे तीन' की बात विरोधाभास की स्थिति बना रही है। अधिकांश देश, जहां आबादी तेजी से बढ़ रही है, गरीबी से जूझ रहे हैं, या विकास के पैमाने पर अभी भी विकसित पश्चिमी देशों से कहीं बहुत पीछे हैं। सबसे तेज आबादी का विकास सब-सहारन अफ्रीकी देशों में है, जहां अधिकांश लोग गरीबी रेखा के नीचे हैं।

दक्षिण अमेरिका और भारत सहित दक्षिण एशिया के अधिकांश देश विकासशील की श्रेणी में आते हैं, जहां जीवन स्तर विकसित देशों की तुलना में नीचे है। भारत विश्व की चौथी आर्थिक शक्ति बन चुका है, और अगले कुछ वर्षों में तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बन जाने की संभावना है, किंतु प्रति व्यक्ति आमदनी की दृष्टि से विकसित देशों की तुलना में बहुत पीछे है। अमेरिका में प्रति व्यक्ति आय 70000 डॉलर है जबकि भारत में मात्र 2700 डॉलर। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की 2023-24 की मानव विकास रिपोर्ट के अनुसार भारत मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) में 193 देशों में 134वें स्थान पर है जो सोचनीय है। स्विट्जरलैंड नंबर वन पर है, चीन 75वें स्थान पर है। यह सूचकांक तीन बातों का संज्ञान लेता है: लंबा और स्वस्थ जीवन, ज्ञान तक पहुंच और सभ्य जीवन स्तर। भारत में जीवन प्रत्याशा विगत कुछ दशकों में तेजी से बढ़ी है, इस समय यह 68 वर्ष है किंतु विकसित देशों में इससे कहीं अधिक है, जापान में 84 वर्ष और अमेरिका में 77 वर्ष।

शिक्षा से अभी भी करोड़ों बच्चे वंचित हैं, बड़ी संख्या में बच्चे कुपोषण के शिकार हैं, बाल मृत्यु दर भी भारत में विकसित देशों की अपेक्षा कहीं अधिक है। खाद्य पदार्थों और उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि, बच्चों की शिक्षा, मकान किराया, बिजली, पानी, यातायात आदि के बढ़ते खर्चों से आम आदमी त्रस्त है। देश में आर्थिक असमानता भी बढ़ी है, कुछ औद्योगिक घरानों और बड़ी कंपनियों के हाथों में देश की संपत्ति का बड़ा हिस्सा संचित है। आर्थिक विकास के साथ आम आदमी की आमदनी में वृद्धि हुई है किंतु उतनी नहीं जो इतनी बड़ी आबादी को खुशहाली दे सके। ऐसे में आबादी बढ़ाने की बात जब की जाती है, तो सवाल उठना स्वाभाविक है। किंतु आबादी दर में गिरावट चिंता का विषय तो है। सामाजिक असंतुलन और तनाव के अतिरिक्त इसका एक दुष्प्रभाव और भी है-बच्चों और युवकों की आबादी में गिरावट और बूढ़ों की आबादी में वृद्धि जो स्थिति अधिकांश विकसित देशों में देखी जा रही है। यूरोप की आबादी आज लगभग उतनी ही है, जो दूसरे विश्व युद्ध के पहले थी। जन्म दर में भारी गिरावट के कारण आबादी नहीं के बराबर बढ़ी है। यूरोपीय देशों में श्रम की कमी के कारण शरणार्थियों को बसाने की होड़ लगी किंतु उसका घातक परिणाम उन्हें अब भोगना पड़ रहा है। जापान, दक्षिण कोरिया जैसे विकसित देशों में तो यह संकट की स्थिति पैदा कर चुकी है, वहां सरकारें अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहन दे रही हैं, करों में छूट दी जा रही है, मुफ्त शिक्षा, स्वास्थ्य और बच्चों के लालन-पालन का खर्च, गर्भवती महिलाओं के लिए सवेतन छुट्टी आदि सुविधा दी जा रही है। मोहन भागवत का बयान पूरे भारतीय समाज के लिए है, सभी संप्रदाय के लोगों को मिल कर और नेताओ को सौहार्दपूर्ण वातावरण में देश हित में समस्या का हल निकालने चाहिए। (लेख में विचार निजी हैं)

## संपादकीय

### फड़णवीस से उम्मीदें

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के परिणाम आने के करीब दस दिनों बाद तक यहां की राजनीति सस्पेंस फिल्म की तरह चलती रही और अंततः भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फड़णवीस के नाम की घोषणा के साथ इसका अंत एक थ्रिलर की तरह हुआ। फड़णवीस ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में तीसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। वस्तुतः भारत में गठबंधन की राजनीति जितनी आम हो गई है, उतनी जटिल भी। नैतिक मान्यता की बात की जाए तो विधानसभा चुनाव में भाजपा सबसे बड़े. दल के रूप में उभर कर आई थी और इस नाते भाजपा का ही मुख्यमंत्री होना चाहिए था। लेकिन एकनाथशिंदे की पर्दे के पीछे की भूमिका के कारण फड़णवीस को प्रतीक्षा करनी पड़ी। फड़णवीस की राजनीतिक यात्रा की शुरूआत 1997 में नागपुर नगर निगम के महापौर के रूप में हुई। तब वह मात्र 27 वर्ष के थे। दो वर्ष बाद 1999 में महाराष्ट्र विधानसभा के सदस्य बन गए और 2014 में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने। उनकी पहचान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रतिबद्ध कार्यकर्ता के रूप में है। पार्टी के भीतर उनका बहुत तेजी से उभार हुआ लेकिन इसके कारण भाजपा के अंदर कलह भी हुई। महाराष्ट्र जैसे बड़े. और महत्तवपूर्ण राज्य का तीसरी बार मुख्यमंत्री बनने के साथ ही उन्हें भाजपा के भविष्य का चेहरा भी बताया जा रहा है। देशके अन्य राज्यों की तरह महाराष्ट्र की भी अनेक समस्याएं हैं, जिनका फड़णवीस की सरकार को सामना करना पड़ेगा। आर्थिक-सामाजिक विकास की दृष्टि से महाराष्ट्र भारत का अग्रणी राज्य रहा है। मुंबई देश की आर्थिक राजधानी है, और वहीं पर बॉलीवुड़ है। देश के युवा अपने सपनों को पूरा करने के लिए यहां आते रहते हैं। लेकिन यह प्रदेश क्षेत्रीय असंतुलन का भी शिकार है जिसके कारण राज्य में कृषि क्षेत्रको काफी नुकसान उठाना पड़. रहा है। विदर्भ और अमरावती संभाग काफी पिछड़ा हुआ है जहां फसल का उचित दाम नहीं मिलने के कारण किसान सबसे अधिक आत्महत्या करते हैं। बेरोजगारी दूसरी सबसे बड़ी समस्या है। फड़णवीस को इन चुनौतियों का सामना करते हुए गठबंधन के सहयोगी दलों को भी साथलेकर चलना होगा। वह विनम्र और प्रबंधकीय गुणों में निपुण हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि उनके नेतृत्व में महाराष्ट्र विकास की नई कहानी लिखेगा।



## चिंतन-मनन

### मन का क्रिय

एक प्रोफेसर अपने कमरे में बैठे थे। उनके पास एक व्यक्ति आकर बोला, धन्यवाद, आप जैसा परिश्रमी और योग्य प्रोफेसर मैंने नहीं देखा। आपके परिश्रम से ही मेरा लड़का उत्तीर्ण हो सका है। सौ-सौ साधुवाद! इतने में दूसरा व्यक्ति आकर बोला, आप जैसा परिश्रम से जी चुराने वाला प्रोफेसर मैंने कहीं नहीं देखा। आपके कारण ही मेरा लड़का अनुत्तीर्ण हुआ। पहले व्यक्ति की बात सुनकर प्रोफेसर प्रसन्नता से झूम उठा और दूसरे व्यक्ति की बात सुनकर वह विषण्ण हो गया। यह सारा खेल मन का है। एक घटना मन के अनुकूल थी तो प्रसन्नता का प्रवाह चल पड़ा। वहीं दूसरी घटना मन के प्रतिकूल थी तो विषण्णता का वातावरण बन गया। जब भोजन अच्छा बनता है तो पत्नी को उसके लिए सौ-सौ साधुवाद दिया जाता है। जब कभी भोजन स्वादिष्ट नहीं बनता या नहीं लगता तब परोसी हुई थाली को ठोकर भी मार दी जाती है। यह सारा मन का कार्य ही होता है। भोजन सिर्फ भोजन होता है। पदार्थ सिर्फ पदार्थ होता है। उसमें स्वादिष्ट या अस्वादिष्ट का आरोपण हम स्वयं करते हैं, हमारा मन करता है।

# सांस्कृतिक पहचान को कुचलने की कुचेष्टाएं कब तक?



ललित गर्ग

भारत की समृद्ध सांस्कृतिक, धार्मिक एवं आर्थिक विरासत को कुचलने की चेष्टाएं अतीत से लेकर वर्तमान तक होती रही है। बहुत बड़ा सच है कि अगर किसी देश को नष्ट करना है तो उसकी सांस्कृतिक पहचान को खत्म कर दो। देश अपने आप नष्ट हो जाएगा। भारत पर हमला करने वाले विदेशी आक्रांताओं ने यही किया। इस्लामी आक्रांताओं ने न सिर्फ धन-संपदा लूटी बल्कि भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को खत्म करने के लिए बड़े पैमाने पर मंदिरों और धार्मिक स्थलों को तोड़ कर मस्जिदें बना दीं। भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति के शत्रु एवं तथाकथित धर्म-निरपेक्षता की राजनीति करने वाले नेता इस बात को अधिक बेहतर समझते हैं, अतः उन्होंने इतिहास को झुठलाने, धुंधलाने और काल्पनिक बातें गढ़ने एवं फैलाने पर ध्यान केंद्रित किया। हमारे नेताओं-नीतिकारों की नासमझी के कारण ही इसमें वे सफल भी रहे हैं। क्या यह स्थिति बदल रही है? देश में कुछ लोग सही इतिहास को उजागर करने एवं ऐतिहासिक विरासत को धुंधलाने एवं कुचलने की कुचेष्टाओं का परिमार्जन करने के लिये तत्पर हुए है, इसी का परिणाम है कि सैकड़ों वर्षों की गुलामी के बाद आज सनातन संस्कृति का पुनरुद्धार हो रहा है। अयोध्या, काशी, मथुरा के बाद संभल और अजमेर दरगाह जैसे मामलों में साक्ष्यों और दस्तावेजों के आधार पर भारत की सांस्कृतिक पहचान के प्रतीकों को हासिल करने के प्रयास हो रहे हैं। ऐसे प्रयासों के द्वारा अशांति फैलाने का लक्ष्य नहीं है, बल्कि इतिहास बड़ी भूलों को सुधारना एवं वास्तविक तथ्यों को सामने लाना है। लेकिन, इसमें एक बड़ी बाधा है पूजा स्थल अधिनियम, 1991, जो देश में आजादी से पहले से मौजूद धार्मिक स्थलों जुड़े तथ्यों की खोजबीन की भी अनुमति नहीं देता है? क्या इसके चलते देश में आक्रांतवादी सोच एवं देश की विरासत को धुंधलाने की कोशिश पर पर्दा ही पड़ा रहेगा? ऐतिहासिक अन्याय, अत्याचार एवं राष्ट्र-विरोधी सोच एवं सच्चाई तो सामने आनी ही चाहिए। इस देश में उन विघटनकारी एवं संस्कृति-विरोधी लोगों की मर्जी कब तक चलती रहेगी? कब तक बात-बेबात हंगामा होता रहेगा? कब तक सांस्कृतिक पहचान को बेमानी साबित करने के षडयंत्र होते रहेंगे?

इस सच से इंकार नहीं किया जा सकता कि इतिहास से न केवल छेडछाड़ हुई है बल्कि समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास को निस्तेज भी किया गया है। इसी बात को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उजागर करते हुए कहा कि हमारे इतिहास के साथ छेड़छाड़ की गई है। अतीत में यह बात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर गृहमंत्री अमित शाह भी कह चुके हैं, यह बात पूर्व में भी बार-बार अनेक नेताओं ने कही है, लेकिन इतिहास को सही रूप में पेश करने का काम नहीं हो पा रहा है और वह भी तब, जब सभी इससे परिचित हैं कि सच्चे इतिहास की जानकारी के अभाव में लोगों के बीच नासमझी की खाई चोड़ी ही होती है, झूठे इतिहास को ही लोग सच मानने से उनकी अपनी परम्परा एवं इतिहास के प्रति आस्था की बजाय घृणा बढ़ती है। अपनी इतिहास एवं संस्कृति की विलक्षण एवं विशेषताओं से दूरी बनाकर झूठे इतिहास के कसीदें पढ़ने से राष्ट्र के प्रति गौरव का भाव क्षीण होता है। ऐसी स्थितियों में राष्ट्रीय एकता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के गौरवपूर्ण क्षण कैसे सामने आ सकते हैं। झूठे इतिहास के कारण लोग संगठित कैसे हो सकते हैं? उनके स्वर विपरीत ही होते हैं, जिससे एक-दूसरे से जुड़ना तो दूर आपसी द्वेष, नफरत एवं द्वंद्व की स्थितियां ही राष्ट्र पर हावी होती है। सही इतिहास जानने की इस महत्ता से हमारे नीति-निमार्ता अनभिज्ञ रहे हैं। अन्यथा इस विषय पर यहां इतनी दलबंदी न होती। हमें एक असहिष्णु, उन्मादी एवं कट्टरवादी समाज बनने के रास्ते पर ही नहीं, बल्कि भीतर से ज्यादा से ज्यादा विभाजित एवं कमजोर समाज बनने के रास्ते पर धकेला जा रहा है। इस तरह की स्थितियां एवं मुहिमें देश की एकता एवं अखण्डता पर आघात करती है।

भारतीयों ने गणित व खगोल विज्ञान पर प्रामाणिक व आधारभूत खोज की। शून्य का आविष्कार, पाई का शुद्धतम मान, सौरमंडल पर सटीक विवरण आदि का आधार भारत में ही तैयार हुआ। वसुधैव कुटुम्बकम का विचार इसी देश ने किया। अहिंसा यहां की जीवनशैली का सौन्दर्य रहा है, विविधता में एकता को हमने जीकर दिखाया है, लेकिन हमारी उदारता को आक्रांताओं एवं विभाजनकारी ताकतों ने हमारी कमजोरी मान लिया है। यही कारण है कि तात्कालिक एवं अतीत की कुछ नकारात्मक घटनाओं व प्रभावों ने जो धुंध हमारी सांस्कृतिक जीवन-शैली पर आरोपित की है, उसे सावधानी पूर्वक हटाना होगा। आज आवश्यकता है कि हम अतीत की सांस्कृतिक धरोहर को सहेजें और सवारें तथा उसकी मजबूत आधारशिला पर खडे.होकर नए मूल्यों व नई संस्कृति को निर्मित एवं विकसित करें। ऐसा करके ही हम नया भारत-सशक्त भारत निर्मित कर पायेंगे। समृद्ध संस्कृति भारत की एक विरासत है। इसमें धर्म, अध्यात्मवाद, ललित कलाएं, ज्ञान विज्ञान की विविध विधाएं, नीति, दर्शन, विधि, विधान, जीवन प्रणालियां और वे समस्त क्रियाएं और कार्य हैं जो उसे महान बनाती है। समय-समय पर इसका विविध संस्कृतियों के साथ संघर्ष, मिलन, परिवर्तन, परिवर्धन और आदान-प्रदान हुआ है। भारतीयों की अनेक भावनाओं पर शताब्दियों से समय-समय पर आती रहने वाली विविध जातियों ने बहुत पहले से ही अपना न्यूनाधिक प्रभाव डाल रखा था। परंतु इस्लाम के आ जाने पर भारतीय संस्कृति में एक हलचल सी मच गयी, सांस्कृतिक विरासत को ध्वस्त करने के सलक्ष्य प्रयत्न हुए, कला, धार्मिकता, शिल्प के मन्दिरों को ध्वस्त करके मस्जिदों का निर्माण कराया गया। लेकिन इन ऐतिहासिक भूलों को सुधारने का अवकाश तो हमेशा से रहा है।

सर्वोच्च न्यायालय ने संभल मस्जिद मामले में 29 नवंबर 2024 को स्थानीय अदालत की कार्यवाही पर अस्थायी रोक लगा दी। इस मामले में विपक्षी दल विशेषतः कांग्रेस एवं समाजवादी पार्टी उत्तरप्रदेश सरकार को जबरन घसीट रही है, जबकि सर्वोच्च अदालत शांति बनाये रखने के लिये मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय को सुनवाई करने का निर्देश दिया है। 24 नवंबर को अदालती निर्देश पर हुए सर्वे के दौरान खूनी हिंसा, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी, उसके बाद सर्वोच्च न्यायालय ने जो निर्णय दिया, उसका मर्म यह है कि मामले में फैसला इस बात पर निर्भर करेगा कि क्या सच है या फिर कौन समुदाय कितना उपद्रव करता है और वह शासन-व्यवस्था के लिए कितनी बड़ी चुनौती बन सकता है। अर्थात चाहे ह्यअन्यायह्ल कितना भी बड़ा हो, अदालत ह्यन्यायह्ल से अधिक ह्यशांति-सद्भावनाह्ल को वरीयता देगी। देरसबेर न्याय होता हुआ देखा भी गया है, अयोध्या में बना श्रीराम मन्दिर इस का उदाहरण है।

# लंबित मामले : अदालतों के मर्म को समझना होगा



रजनीश कपूर



हमारे देश में जब-जब सरकारी तंत्र फेल होता है तो उसके खिलाफ कोई न कोई अदालत का रुख कर लेता है। इस उम्मीद से कि संविधान की रक्षा और नागरिकों के अधिकारों के हित में यदि कोई फैसला कर सकता है तो वह न्यायपालिका ही है, परंतु क्या कभी किसी ने सोचा है कि जहां देश भर की अदालतों में करोड़ों मुकदमे लंबित पड़े हैं, वहां सरकारी तंत्र के काम न करने के कारण अदालतों पर अतिरिक्त मुकदमों का ढेर लगता जा रहा है। ऐसा क्यों है कि सरकारी तंत्र अपनी जिम्मेदारी पूरी तरह से नहीं निभा रहा जिस कारण नागरिकों को कोर्ट का रुख करने को मजबूर होना पड़ता है?

जब भी किन्हीं दो पक्षों में कोई विवाद होता है तो उनका आखिरी वाक्य होता है कि 'आई विल सी यू इन कोर्ट।' परंतु हमारे देश के न्यायालयों में लंबित केसों की संख्या इतनी ज्यादा है कि न्याय मिलते-मिलते या फैसला आते-आते बहुत देर हो जाती है। ऐसे में कोर्ट में हर दिन बढ़ने वाले मामलों की संख्या पर रोक नहीं लग पा रही। विवाद चाहे किसी की जमीन-जायदाद का हो या अन्य किसी मामले का हो। वादी-प्रतिवादी सीधा कोर्ट का रुख करते हैं और कई मामलों में तो वकील भी अपने मुवक्किल को गुमराह करने में पीछे नहीं हटते। ऐसे में किसी न किसी कारण से न्याय मिलने में देरी हो जाती है। बीते कुछ वर्षों से न्यायपालिका पर काम का बोझ दिन-प्रतिदिन बढ़ने का एक और कारण है कि सरकारी तंत्र में तैनात कई अधिकारी, जो अपने राजनैतिक आकाओं को खुश करने की नीयत से, देश की जनता के साथ धोखा करते हैं। वे संविधान को एक तरफ रख कर अपने राजनैतिक आकाओं को भी गुमराह कर उनसे कुछ ऐसे फैसले दिलवा देते हैं जो जनता के हित में नहीं होते। केवल निहित स्वार्थ के लिए लिए गए ऐसे फैसले राजनैतिक रूप से अक्सर घातक साबित हो जाते हैं। ऐसे में सत्ता पक्ष और विपक्ष एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा कर जनता को असल मुद्दों से भटकाने का काम करने लगते हैं। अंततः दोनों में से एक पक्ष अदालत का रुख कर लेता है। ऐसे में अदालतें सरकारी तंत्र के खिलाफ दायर याचिकाओं को प्राथमिकता पर सुनने के लिए मजबूर हो जाती है। गौरतलब है कि यदि किसी लंबित मामले में कोई अहम सुनवाई की तारीख लगी हो और उसी बीच कोर्ट के सामने कोई ऐसा 'राजनैतिक' केस आ जाए जिसे, सुनने के लिए उस अदालत को अपनी पहले से तय सूची में फेर-बदल करना पड़े, तो सोचिए कि न सिर्फ अदालत के कीमती समय और पैसे की बबादी होती है, बल्कि अदालत में न्याय की उम्मीद कर रहे फरियादी की हिम्मत और न्यायपालिका पर भरोसा भी डगमगाने लगता है।

सोचने वाली बात यह है कि सरकारी मशीनरी अपना काम जिम्मेदारी से करे तो अदालतें भी अपना काम बिना किसी विघ्न के करने लगेंगी। ऐसे में लंबित करोड़ों मामलों में भी गिरावट आएगी। आजकल ऐसा भी देखा जा रहा है कि यदि किसी राजनैतिक दल को उसकी पूर्ववर्ती सरकार द्वारा लिए गए किसी खास फैसले से एतराज होता है, तो वे उसमें कोई न कोई कमी निकाल कर देश भर में एक नया विवाद पैदा करने में कसर नहीं छोड़ते। फिर वो मामला चाहे किसी विशेष कानून को लेकर ही क्यों न हो।

गौरतलब है कि जब ऐसे किसी विधेयक को संसद में पास करके कानून बनाया जाता है, तो उस समय सत्ता पक्ष और विपक्ष, इस पर चर्चा करते हैं, और यदि कुछ संशोधन करना हो तो उसे करके ही कानून का रूप दिया जाता है। ऐसे में यह माना जाए कि उस समय की विपक्षी पार्टी ने भी ऐसे विधेयक को अपनी सहमति प्रदान की है, लेकिन जैसे ही उस समय की विपक्षी पार्टी सत्ता में आती है, तो उसी कानून का विरोध करने लगती है, और देश में उथल-पुथल का माहौल बन जाता है, लेकिन क्या वह राजनैतिक दल इस बात पर ध्यान देता है कि उसने विपक्ष में बैठे हुए क्या इस कानून का विरोध किया था? यदि नहीं तो आज ऐसा क्यों कर रहा है? उस कानून के खिलाफ अराजकता फैला कर उसे क्या मिल रहा है? वहीं ऐसे विवादों में बात-बात पर अदालतों का रुख करने वाले याचिकाकर्ता के राजनैतिक संबंधों की जांच होना भी जरूरी है। इस बात की भी जांच होनी चाहिए कि अदालत में पहुंचने वाला जनहित का मामला क्या वास्तव में 'जनहित' का है या 'निजहित' का?

यदि यह बात सिद्ध हो जाती है कि कोई याचिकाकर्ता जनहित की आड़ में किसी राजनैतिक दल के निजहित में याचिका कर रहा है, तो ऐसी याचिका को देश की किसी भी अदालत में दाखिल नहीं होने दिया जाए। किसे क्या पता कि ऐसे संवेदनशील मामले देश में कैसी आग लगा दें। इसलिए एक स्वस्थ लोकतंत्र को सही-सलामत रखने के लिए लोकतंत्र के हर स्तंभ को मिल-जुल कर ही काम करना चाहिए न कि किसी विशेष समुदाय या राजनैतिक दल के हित में रह कर। यदि ऐसा होता है तो शायद हम अपने संविधान के मूल ढांचे का पालन कर पाएं। (लेख में विचार निजी हैं)

स्वामी, प्रकाशक और मुद्रक डा0 सरवर जमाल ने आर0 डी0 प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स प्रा0 लि0 प्लाट नं0 16-17 पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, रोड नं0 झ 09 पटना झ 800013 से छपवाकर कार्यालय 203 बी, ब्लाक रंजीत रेसीडेंसीज, साकेतपुरी, मछली गली, राजा बाजार पटना- 800014 से प्रकाशित किया ।सम्पादकः श्रीमती शबाना प्रवीन पी0 आर0 बी0 एक्ट के तहत खबरों की जिम्मेवार मैनेजिंग एडिटरः डा0 राजीव कुमार, स्थानीय सम्पादकः डा0 नूतन कुमारी, उप सम्पादकः तबस्सुम नवाज PRGI NO:- BIHHIN/2023/86924 E-mail- Newsindogulf730@gmail.com,Mob-9472871824/8544031786 समस्त विवादों का निवारण पटना न्यायालय के अधीन ही होंगे।



# अनिल कपूर ने पूरा किया 'सूबेदार' का शेड्यूल

बॉलीवुड अभिनेता ने अपनी आगामी फिल्म 'सूबेदार' का शेड्यूल पूरा कर लिया है। इस फिल्म में वह मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। सोमवार को अभिनेता ने सोशल मीडिया पर सेट से कई बीटीएस तस्वीरें शेयर कीं।

अनिल कपूर ने लिखा भावुक नोट

अभिनेता ने बीटीएस तस्वीरों के साथ एक नोट भी लिखा। उन्होंने कैप्शन में लिखा, सपनों से हकीकत तक, दृष्टि से निर्माण तक, 'सूबेदार' समर्पण और दिल से आकार लेता है! शेड्यूल पूरा हो गया है, लेकिन जादू अभी शुरू हो रहा है। टीम, जुनून और यात्रा के लिए आभारी हूं।

### क्या है फिल्म की कहानी?

'सूबेदार' की अर्जुन मौर्य अनिल कपूर द्वारा अभिनीत के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक पूर्व सैनिक है। अनिल कपूर का किरदार जैसे-जैसे वह व्यक्तिगत और सामाजिक चुनौतियों का सामना करता है, उसे अपनी बेटी श्यामा के साथ अपने तनावपूर्ण संबंधों को सुधारना होगा। कभी देश के लिए लड़ने वाले एक सैनिक सूबेदार को अब अपने घर और परिवार की रक्षा के लिए अंदर के दुश्मनों से लड़ना पड़ता है।

फिल्म का निर्देशन सुरेश त्रिवेणी ने किया है और इसका निर्माण विक्रम मल्होत्रा, अनिल कपूर और त्रिवेणी ने मिलकर किया है। फिल्म का प्रीमियर प्राइम वीडियो पर होगा।

### अनिल कपूर का वर्क फंट

अनिल कपूर के आगामी कार्यों की बात करें तो उनकी पाइपलाइन में पास 'वॉर 2' है, जिसमें वह ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के साथ नजर आएंगे। अभिनेता के पास यशराज फिल्म्स की स्पाई यूनिवर्स फिल्म अल्फा' भी है, जिसमें वह आलिया भट्ट के साथ स्क्रीन साझा करेंगे।



फिल्म जेलर के गाने कवाला से लेकर स्त्री 2 के आज की रात तक में अपनी अदाओं और डांस मूव्स से हर किसी को झूमने पर मजबूर करने वाली ऐक्ट्रेस तमन्ना भाटिया इन दिनों चर्चा में हैं, अपनी फिल्म सिकंदर का मुकद्दर को लेकर। नीरज पांडे निर्देशित इस फिल्म में तमन्ना एक ऐसी सिंगल मदर बनी हैं जो हीरों की चोरी के आरोप में फंस जाती है।

# डांस ऐसा करो कि दूसरे नाचने पर मजबूर हो जाए

**फिल्म मुकद्दर का सिकंदर का से जुड़ने की खास वजह क्या रही? कैसा अनुभव रहा?**

यह फिल्म करने की सबसे बड़ी वजह ये रही कि मुझे नीरज सर की फिल्में हमेशा से बहुत पसंद रही हैं। उनकी फिल्मों में जिस तरह बहुत ही आम लोगों की कहानी होती है, जो बहुत ही अजीब परिस्थिति में पड़ जाते हैं और फिर उन हालातों से वे कैसे जूझते और निकलते हैं, वो मुझे बहुत अच्छा लगता है। मुझे लगता है कि ये उनकी एक थीम है तो जब मैंने ये स्क्रिप्ट पढ़ी तो मुझे लगा कि यह एक अलग दुनिया है और हिंदी फिल्मों में निश्चित तौर पर लोगों ने मुझे अब तक ऐसे रोल में नहीं देखा है। फिर, यह साल बहुत ही दिलचस्प रहा है, क्योंकि बहुत अलग-अलग किस्म की फिल्में आई हैं। ऐसे में, इस तरह की फिल्म के लिए यह एक बेहतरीन समय है। यह एक तेज रफ्तार की हीस्ट थ्रिलर है। आप जैसे-जैसे इन किरदारों की जिंदगी को समझने लगते हैं, उनसे जुड़ते जाते हैं, तो मेरे लिए कुल मिलाकर यह एक बहुत अच्छा अनुभव रहा।

**इन दिनों हर तरफ आपके डांस नंबर्स का जलवा है, वो फिर कवाला हो या आज की रात, हर कोई इन पर झूम रहा है। आपके लिए डांस क्या है?**

डांस से मेरा रिश्ता बहुत ही दिलचस्प रहा है, क्योंकि मैंने डांस सीखा नहीं है। मैं ट्रेंड डांसर नहीं रही हूं। मैं कभी डांस स्कूल नहीं गई। मैंने सेट पर ही डांस सीखा है तो मैं अपने डांस का श्रेय उन सभी कोरियोग्राफर्स को देना चाहूंगी, जिनसे मैंने सीखा। प्रभु देवा सर, राज सुंदरम सर, प्रेम रक्षित सर, वृंदा मैम और साउथ के बहुत सारे कोरियोग्राफर्स ही मेरे टीचर रहे हैं। उन्होंने मुझे फिल्म डांस समझने में काफी मदद की, क्योंकि फिल्म डांस बाकी से काफी अलग होता है। मेरा मानना है कि डांस शो ऑफ करने की चीज नहीं है कि मैं ये मुश्किल स्टेप कर सकती हूं। डांस ऐसा होना चाहिए कि उसे देखकर दूसरे का मन भी नाचने के लिए मचल जाए। मेरी कोशिश कभी ये नहीं होती कि देखो, मैं कितने मुश्किल स्टेप कर सकती हूं, मेरी कोशिश यही रहती है कि जब कोई मेरी ओर देखे और उसे मेरे अंदर की मस्ती या कोई एक्सप्रेशन पसंद आ जाए और उनका मन भी डांस करने का कर जाए और शायद इसीलिए लोग उससे कनेक्ट करते हैं।

# विक्रांत मैसी के सिनेमा से ब्रेक पर बोले हर्षवर्धन राणे



विक्रांत मौसी ने सोमवार को अपने फिल्मी करियर से ब्रेक लेने की घोषणा की है। सोशल मीडिया पर की इस घोषणा के बाद विक्रांत मैसी चर्चा में आ गए हैं। विक्रांत को विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 12वी फेल से पहचान मिली, इन दिनों वे द साबरमती रिपोर्ट में नजर आ रहे हैं। विक्रांत के इस एलान के बाद लोग तरह- तरह के कयास लगा रहे हैं। खबरों की मानें तो लोग विक्रांत मैसी के करियर को लेकर चर्चा कर रहे हैं, कहीं ये पीआर स्टंट तो नहीं है।

ये एक अस्थायी ब्रेक हो सकता है। ये हमेशा का रिटायरमेंट है या नहीं इसे लेकर संशय बना हुआ है। ये किसी अन्य प्रोजेक्ट को लेकर कोई रणनीति तो नहीं है। इसको लेकर विक्रांत मैसी के सह कलाकार हर्ष वर्धन राणे ने कुछ बातें रखी हैं। हर्षवर्धन राणे ने कहा कि ये पीआर एक्टिविटी हो सकती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि विक्रांत बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान की तरह फिल्में बनाना शुरू कर देंगे। हर्षवर्धन ने कहा विक्रांत सुलझे हुए और स्पष्ट व्यक्ति हैं। विक्रांत मैसी के काम के तरीके का मैं हमेशा सम्मान करता हूं। मैं आशा करता हूं कि यह किसी फिल्म निर्माता द्वारा उन पर थोपी गई कोई पीआर गतिविधि हो।

# बॉयफ्रेंड एंटनी के साथ दो वेडिंग सेरेमनी करेंगी कीर्ति सुरेश



कुछ दिन पहले अभिनेत्री कीर्ति सुरेश अपने माता-पिता के साथ आंध्र प्रदेश के तिरुपति में स्थिति श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर पहुंची थी। यहां उन्होंने भगवान का आशीर्वाद लिया। जब वह मंदिर के बाहर आई तो उन्होंने मीडिया को बताया कि वह अपनी अगली फिल्म की सफलता के लिए भगवान का आशीर्वाद लेने आई, साथ ही दिसंबर महीने में उनकी गोवा में शादी है। इस तरह से कीर्ति सुरेश ने अपनी होने वाली शादी की बात को कंफर्म कर दिया था। अब खबर है कि वह दो तरह से शादी करेंगी यानी फैंस को उनकी दो वेडिंग सेरेमनी देखने को मिलेंगी।

### हिंदू-क्रिशियन वेडिंग होगी

कीर्ति धर्म से हिंदू हैं और एंटनी क्रिशियन, यही कारण है कि दोनों अपने-अपने धर्मों के रीति-रिवाज से शादी करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार 12 दिसंबर 2024 को दोनों शादी के बंधन में बंध जाएंगे। सुबह हिंदू रीति से शादी होगी और उसी दिन शाम को क्रिशियन रीति से कीर्ति और एंटनी शादी करेंगे। इस तरह से कीर्ति के फैंस को उनकी दो वेडिंग सेरेमनी देखने को मिल सकती हैं। वह दो तरह के दुल्हन के गेटअप में नजर आएंगी। कीर्ति सुरेश बॉयफ्रेंड एंटनी को लगभग 15 साल से डेट कर रही हैं। उन्होंने अब तक अपने रिश्ते को दुनिया के सामने जाहिर नहीं किया। कुछ दिन पहले ही एंटनी के साथ उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाली जिसमें अपने इतने लंबे साथ की बात को बयां किया था। अब इन दोनों के प्यार को मंजिल मिल गई, दोनों दिसंबर में गोवा में शादी कर रहे हैं। कीर्ति सुरेश एक तरफ अपनी शादी में व्यस्त हैं। वहीं वह अपनी आने वाली फिल्म बेबी जॉन को लेकर भी उत्साहित हैं। इस फिल्म में वह अभिनेता वरुण धवन की पत्नी के रोल में नजर आएंगी। वरुण धवन के साथ काम करने के एक्सपीरियंस को वह यादगार भी बताती हैं।





# शादी के बाद शोबिज को अलविदा कह देंगी शोभिता धुलिपाला? नागा चैतन्य ने बताई सच्चाई



नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला के वेडिंग फंक्शन जोरो-शोरों से जारी हैं। कुछ सालों की डेटिंग के बाद नागा और शोभिता ने शादी कर हमेशा साथ रहने का फैसला कर लिया है। इसी कड़ी में नागा ने अपने हालिया इंटरव्यू में शादी को लेकर बात की। इस दौरान उन्होंने उस सवाल का भी जवाब दिया जो सभी प्रशंसकों के मन में है कि क्या शोभिता अपनी शादी के

### नागा ने दी प्रतिकिया

इंटरव्यू के दौरान जब नागा चैतन्य से पूछा गया कि क्या शोभिता उनकी तरह फिल्मों में अपना करियर जारी रखेंगी, तो बिना किसी हिचकिचाहट के नागा ने कहा, हां, बिल्कुल। अभिनेता ने अपने कबूलनामे के बाद हर प्रशंसक के संदेह को दूर कर दिया और नेटिजन्स यह सुनकर खुश होंगे कि इतने प्रभावशाली फिल्मी परिवार में शादी के बाद भी उन्हें शोभिता की जादुई स्क्रीन उपस्थिति का अनुभव मिलेगा। उसी इंटरव्यू में नागा चैतन्य ने शोभिता धुलिपाला के परिवार के बारे में भी खुलकर बात की। उन्होंने कहा, प्रत्येक तेलुगु घराने की तरह, शोभिता का परिवार भी बहुत सम्मानित और प्यारा है। मेरे साथ बेटे की तरह व्यवहार किया जाता है। नागा चैतन्य ने आगे कहा, शुरू से ही बहुत आराम और कई चीजें समान रही हैं। शोभिता एक पारिवारिक लड़की हैं, और हमारे पास सब कुछ है उन्होंने कुछ त्यौहार भी एक साथ मनाए, मुझे यकीन है कि समय के साथ हमारा बंधन और भी मजबूत होगा।

### नागा-शोभिता का वर्कफंट

नागा चैतन्य का अगला प्रोजेक्ट थंडेल है, जो 7 फरवरी, 2025 को रिलीज होने वाला है। एक अनटाइटल्ड प्रोजेक्ट भी है जिसका वह हिस्सा हैं। दूसरी ओर, शोभिता को आखिरी बार लव, सितारा और एमी-नामांकित शो द नाइट मैनेजर में देखा गया था।



# शिवाजी महाराज की भूमिका निभाएंगे कांतारा फेम ऋषभ शेट्टी

कंतारा स्टार ऋषभ शेट्टी ने निर्देशक संदीप सिंह की आगामी ऐतिहासिक ड्रामा द प्राइड ऑफ भारत- छत्रपति शिवाजी महाराज में छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका निभाएंगे। फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया जा चुका है, जिसमें शिवाजी महाराज के किरदार में ऋषभ शेट्टी को देखकर प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं। भारतीय राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता अभिनेता ऋषभ शेट्टी ने इस ऐतिहासिक फिल्म द प्राइड ऑफ भारत- छत्रपति शिवाजी महाराज में छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का पहला पोस्टर कुछ ही देर पहले ऋषभ शेट्टी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किया है, जिसे लेकर कंतारा स्टार ऋषभ के प्रशंसक बेहद खुश और उत्साहित हैं।

बतौर निर्देशक संदीप की ये दूसरी फिल्म है। ऋषभ ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर साझा किया और लिखा, हमारा सम्मान और विशेषाधिकार, भारत के महानतम योद्धा राजा - भारत के गौरव की महाकाव्य गाथा प्रस्तुत है। इसके साथ ही ऋषभ ने बताया कि फिल्म 21 जनवरी 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी

### शिवाजी की बायोपिक

शिवाजी की बायोपिक निर्देशक के तौर पर यह संदीप की पहली फीचर फिल्म होगी। इस प्रोडक्शन में महान योद्धा राजा की कहानी को पर्दे पर लाने के लिए अंतरराष्ट्रीय तकनीकी और बेहतरीन ग्रॉफिक्स का इस्तेमाल किया जाएगा। ऋषभ शेट्टी निर्देशक संदीप की फिल्म द प्राइड ऑफ भारत- छत्रपति शिवाजी महाराज में छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका में नजर आएंगे। ऋषभ शेट्टी ने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका निभाना शब्दों से परे सम्मान की बात है। वे एक राष्ट्रीय नायक हैं जिनका प्रभाव इतिहास से परे है और मुझे उनकी कहानी को स्क्रीन पर लाने में बहुत गर्व महसूस होगा।

### फिल्म को लेकर संदीप सिंह का बयान

संदीप सिंह ने टोरंटो टाइटल, बॉक्सिंग बायोपिक मैरी कॉम में उन्होंने सह-निर्माता के रूप में काम किया। इसके अलावा संदीप ने अलीगढ़ और स्लम सॉकर फिल्म झुंड सहित कई फिल्मों का निर्माण किया है। संदीप ने बायोपिक पीएम नरेंद्र मोदी और बायोपिक मैं अटल हूं और स्वातंर्त्य वीर सावरकर का निर्माण किया है। संदीप सिंह ने कहा, ऋषभ शेट्टी इस भूमिका के लिए मेरी पहली और एकमात्र पसंद थे। ऋषभ वाकई में छत्रपति शिवाजी महाराज की ताकत, भावना और वीरता का प्रतीक हैं। यह फिल्म कई सालों से मेरा सपना रही है और इस कहानी को सिल्वर स्क्रीन पर लाना मेरे लिए सौभाग्य और सम्मान की बात है।

# फिल्म जी ले जरा को लेकर प्रियंका चोपड़ा ने तोड़ी चुप्पी

फरहान अख्तर ने साल 2021 में फिल्म जी ले जरा का एलान किया था। उन्होंने यह भी साझा किया था कि फिल्म में आलिया भट्ट और कैटरीना कैफ मुख्य भूमिका में होंगी। इतना ही नहीं प्रियंका चोपड़ा भी जी ले जरा का हिस्सा हैं। हालांकि, एलान के बाद से फिल्म पर कोई बड़ा अपडेट सामने नहीं आया है। वहीं, अब इस पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रियंका ने कहा, आपको इस बारे में एक्सेल एंटरटेनमेंट से बात करनी होगी। प्रियंका ने बॉलीवुड में अपनी वापसी का संकेत देते हुए खुलासा किया कि वह फिल्म निर्माताओं से मिल रही हैं और स्क्रिप्ट पढ़ रही हैं।



# स्टार्क ने भारतीय टीम को 180 पर समेटा, ऑस्ट्रेलिया ने एक विकेट पर 86 रन बनाये

**एडिलेड (एजेंसी)।** तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क की घातक गेंदबाजी से भारतीय टीम यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में टिक नहीं पायी और अपनी पहली पारी में 180 रनों पर ही आउट हो गयी। मेजबान ऑस्ट्रेलिया की ओर से स्टार्क ने 48 रन देकर छह विकेट लिए। इसके बाद बल्लेबाजी करते हुए मेजबान टीम ने पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय तक अपनी पहली पारी में एक विकेट पर 86 रन बनाये। स्टंप्स के समय मैकस्वीनी 97 गेंदों में 38 रन और लाबुशेन 67 गेंदों में 20 रन बनाकर क्रीज पर थे। इस मैच में भारत की ओर से एकमात्र विकेट जसप्रीत बुमराह ने लिया उन्होंने सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को आउट किया। ख्वाजा ने 35 गेंदों में 13 रन बनाये। नेथन मैकस्वीनी और मार्नस लाबुशेन ने इसके बाद संभल कर खेलते हुए ऑस्ट्रेलिया को स्टंप्स तक कोई और नुकसान नहीं होने दिया। इस प्रकर मेजबान टीम इस मैच में हावी नजर आ रही है।

इससे पहले आज दिन-रात के इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल पहली ही गेंद पर आउट हो गये। ~स्टार्क ने 48 रन देकर 6 विकेट लिए जबकि स्कॉट बोलैंड और कप्तान पैट कमिंस ने 2-2 विकेट लिए। भारत की तरफ से नितीश कुमार रेड्डी ने सबसे अधिक 42 रन बनाए। वहीं लोकेश राहुल ने 37 जबकि शुभमन गिल ने 31 रन की बनाये।

युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी मिशेल स्टार्क का शिकार हुए। इसके बाद केएल राहुल भी स्टार्क की गेंद पर आउट हो गये। उन्होंने 64 गेंदों पर 6 चौकों की मदद से 37 रन बनाए। स्टार्क ने तीसरा विकेट विराट कोहली का लिया। विराट 7 रन पर ही आउट हो गये। इसके बाद स्कॉट बोलैंड ने शुभमन गिल को पेवेलियन भेज दिया। गिल 51 गेंदों पर 5 चौकों की मदद से 31 रन बना पाये। लंच के बाद बोलैंड ने रोहित शर्मा को आउट किया। रोहित केवल 3 रन ही बना पाये। ऋषभ पंत 35 गेंदों पर मात्र 21 रन ही बना पाये और बड़ी पारी खेलने में असफल रहे। वह पैट कमिंस की गेंद पर आउट हुए। इसके बाद आर अश्विन (22) और हर्षित राणा (0) पर आउट हुए। राणा ने बुमराह के साथ पारी को आगे बढ़ाने का प्रयास किया पर बुमराह (0) पर ही कमिंस की गेंद पर कैच आउट हो गये। वहीं मोहम्मद सिराज ने नाबाद 4 रन बनाये।



# '7 से 10 किलो वजन कम करें' : पूर्व चयनकर्ता ने पृथ्वी शॉ के लिए भेजा 'पूरी तरह से बदलाव का संदेश'



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** पृथ्वी शॉ निश्चित रूप से अपने क्रिकेट करियर के सबसे कठिन दौर से गुजर रहे हैं। अगला सचिन तेंदुलकर कहे जाने वाले दाएं हाथ के बल्लेबाज को पिछले महीने सऊदी अरब के जेद्दा में आयोजित आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में कोई खरीदार नहीं मिला। शॉ को आईपीएल नीलामी में 75 लाख रुपए के बेस प्राइस पर अनसोल्ड रहने से पहले मुंबई की रणजी ट्रॉफी टीम से भी बाहर कर दिया गया था। 2018 अंडर-19 विश्व कप विजेता कप्तान को बड़े प्लेयर के रूप में देखा जा रहा था, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में हुई घटनाओं ने उन्हें भारतीय क्रिकेट टीम के विचार से बाहर कर दिया है। वह वर्तमान में चल रही सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मुंबई के लिए खेल रहे हैं, लेकिन अपने खेल से अब तक प्रभावित करने में विफल रहे हैं। पूर्व बीसीसीआई चयनकर्ता जतिन परांजपे को लगता है कि युवा खिलाड़ी को 'अपनी मानसिक सोच में पूरी तरह बदलाव' की जरूरत है। परांजपे ने अपने कॉलम में इस बाबत अपनी राय साझा की। परांजपे ने यह भी बताया कि शॉ को फिट होने के लिए कुछ वजन कम करने की जरूरत है। पूर्व बीसीसीआई चयनकर्ता ने कहा, 'अगर मैं पृथ्वी होता, तो मैं जल्दी से मूल्यांकन करता और निष्कर्ष निकालता कि फिटनेस एक बड़ी कमी है। इसके बिना क्रिकेट में उसका भविष्य अनिश्चित है। मैं इस पहलू पर जोर दूंगा, अगर वह ताकत खोए बिना 7 से 10 किलोग्राम वजन कम कर सकता है, तो यह एक महत्वपूर्ण शुरुआत होगी।'

उन्होंने कहा, 'अगर मैं उनकी जगह होता, तो मैं रामजी श्रीनिवासन के साथ चेन्नई में 10 दिन बिताता और अगले दो या तीन साल पूरी तरह से इस बदलाव के लिए समर्पित कर देता। अगले 45 से 60 दिनों में नतीजे दिखने शुरू हो जाएंगे।' परांजपे ने आगे कहा कि शॉ को स्पिन के खिलाफ अपने खेल में सुधार करने की जरूरत है और सुनिश्चित करना होगा कि वह आसानी से अपना विकेट न गंवाएं। उन्होंने कहा, 'चलिए कौशल वाले हिस्से पर आते हैं। मैंने अक्सर उनसे कहा है कि वह अपने विकेट के साथ बहुत उदार दिखते हैं, खासकर स्पिनरों के खिलाफ। भारत में लगभग हर घरेलू स्पिनर उन्हें आउट करने में कामयाब रहा है। उन्हें स्पिन के खिलाफ अपने खेल का पुनर्मूल्यांकन करने की जरूरत है।'

# 6 विकेट लेकर बोले मिशेल स्टार्क- आज ऐसा लग रहा था कि गेंद...



**एडिलेड (एजेंसी)।** बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क का दिन-रात के टेस्ट मैचों में गुलाबी कूकाबुरा गेंद से शानदार प्रदर्शन जारी है। स्टार्क ने एडिलेड के मैदान पर भारतीय टीम के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले ही दिन 14.1 ओवर में 6-48 के आंकड़े दिए। स्टार्क की इस गेंदबाजी के कारण भारतीय टीम पहले ही दिन 180 रन पर आऊट हो गई। छह मिमी घास वाली पिच पर स्टार्क ने खेल की पहली ही गेंद पर यशस्वी जयसवाल को एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया था। ऐसा होते ही लोगों को 2021 में गाबा के मैदान पर स्टार्क द्वारा इसी तरह आऊट किए गए रोबी बर्न्स याद आ गए। इसके बाद उन्होंने केएल राहुल को आउट करने के लिए डबल स्ट्राइक की और रविचंद्रन अश्विन, हर्षित राणा और नितीश कुमार रेड्डी को आउट करने से पहले विराट कोहली का भी विकेट लिया।

स्टार्क ने डिनर ब्रेक के दौरान प्रसारकों से कहा कि वास्तव में गेम दर गेम कुछ भी नहीं बदलता है, यह एक अच्छी शुरुआत थी। मुझे नहीं पता। मैं बता नहीं सकता। ऐसा महसूस हो रहा है कि गेंद अच्छी तरह से बाहर आ रही है; हमने उतना बुरा नहीं खेला; उन्होंने पर्थ में हमसे बेहतर खेला। स्टार्क के घातक स्पैल के कारण भारतीय टीम गुलाबी गेंद वाले टेस्ट में पहले दिन पकड़ बनाने में नाकामयाब रही। स्टार्क अब पिंक टेस्ट में सबसे अधिक पांच विकेट लेने का कारनामा कर चुके हैं। उन्होंने अपने प्रदर्शन पर कहा कि निश्चित रूप से आज उतनी मदद नहीं मिली। यह (गुलाबी गेंद) अजीब पैच से गुजरती है, ज्यादा कुछ नहीं करती। पहले दिन आप उम्मीद करते हैं कि थोड़ी सी घास के साथ ऐसा किया जाएगा। थोड़ा सा, हो सकता है कि हमारे अनुमान के अनुसार यह बाद में थोड़ा सूख जाए लेकिन पहले घंटे के अलावा जब हम थोड़े चौड़े थे तो हम अच्छे थे।

# अंडर 19 एशिया कप क्रिकेट : वैभव की आक्रमक पारी से भारतीय टीम ने श्रीलंका को हराया , बांग्लादेश से होगा फाइनल



**शारजाह (एजेंसी)।** वैभव सूयवंशी की आक्रामक पारी से भारतीय अंडर 19 टीम एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गयी है। भारतीय टीम ने दूसरे सेमीफाइनल मैच में श्रीलंका को सात विकेट से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनायी। इस मुकाबले में श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम को जीत के लिए 174 रन का लक्ष्य दिया जिसे भारतीय टीम ने 21.4 ओवर में ही प्राप्त कर लिया1

श्रीलंका की ओर से पारी की शुरुआत करते हुए दुलनिथ सिगेरा और पुलिंदु परेरा 2 और 6 रन ही बना पाये। वहीं तीसरे नंबर पर आए शरुजन ने 42 रन बनाये। अलावा लैकविन अभयसिंघे ने 69 रनों की पारी खेली। इन दोनों की शानदार पारी की सहायता से श्रीलंका की टीम ने 173 रन बनाये। भारतीय टीम की ओर से चेतन शर्मा ने सबसे अधिक 3 जबकि आयुष महात्रे और किरण चोरमल ने 2-2 विकेट लिए।

इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए वैभव के 67 रनों की सहायता से भारतीय टीम ने 21.4 ओवर में ही मुकाबला जीत लिया। इसके अलावा आयुष ने 28 गेंदों में 34 रन बनाए। . वैभव ने अपनी पारी में 6 चौके और 5 छक्के मारे। वहीं आंद्रे सिद्धार्थ ने 24 गेंदों में 20 रन बनाए। वहीं एक अन्य सेमीफाइनल में बांग्लादेश ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराया। पाक अंडर 19 ने 116 रन बनाये और इस लक्ष्य को बांग्लादेश अंडर-19 टीम ने 3 विकेट पर 120 रन बनाकर हासिल कर लिया। ऐसे में अब 8 दिसंबर को दुबई में होने वाले खिताब मुकाबले में भारतीय टीम का मुकाबला बांग्लादेश से होगा।

## यशस्वी को मैच की पहली ही गेंद पर आउट कर स्टार्क ने बनाया विश्व रिकॉर्ड



एडीलेड ।भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली ही गेंद पर आउट हो गये ।यशस्वी को मिचेल स्टार्क ने आउट किया ।इससे यशस्वी जायसवाल गोल्डन डक होने वाले क्लब में शामिल हो गये ।दिन-रात के इस मैच में भारतीय टीम की शुरुआत यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने की ।मैच की पहली ही गेंद का सामना करने में यशस्वी विफल रहे और स्टार्क ने एक विश्व रिकार्ड बना लिया ।इसी के साथ ही मिचेल स्टार्क ने पहली ही गेंद पर सबसे अधिक विकेट लेने के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की है ।इस प्रकार स्टार्क ने टेस्ट करियर में तीसरी बार मैच की पहली ही गेंद पर विकेट लिया है ।वहीं उनसे पहले केवल वेस्टइंडीज के पेड्रो कॉलिंस के नाम ही ये उपलधि है ।इसके अलावा भारतीय टीम के महान ऑलराउंडर कपिल देव के नाम टेस्ट करियर में अपनी पहली ही गेंद पर 2 बार विकेट लेने का रिकार्ड है ।कपिल के अलावा रिचर्ड हैडली, ज्योफ अर्नॉल्ड और सुरंगा लकमल ने भी दो बार पहली ही गेंद पर विकेट लिए हैं ।

# 36 साल के हुए रविन्द्र जडेजा

मुम्बई ।भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा 6 दिसंबर को 36 साल के हो गये ।इस अवसर पर उन्हें साथ खिलाड़ियों के साथ ही प्रशंसकों ने भी बधाई दी है। जडेजा भारतीय क्रिकेट के सबसे अच्छे ऑलराउंडरों में उनकी गिनती होती है। जडेजा इस साल की शुरुआत में टी20 विश्वकप में मिली जीत के बाद टी20 क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। टेस्ट में उनके नाम 300 से अधिक विकेट होने के साथ ही 3000 से अधिक रन हैं। वह दो बार सफेद गेंद से आईसीसी खिताब जीतने के दौरान टीम में रहे हैं। ये जीत उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी 2013 और आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 में मिली हैं। जडेजा ने अपने करियर के यादगार इस साल की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ मुंबई टेस्ट के दौरान दोनो ही पारियों में पांच-पांच विकेट लिए थे।एक पारी में 100 से अधिक रन और 5 विकेट का रिकार्ड भी उनके नाम है।साल 2022 में श्रीलंका के खिलाफ मोहाली टेस्ट के दौरान जडेजा एक पारी में शतक और पांच विकेट लेने वाले भारतीय क्रिकेटरों की सूची में शामिल हो गए।



# बुमराह से मुकाबले को लेकर कोई दबाव नहीं : हेड

एडिलेड ।ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने कहा कि वह भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का सामना करने को लेकर डरे हुए नहीं हैं।हेड ने कहा, बुमराह स्टंप्स पर आक्रामक करना पसंद करते हैं।वह शॉर्ट गेंदों का भी अच्छा इस्तेमाल करते हैं और ज्यादा रन बनाने का मौका नहीं देते पर मेरा मानना है कि अगर आप अपने पैरों की मूवमेंट को लेकर सतर्क रहें और ध्यान दें कि वह कहां से आपको आउट कर सकते हैं तो आप आप रन बना सकते हैं। मैं इसी ध्यान देते हुए काम करता हूं। वह दुनिया के बेहतरीन गेंदबाजों में से एक हैं पर मेरे लिए वह अन्य गेंदबाजों में से ही एक हैं जो मुझे पुरानी गुलाबी गेंद मुझे फेंक रहे होंगे।इसलिए मैं ज्यादा परेशान नहीं हूं।हेड ने पर्थ में हुए पहले टेस्ट में भी शानदार बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक लगाया था। वहीं पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर नेएडिलेड में गुलाबी गेंद से स्कॉट बोलैंड की गेंदबाजी देखने के लिए उत्सुक थे और उनकी ये इच्छा पूरी हो गयी। बोलैंड इस मैच में चोटिल जोश हेजलवुड की जगह उतरे और उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की।बोलैंड ने करीब 18 महीने बाद टेस्ट मैच में वापसी की है।बोलैंड ने एडिलेड ओवल में अब तक एक ही टेस्ट खेला है, जिसमें उन्होंने 2022 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 3 विकेट (3/45) लिए थे।



# डब्ल्यूएफआई ने तदर्थ पैनल के अधिकार क्षेत्र को बहाल करने के उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी

**ब्रिसबेन (एजेंसी)।** नयी दिल्ली । भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाते हुए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को महासंघ के मामलों के संचालन के लिए एक तदर्थ पैनल का पुनर्गठन करने की स्वतंत्रता देने के आदेश को चुनौती दी। यह अपील कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विभु बाखरू और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ के समक्ष आई जिसने इसे 18 दिसंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया क्योंकि एक पक्ष के वकील बृहस्पतिवार को उपलब्ध नहीं थे।

डब्ल्यूएफआई ने एकल न्यायाधीश की पीठ के 16 अगस्त के अंतरिम आदेश को चुनौती दी है जिसमें कहा गया था कि आईओए का तदर्थ समिति को भंग करने का निर्णय पिछले साल दिसंबर में चुनावों के तुरंत बाद डब्ल्यूएफआई को निलंबित करने के खेल मंत्रालय के आदेश के अनुरूप नहीं है। एकल न्यायाधीश ने कहा था कि निलंबन आदेश वापस लिए जाने तक तदर्थ समिति के लिए महासंघ के मामलों का संचालन करना आवश्यक है।



## चैम्पियंस ट्रॉफी अब हाइब्रिड मॉडल पर आयोजित होगी : पीसीबी भारतीय टीम के मैच दुबई में खेले जाएंगे

दुबई ।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की फटकार के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) चैम्पियंस ट्रॉफी को हाइब्रिड मॉडल पर आयोजित करने के लिए तैयार हो गया है।ऐसे में अब भारतीय टीम के मैच दुबई में खेले जाएंगे ।इससे पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड बीसीसीआई ने सुरक्षा कारणों से अपनी टीम पाक भेजने से इंकार कर दिया था ।अब साल 2027 तक कई टीम वाली प्रतियोगिताओं में इसी तरह की व्यवस्था के लिए 'सैद्धांतिक रूप से सहमति बन गई है ।आईसीसी के अनुसार दुबई में आईसीसी के नए चेयरमैन जय शाह और पाकिस्तान सहित निदेशक मंडल के बीच एक अनौपचारिक बैठक के दौरान ही इस फैसले को अंतिम रूप दिया गया ।आईसीसी सूत्र का कहना है कि सभी पक्षों ने सैद्धांतिक रूप से सहमति व्यक्त की है कि 2025 चैंपियंस ट्रॉफी यूएई और पाकिस्तान में आयोजित की जाएगी जबकि भारतीय टीम अपने मैच दुबई में खेलेगी ।यह सभी हितधारकों के लिए जीत की स्थिति है ।चैंपियंस ट्रॉफी अगले साल फरवरी-मार्च में पाक में आयोजित की जाएगी ।इससे पहले पीसीबी ने पिछले सप्ताह आईसीसी की पिछली बैठक में बहिष्कार की धमकी वापस लेते हुए हाइब्रिड मॉडल पर सहमति जताई थी और 2031 तक अपने लिए भी इसी तरह की व्यवस्था की मांग की थी ।

# करण सिंह जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को निजी प्रायोजकों और महासंघ से सहयोग की जरूरत : बोपन्ना



मुंबई ।भारत के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने निजी प्रायोजकों और राष्ट्रीय महासंघ से करण सिंह जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया।बोपन्ना अभी टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) में राजस्थान रेंजर्स की तरफ से खेल रहे हैं जो 154 अंक लेकर अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है और फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बना हुआ है।टेनिस प्रीमियर लीग की विज्ञप्ति के अनुसार बोपन्ना ने कहा कि मैं करण को खेलते हुए देख रहा हूं और मुझे लगता है कि वह बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी है। हमें इस तरह के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए न सिर्फ निजी प्रायोजकों बल्कि राष्ट्रीय महासंघ से भी सहयोग की जरूरत है। यह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है कि युवा खिलाड़ियों को बड़े मंच पर खेलने का मौका मिल रहा है।'' बोपन्ना पहली बार टीपीएल में भाग ले रहे हैं।वह पुरुष युगल और मिश्रित युगल में अपनी चुनौती पेश कर रहे हैं।

# यशस्वी को देखकर एक दशक पहले का अपना दौरा याद आ गया : राहुल

एडीलेड।बल्लेबाज केएल राहुल ने कहा है कि वह जब भी युवा यशस्वी जायसवाल को देखते हैं।उन्हें एक दशक पहले का अपना ऑस्ट्रेलिया दौरा याद आ जाता है।वह एक प्रकार से यशस्वी में अपने आप को देखते हैं।राहुल ने साल 2014-15 की मेलबर्न क्रिकेट मैदान (एमसीजी) पर पदार्पण करते हुए छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए तीन और एक रन बनाये थे पर इसके बाद अगले मैच मैच में उन्होंने सलामी बल्लेबाज के रूप में जबरदस्त वापसी करते हुए सिडनी में 110 रन बनाये थे।सिडनी में दूसरी पारी में राहुल दबाव में भी थे।उन्होंने एक घंटे में मुरली विजय के साथ तब केवल 16 रन बनाए थे, तब विजय ने उन्हें आराम से खेलने को कहा था। राहुल अब यशस्वी जायसवाल के साथ वही भूमिका निभाने का प्रयास कर रहे हैं जो पूर्व सलामी बल्लेबाज और राष्ट्रीय टीम के सीनियर साथी विजय ने उनके साथ निभाई थी।राहुल और यशस्वी ने पर्थ में पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 201 रन की रिकार्ड साझेदारी की थी।यशस्वी ने पर्थ में शतक लगाया था जबकि राहुल ने 77 रन बनाए थे।यशस्वी के साथ अपनी बातचीत के बारे में पूछे जाने पर राहुल ने कहा, 'मैंने उसमें अपने आप को देखा, जैसा कि मैं 10 साल पहले था, पहली बार पारी की शुरुआत कर रहा था, बहुत सारे संदेह, बहुत सारी घबराहट और आप अपने खेल पर संदेह करते रहते हैं और आपके दिमाग में बहुत कुछ चलता रहता है और इसलिए आप बस इतना कर सकते हैं कि चीजों को धीमा करने की कोशिश करें, कुछ गहरी सांसें लेने की कोशिश करें।राहुल ने सिडनी में अपने टेस्ट शतक को याद करते हुए कहा कि उनसे यही बात तब विजय ने कही थी।



# मैच देखने 10 किलोमीटर पैदल चलते थे, अब हॉकी इंडिया लीग में छाप छोड़ने को तैयार हैं कप्तान आमिर अली

**नई दिल्ली (एजेंसी)** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के 20 वर्षीय कप्तान आमिर अली आगामी हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 में अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार हैं। नीलामी में टीम गोनासिका द्वारा 34 लाख रुपए में खरीदे गए आमिर का भारतीय हॉकी के शीर्ष पर पहुंचना किसी प्रेरणा से कम नहीं है। लखनऊ में जन्मे और पले-बढ़े आमिर एक बाइक मैकेनिक के बेटे हैं। उन्होंने स्कूल के बाद अपने पिता की मदद करने और हॉकी के प्रति अपने जुनून को पूरा करने के लिए काम के साथ-साथ कोचिंग के बीच संतुलन बनाए रखा। पार्ट-टाइम मैकेनिक के रूप में काम करने से लेकर प्रमुख अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भारतीय जूनियर टीम की कप्तानी करने तक का उनका सफर उनके करियर को परिभाषित करने वाली दृढ़ता और समर्पण को दर्शाता है।

अपनी यात्रा और हॉकी खिलाड़ी बनने के लिए उन्हें किस बात ने प्रेरित किया, आमिर ने बताया, 'अपनी किशोरावस्था के दौरान मैं अपने पिता की बाइक मैकेनिक की नौकरी से शर्मिंदगी महसूस करता था, क्योंकि मैं यह समझने के लिए पर्याप्त परिपक्व नहीं था कि कोई भी काम छोटा नहीं है। लेकिन यह हमारे परिवार के संघर्ष ही थे, जिन्होंने मुझे हॉकी में अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया। मैं अपनी वित्तीय स्थिति को बदलना चाहता था और अपने परिवार और देश को गौरवान्वित करना चाहता था। यही इच्छा हॉकी खिलाड़ी के रूप में सफल होने के लिए मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा बन गई।'

उन्होंने कहा, 'अब, मैं हॉकी खेलकर जो भी कमाता हूं, मैं उसे अपने पिता को भेजता हूं, क्योंकि मैं नहीं चाहता कि उन्हें किसी भी कठिनाई का सामना करना पड़े। मेरा लक्ष्य उन्हें हर संभव तरीके से सहायता प्रदान करना है और यह जानना कि इससे उन्हें खुशी मिलती है, यही मुझे वास्तव में संतुष्टि देता है।'

उल्लेखनीय है कि आमिर एक डिफेंडर हैं और ने हाल ही में भारतीय टीम को जूनियर एशिया कप खिताब दिलाया और अब वह अपनी जीत की लय को जारी रखने के उद्देश्य से आगामी हॉकी इंडिया लीग में खेलने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, 'जूनियर एशिया कप जीतना मेरे लिए बहुत बड़ा आत्मविश्वास बढ़ाने वाला था और मैं इस जीत की लय को लीग में भी जारी रखने के लिए तैयार हूं। HIL में सीनियर खिलाड़ी अपना अनुभव लेकर आएंगे और मैं उनके साथ सीखने और प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हूं।'

दिलचस्प बात यह है कि आमिर का हॉकी इंडिया लीग से जुड़ाव उनके बचपन से है। उन्होंने बताया कि कैसे एक युवा लड़के के रूप में वह अपने आदर्श मनप्रीत सिंह को लखनऊ में HIL मैच खेलते देखने के लिए 10 किलोमीटर पैदल चलकर जाते थे। अब आमिर के लिए जीवन का चक्र पूरा हो गया है क्योंकि उन्होंने न केवल उसी प्रतिष्ठित लीग में अपनी जगह बनाई है बल्कि टीम गोनासिका में अपने आदर्श मनप्रीत सिंह के साथ खेलेंगे।

उन्होंने कहा, 'यह सोचना कि मैं कभी HIL मैच देखने गया था और अब मैं उनमें खेलूंगा, एक बहुत ही खास एहसास है। मेरे माता-पिता गर्व महसूस करते हैं और इससे मुझे बहुत खुशी मिलती है। मैं अपने आदर्श मनप्रीत सिंह के साथ खेलने के लिए बहुत उत्साहित हूं और उनसे सीखने और उनके मार्गदर्शन में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए उत्सुक हूं।' युवा डिफेंडर आगामी सत्र के लिए अपने लक्ष्यों के बारे में स्पष्ट हैं। मैं अपना 100 प्रतिशत देना चाहता हूं और यह सुनिश्चित करना चाहता हूं कि टीम गोनासिका अच्छा प्रदर्शन करे। मुझे बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है, और मैं टीम की सफलता में योगदान देकर उस विश्वास को चुकाने के लिए दृढ़ संकल्पित हूं। आगामी सत्र के लिए मेरा लक्ष्य अपनी टीम के साथ HIL ट्रॉफी उठाना है।'



जमीनी स्तर की हॉकी से राष्ट्रीय स्तर तक आमिर की यात्रा महत्वाकांक्षी एथलीटों के लिए प्रेरणा का काम करती है। युवा खिलाड़ियों को उनका संदेश कड़ी मेहनत, अनुशासन और कोचों के प्रति सम्मान है। उन्होंने सलाह दी, 'हमेशा अपने कोच का सम्मान करें, अनुशासित रहें और कड़ी मेहनत करें। अगर आप अपने काम के प्रति ईमानदार हैं, तो आप अपना लक्ष्य हासिल कर लेंगे।'

## संक्षिप्त समाचार

### बाइडेन ने विदाई से पहले भारत के साथ जबरदस्त रक्षा डील को दी मंजूरी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन ने सोमवार को कांग्रेस (अमेरिका की संसद) को अधिसूचित किया कि उसने 'एमएच-60आर मल्टी-मिशन हेलीकॉप्टर इक्यूपमेंट और संबंधित उपकरणों की बिक्री को मंजूरी देने का फैसला किया है



जिसकी अनुमानित लागत 1.17 अरब अमेरीकी डॉलर है। रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी ने 'कांग्रेस को एक अधिसूचना में बताया कि उपकरणों की बिक्री की प्रस्तावित योजना, भारत की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं का उन्नयन कर वर्तमान और भविष्य के खतरों को रोकने की क्षमता में सुधार करेगी। बाइडेन प्रशासन ने भारत को प्रमुख रक्षा उपकरणों की बिक्री की मंजूरी अपने चार साल के कार्यकाल के पूरा होने से कुछ सप्ताह पहले दी है। पांच नवंबर को हुए राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल करने के बाद डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी 2025 को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे। अधिसूचना के अनुसार, भारत ने 30 'मल्टीफंक्शनल इन्फॉर्मेशन डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम-जॉइंट टेक्टिकल रेडियो सिस्टम्स (एमआईडीएस-जेटीआरएस) खरीदने का प्रस्ताव रखा है। इस बिक्री में मुख्य रूप से अनुबंध 'लॉकहीड मार्टिन रोटरी और मिशन सिस्टम के साथ होगा। इसमें कहा गया है कि इसके कार्यान्वयन के वास्ते तकनीकी सहायता और प्रबंधन निरीक्षण के लिए अस्थायी आधार पर अमेरिका की सरकार 20 या अनुबंध में शामिल कंपनियों के 25 प्रतिनिधियों की भारत की यात्रा की जरूरत होगी।

### इमरान खान, उनकी पत्नी और 94 अन्य के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की आतंकवाद निरोधक अदालत ने इमरान खान की पार्टी के समर्थकों द्वारा पिछले सप्ताह इस्लामाबाद में किए गए प्रदर्शन से संबंधित एक मामले में पूर्व प्रधानमंत्री खान, उनकी पत्नी बुशरा बीबी, खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर और 93 अन्य के खिलाफ सोमवार को गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। 'पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान ने 24 नवंबर को देशव्यापी प्रदर्शन के लिए ''अंतिम आह्वान किया था जिसमें उनकी और अन्य नेताओं को रिहा करने, आठ फरवरी के चुनावों में पीटीआई की जीत को मान्यता देने के अलावा 26वें संविधान संशोधन को निरस्त करने की मांग की गई थी। 26वें संविधान संशोधन ने न्यायाधीशों और मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति की प्रक्रिया को बदल दिया था। इस्लामाबाद पुलिस ने इस्लामाबाद स्थित आतंकवाद निरोधक अदालत (एटीसी) में 96 संदिग्धों की सूची सौंपी, जिसमें पार्टी के प्रमुख नेताओं जैसे इमरान खान, बुशरा बीबी, गंडापुर, पूर्व राष्ट्रपति आरिफ अल्वी, नेशनल असेंबली के पूर्व अध्यक्ष असद कैसर, पार्टी अध्यक्ष गौहर खान, नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता उमर अयूब खान और कई अन्य नेताओं के नाम शामिल था। इस्लामाबाद पुलिस ने अदालत से इन सभी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का अनुरोध किया था।

### पाकिस्तान में खिलौना बम फटने से 2 सगे भाइयों समेत तीन बच्चों की मौत

**पेशावर, एजेंसी।** पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में सोमवार को खिलौना बम फटने से दो सगे भाइयों समेत कम से कम तीन बच्चों की मौत हो गई। यह घटना बन्नू के वजीर उपखंड के जानी खेल इलाके में हुई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बच्चे मदरसे से घर लौट रहे थे तभी मोर्टार के खोल में विस्फोट हुआ और दो भाइयों समेत तीन छात्रों की मौत हो गई। मोर्टार का खोल एक सुनसान इलाके में पड़ा था। बच्चों ने इसे खिलौना समझकर उठा लिया, जिससे भीषण धमाका हुआ। पूर्व में भी कई बच्चे इस तरह के ''खिलौनों से खेलते समय अपनी जान गंवा चुके हैं। ये 'खिलौने जांच में विस्फोटक उपकरण निकले। इस तरह की घटनाएं ज्यादातर उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में ही सामने आती रही हैं। सोवियत सेना द्वारा 1980 के दशक में पड़ोसी अफगानिस्तान में उनके आक्रमण का विरोध करने वाले लोगों के खिलाफ हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने के लिए ''खिलौना बम गिराए गए थे।

### इजराइल में मस्जिदों से स्पीकर हटाए जाएंगे-पुलिस को स्पीकर जब्त करने का आदेश

**तेल अवीव, एजेंसी।** इजराइल में मस्जिदों में स्पीकर से अजान पर रोक लगा दी गई है। रक्षा मंत्री इतामार बेन ग्विर ने पुलिस को मस्जिदों में लगे स्पीकर जब्त करने और शोर करने पर जुर्माना लगाने का आदेश दिया है। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, पूर्वी यरुशलम और कई दूसरे इलाकों में मस्जिदों से आने वाले तेज शोर की शिकायत की गई है। स्पीकर बैन की मांग करने वालों का कहना है कि इसकी तेज आवाज से सुबह की नींद में खलल पड़ता है। बेन ग्विर ने पुलिस कमांडरों से कहा- वह जल्द एक बिल पेश करेंगे जो शोर मचाने वाली मस्जिदों पर जुर्माना बढ़ाया जाएगा। कुछ शहरों के मेयर ने कहा- हम बेन ग्विर के इस कदम को मुस्लिमों के खिलाफ उकसावे की कार्रवाई के तौर पर देखते हैं, इससे दंगे फैल सकते हैं।

# चीन की सेना को खोखला कर रहा भ्रष्टाचार ! शी जिनपिंग भी परेशान

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन की सेना में इन दिनों खलबली मची हुई है। यहां एक के बाद एक भ्रष्टाचार के कई मामले सामने आए हैं और कई बड़े अधिकारियों पर भी गाज गिरी है। फिलहाल चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग अपने सैन्य नेतृत्व में भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखे हुए हैं। इसी क्रम में उन्होंने एक और बड़े अधिकारी पर शिकंजा कसा है। हाल ही में रक्षा मंत्रालय ने घोषणा की है कि केंद्रीय सैन्य आयोग (सीएमसी) के सदस्य और राजनीतिक कार्य विभाग के प्रमुख एडमिरल मियाओ हुआ को अनुशासनहीनता के गंभीर आरोपों के चलते निलंबित कर दिया गया है और उनके खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है। चीन में यह शब्द आमतौर पर भ्रष्टाचार के मामलों के लिए प्रयोग किया जाता है।

**मियाओ को हाल ही में लिया गया था हिरासत में :** रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वू क्यान ने बताया कि मियाओ की उम्र 69 वर्ष है और वह शी जिनपिंग के करीबी माने जाते हैं। उन्होंने 1990 और 2000 के दशक की शुरुआत में फुजियान प्रांत में एक राजनीतिक अधिकारी के रूप में कार्य किया था, जब शी वहां स्थानीय अधिकारी थे। मियाओ को कथित तौर पर नौ नवंबर को हिरासत में लिया गया था।

**पीएलए में भ्रष्टाचार के खिलाफ व्यापक अभियान :** पिछले वर्ष से, शी



जिनपिंग ने चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) में भ्रष्टाचार के खिलाफ व्यापक अभियान छेड़ा है। उनके निशाने पर विशेष रूप से रॉकेट फोर्स है, जो चीन के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को संभालती है। इस दौरान कई उच्च रैंक के जनरलों को उनके पदों से हटा दिया गया, जिनमें पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफु और वेई फेंघे शामिल हैं। दोनों को जून में पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था।

**पीएलए नेताओं के लिए एक बड़ी नाकामयाबी :** एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टीट्यूट के राष्ट्रीय सुरक्षा विशेषज्ञ लाइल मॉरिस ने कहा, अक्तूबर 2022 में 20वीं पार्टी कांग्रेस में छह सदस्यीय सीएमसी की घोषणा की गई थी। बाद में दो लोगों ली शांगफू और मियाओ हुआ को जांच के दायरे में रखा गया। यह अकेले ही शी के सबसे भरोसेमंद पीएलए नेताओं के लिए एक बड़ी नाकामयाबी है। उन्होंने कहा कि मियाओ ने नौसेना की वर्दी पहनी हुई थी, लेकिन उनकी पृष्ठभूमि मुख्य रूप से ताइवान का सामना करने वाली जमीनी सेना में थी। वास्तव में, फुजियान प्रांत में उनकी पोस्टिंग शी के प्रशासनिक समय के साथ मेल खाती थी। शी के एक शिष्य होने के नाते, उन्हें दिसंबर 2014 में पीएलए नेवी (पीएलएएन) में स्थानांतरित होने और इसका राजनीतिक आयुक्त बनने की अनुमति मिली। उनकी गैर-पारंपरिक क्रॉस-सेवा पुनः नियुक्तियां शी के स्थापित नेटवर्क को दरकिनार करने और व्यक्तिगत वफादारी विकसित करने के प्रयास के पैटर्न को दर्शाती हैं। इतना ही नहीं, शी के सत्ता में आने के बाद से मियाओ सातवें सीएमसी सदस्य बने। शी ने व्यक्तिगत रूप से 31 जुलाई 2015 को उन्हें पूर्ण एडमिरल के पद पर पदोन्नत किया और अक्तूबर 2017 में उन्हें सीएमसी में पदोन्नत किया।

**शी जिनपिंग का सैन्य सुधार अभियान :** शी जिनपिंग का उद्देश्य चीन की सेना को विश्व-स्तरीय बनाने का है, जिसके तहत उन्होंने सेना की युद्ध क्षमता और क्षेत्रीय दावों की रक्षा को मजबूत करने के लिए अरबों डॉलर का निवेश किया है। इसके बावजूद, पीएलए में भ्रष्टाचार की गहरी जड़ें शी जिनपिंग के सैन्य सुधार अभियान को चुनौती दे रही हैं। लाइल मॉरिस ने कहा, चीन की सेना में भ्रष्टाचार केवल कुछ अधिकारियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरी प्रणाली में गहराई से समाया हुआ है। यह समस्या शी जिनपिंग और उनके उत्तराधिकारियों के लिए आने वाले वर्षों में भी चुनौती बनी रहेगी। यह घटनाक्रम तब हो रहा है, जब शी जिनपिंग अपनी सेना को अत्याधुनिक और लड़ाई के लिए तैयार बनाने के अपने मिशन को आगे बढ़ा रहे हैं।

**क्या बोले वुथनो :** अमेरिका में नेशनल डिफेंस यूनिवर्सिटी में इंस्टीट्यूट फॉर नेशनल स्ट्रैटेजिक स्टडीज के जोएल वुथनो ने बताया, मियाओ हुआ को हटाना एक बड़ी बात है, क्योंकि वह अंतिम अंदरूनी व्यक्ति थे। किसी को यह भी सोचना होगा कि इसमें से कितना वित्तीय भ्रष्टाचार के बारे में है, और कितना पीएलए में अनियंत्रित शक्ति केंद्रों के उभरने की चिंताओं के बारे में है। दरअसल, भ्रष्टाचार के आरोपों में कई तरह के पाप शामिल हो सकते हैं, जैसे कि शी के राजनीतिक एजेंडे को कमजोर करना, गुट बनाना, शी के निर्देशों को पूरी तरह से लागू नहीं करना, या यहां तक कि शी की राजनीतिक सुरक्षा को भी खतरे में डालना। मियाओ के वास्तविक अपराध से कोई फर्क नहीं पड़ता, चीन की आर्थिक दुर्दशा के बिगड़ने के साथ शी तेजी से बौखलाए दिख रहे हैं। मियाओ के निलंबित होने के साथ, सीएमसी में केवल पांच लोग रह गए हैं, जिसमें शी इसके अध्यक्ष भी शामिल हैं।

## बांग्लादेश हाई कोर्ट में भारतीय टीवी चैनलों पर प्रतिबंध लगाने की मांग



**ढाका, एजेंसी।** ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दायर की गई है. इस याचिका में बांग्लादेशी संस्कृति और समाज पर भारतीय मीडिया के प्रभाव पर बढ़ती चिंताओं का हवाला देते हुए देश में भारतीय टीवी चैनलों के प्रसारण पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है. सोमवार को याचिका दायर करने वाले वकील एखलास उद्दीन भुइयां ने भारतीय टीवी चैनलों के प्रसारण पर रोक लगाने के लिए केबल टेलीविजन नेटवर्क ऑपरेशन एक्ट 2006 के तहत निर्देश देने की मांग की है.

ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, इसमें यह भी पूछा गया है कि बांग्लादेश में भारतीय टीवी चैनलों पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश देने वाला नियम क्यों नहीं जारी किया जाना चाहिए. न्यायमूर्ति फातिमा नजीब और न्यायमूर्ति सिकदर महमूदुर रजी की उच्च न्यायालय की पीठ में आवेदन पर सुनवाई हो सकती है. याचिका में सूचना मंत्रालय और गृह मंत्रालय के सचिव, बांग्लादेश दूरसंचार नियामक आयोग (बीटीआरसी) और अन्य को प्रतिवादी बनाया गया है. ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, याचिका में स्टार जलसा, स्टार प्लस, जी बांग्ला, रिपब्लिक बांग्ला और अन्य सभी भारतीय टीवी चैनलों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है. याचिका में आरोप लगाया गया है कि भारतीय चैनलों पर भड़काऊ खबरें प्रसारित की जा रही हैं. बांग्लादेशी संस्कृति का विरोध करने वाली सामग्री का अनियंत्रित प्रसारण युवाओं को बर्बाद कर रहा है. इसके अलावा, यह आरोप लगाया गया है कि ये चैनल किसी भी नियमन का पालन किए बिना काम करते हैं. उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समूहों के खिलाफ हिंसक हमलों में वृद्धि देखी गई है, जिससे अधिक सुरक्षा और समर्थन की मांग की जा रही है।

## बांग्लादेशी हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ वैश्विक स्तर पर विरोध तेज, कनाडा में सड़कों पर प्रदर्शन

**टोरंटो, एजेंसी।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और पुजारियों की गिरफ्तारी के विरोध की लहर अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर फैल रही है। इस्कॉन (अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण चेतना सोसायटी) ने बताया कि रविवार को दुनिया के 1000 से अधिक मंदिरों में बांग्लादेश में शांति और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा के लिए विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की गईं। कनाडा में बसे बांग्लादेशी हिंदुओं ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया और सरकार से बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए दबाव बनाने की अपील की। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश में हिंदुओं के सम्मान और सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की। बांग्लादेश प्रशासन ने इस्कॉन से जुड़े चिन्मय दास प्रभु को राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया। इसके बाद तीन अन्य हिंदू पुजारियों को भी हिरासत में लिया गया। रिपोर्ट्स के अनुसार, इन पुजारियों को दवाएं उपलब्ध कराने तक पर रोक लगा दी गई है। बांग्लादेश सरकार ने इस्कॉन के 63 ब्रह्मचारियों को वैध भारतीय वीजा और दस्तावेज होने के बावजूद भारत में प्रवेश करने से रोक दिया। इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि बांग्लादेशी सीमा पुलिस ने खुफिया विभाग के निर्देशों का हवाला देकर इन्हें रोका।

# अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा हिजबुल्ला, संघर्ष विराम समझौते का किया उल्लंघन

**यरुशलम, एजेंसी।** बीते एक साल से ज्यादा समय से इस्राइल और हमास के बीच जंग जारी हैं। वहीं, इस युद्ध की लपटें लेबनान और ईरान तक पहुंच चुकी हैं। हालांकि, शांति की एक पहल के रूप में इस्राइल और लेबनान ने शुरुआती दो महीने के लिए 27 नवंबर को संघर्ष विराम समझौते पर मुहर लगाई थी। मगर इस बीच, हिजबुल्ला और इस्राइल के बीच फिर तनातनी दिखी। दरअसल, इस्राइल का दावा है कि हिजबुल्ला ने संघर्ष विराम समझौते का उल्लघंन किया है। साथ ही चेतावनी दी है कि वह भी अपने नागरिकों की रक्षा के लिए काम करना जारी रखेगा।

**इस्राइल ने दिया हिजबुल्ला को मुंह तोड़ जवाब :** इस्राइली रक्षा बलों ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, इस्राइल की वायुसेना ने थोड़ी देर पहले लेबनान में हिजबुल्ला के आतंकवादियों, दर्जनों लांचरों और आतंकवादी बुनियादी ढांचे को मार गिराया। इसके अलावा, माउंट डोव की ओर दो प्रोजेक्टाइल हमले करने के तुरंत बाद वायुसेना ने दक्षिणी लेबनान के बरघोज क्षेत्र में हिजबुल्ला के लॉन्चर पर हमला किया।

**संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन :** उसने आगे कहा, हिजबुल्ला का आज रात का हमला इस्राइल और लेबनान के बीच संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन है। इस्राइल मांग करता है कि लेबनान में संबंधित पक्ष अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करें और लेबनानी क्षेत्र के भीतर से हिजबुल्ला की शत्रुतापूर्ण गतिविधि को रोकें। इस्राइल लेबनान



में युद्धविराम समझौते की शर्तों को पूरा करने के लिए बाध्य है। साथ ही चेतावनी देते हुए इस्राइली रक्षा बलों ने कहा, आईडीएफ जहां भी जरूरी होगा संचालन जारी रखने के लिए तैयार है और इस्राइल के नागरिकों की रक्षा के लिए काम करना जारी रखेगा।

**इस्राइल के युद्धविराम उल्लंघन का जवाब-हिजबुल्ला :** इससे पहले, हिजबुल्ला ने सोमवार को कब्जे वाले शेबा फार्म्स पर दो मिसाइलें दागी थीं। बीते बुधवार को युद्धविराम समझौता लागू होने के बाद हिजबुल्ला का यह पहला हमला था। इस्राइली सेना ने कहा था कि ये मिसाइलें खुले इलाकों में गिरीं और किसी को नुकसान नहीं हुआ। वहीं, हिजबुल्ला ने हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा था कि यह हमला इस्राइल द्वारा बार-बार युद्धविराम उल्लंघन का जवाब था। लेबनान ने इस्राइल पर पिछले छह दिनों में 50 से अधिक बार संघर्ष विराम का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। हिजबुल्ला ने कहा था कि इस्राइल के संघर्ष विराम उल्लंघनों ने कई रूप ले लिए हैं, जिनमें नागरिकों के खिलाफ गोलीबारी और लेबनान के विभिन्न क्षेत्रों पर हवाई हमले शामिल हैं। इन हमलों के परिणामस्वरूप कई नागरिक मारे गए और कई अन्य घायल हो गए।

## अमेरिका में भारतीय मूल के फोटोग्राफर पर नस्लीय हमला

### एलए एयरपोर्ट पर महिला ने भारतीयों को पागल कहा, एयरलाइन्स ने नो-फ्लाई लिस्ट में डाला

**लॉस एंजिल्स, एजेंसी।** लॉस एंजिल्स एयरपोर्ट पर शटल बस में भारतीय मूल के अमेरिकी फोटोग्राफर परवेज तौफीक और उनके परिवार पर नस्लीय हमला किया गया। एक महिला ने तौफीक के परिवार पर नस्लीय टिप्पणी करते हुए कहा- तुम्हारा परिवार भारत से है, तुम्हें रूल्स की कोई इज्जत नहीं है... भारतीय पागल हैं। महिला की इस हरकत पर यूनाइटेड एयरलाइन्स ने उसे नो-फ्लाई लिस्ट में डाल दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। मामले की शुरुआत तब हुई जब महिला ने तौफीक के बेटे पर नस्लीय टिप्पणी करना शुरू कर दिया। तौफीक ने जैसे ही इसका वीडियो बनाना शुरू किया तो महिला ने मिडिल फिंगर दिखाते हुए चिल्लाना शुरू कर दिया। महिला ने कहा- तुम्हारा परिवार भारत से है, तुम्हें रूल्स की कोई इज्जत नहीं है, तुम्हें लगता है कि तुम हर किसी को धक्का दे सकते हो। तुम लोग पागल हो। खुद को ही पीड़ित बताने लगी महिला मामला बिगड़ता देख जब सिक्योरिटी गार्ड्स को बुलाया गया तो महिला खुद को ही पीड़ित बताने लगी। महिला ने कहा- वह (एयरलाइन कर्मचारी)



इस बात की परवाह नहीं करती कि मैं नस्लवादी हूं, तुम मेरे लिए नस्लवादी हो, मैं अमेरिकन हूं। तौफीक ने कहा- हम भी अमेरिकन ही हैं। जवाब में महिला कहा- तुम अमेरिकी नहीं हो। ओरिजिनली नहीं। तुम भारत से हो। हालांकि, दूसरे पैसेंजर्स फोटोग्राफर का सपोर्ट किया। तौफीक ने घटना का वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा- इस वक्त मेरा खून खौल रहा है। मैं इस पर यकीन भी नहीं कर सकता। वह मेरे बच्चों को चुप रहने के लिए कह रही थी, और मैं अपना आपा खो बैठा। मैंने कहा- तुम्हें मेरे बच्चों से इस तरह बात करने का हक नहीं है। अमेरिका में भारतीय के खिलाफ नस्लीय हिंसा बढ़ी अमेरिका में पिछले कुछ वक्त से भारतीयों के खिलाफ नस्लीय हिंसा में बढ़ोतरी देखी गई है। साल 2024 के शुरुआती तीन महीनों में ही भारतीय छात्रों की हत्या का आंकड़ा दहाई को पार कर गया था। कंजर्वेटिव पार्टी ने इसे लेकर अमेरिकी संसद में सवाल भी पूछा था। जिसके जवाब में व्हाइट हाउस की तरफ से जारी बयान में इस तरह के मामले को लेकर जीरो टॉलरेंस की बात कही गई थी। इंडो-अमेरिकी डेमोक्रेट लीडर और कांग्रेस मैन श्री थानेदार ने हिंदूफोबिया के खिलाफ लड़ने की बात कही थी। उन्होंने जोर देकर कहा कि अमेरिका में घृणा के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए

## ट्रम्प ने हमास को धमकी दी-कहा- 20 जनवरी तक बंधकों को रिहा करो, नहीं तो गंभीर नतीजे भुगतने होंगे

**वाशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति-चुनाव डोनाल्ड ट्रंप ने मध्य पूर्व में चल रहे बंधक संकट के बारे में हमास को एक कड़ी चेतावनी जारी की है. उन्होंने कहा है कि यदि नियत समय से पहले बंधकों को रिहा नहीं किया गया तो मध्य पूर्व के कई देश नरक में बदल जायेंगे. ट्रम्प ने अपनी बात कहने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल का इस्तेमाल किया है. ट्रंप ने कहा कि कृपया इस सच्चाई को सभी लोग जान लें कि यदि 20 जनवरी तक बंधकों को रिहा नहीं किया गया. तो फिलिस्तिन के समर्थक मध्यपूर्व देशों को नरक बनते देर नहीं लगेगी. बता दें कि 20 जनवरी को ट्रंप अमेरिका के नये राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेंगे. यह बतौर राष्ट्रपति उनका दूसरा कार्यकाल होगा. ट्रंप ने इस मामले पर पिछली बातचीत में कहा कहा था कि हर मुद्दे पर वार्ता करने की बात हो रही है, लेकिन कोई भी मजबूत ढंग से बंधकों की रिहाई की बात नहीं कर रहा है. उनके लिए कोई कार्रवाई नहीं हो रही है. यह बहुत ही हिंसक बात है. उन्होंने कहा कि हर कोई उन बंधकों के बारे में बात कर रहा है, लेकिन सिर्फ बातें ही हो रही हैं. कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है. ट्रंप ने कसम खाई कि बंधक बनाने वाले लोग अमेरिका की ओर से विदेशी संस्थाओं के खिलाफ की गई किसी भी कार्रवाई से अधिक भीषण कार्रवाई का सामना करेंगे. उन्होंने कहा कि उन जिम्मेदार लोगों को अमेरिका के लंबे और संग्रहीत इतिहास में अबतक के सबसे भीषण हमलों का सामना करन पड़ेगा. 7 अक्टूबर को, हमास ने इजराइल पर एक आतंकी हमला किया, जिसमें 1,200 से अधिक लोग मारे गए और 250 से अधिक बंधकों को लिया. उनमें से लगभग 100 अभी भी कैद में हैं, और कई लोगों को मृत होने की आशंका है. जवाब में, इजराइल ने गाजा में हमास इकाइयों को एक मजबूत जवाबी लक्ष्य लॉन्च किया. हालांकि, इजरायल के ऑपरेशन के परिणामस्वरूप, गाजा में 45,000 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है. इस हफ्ते पेरिस जाएंगे ट्रम्प ट्रम्प इस हफ्ते के अंत में पेरिस जाने की योजना बना रहे हैं। वहां वे 7 दिसंबर को नोट्रे डेम कैथेड्रल चर्च के पुनः उद्घाटन समारोह का हिस्सा बनेंगे। राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद यह ट्रम्प की पहली विदेश यात्रा होगी। फ्रांस सरकार ने ट्रम्प को उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए न्योता भेजा था। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प की टीम इस यात्रा को लेकर फ्रांसीसी अधिकारियों से कई दिनों से बात कर रही थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक न्योता मिलते ही ट्रम्प तुरंत फ्रांस जाने के लिए तैयार हो गए। ट्रम्प को नोट्रे डेम कैथेड्रल से काफी लगाव है। अप्रैल, 2019 में जब यहां आग लगी थी तो ट्रम्प ने इसपर दुख जताया था। इस समारोह में 50 राष्ट्राध्यक्षों के आने की उम्मीद है।

# ऑस्ट्रेलिया : 2.34 टन कोकीन जब्त, पुलिस ने तय किए 13 लोगों पर आरोप

**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने देश के इतिहास में कोकीन की रिकॉर्ड खेप जब्त करने के मामले में 13 लोगों को गिरफ्तार कर उन पर आरोप तय किये हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, ऑस्ट्रेलियाई संघीय पुलिस (एएफपी) ने ऐलान किया कि उसने एक अंतरराष्ट्रीय आपराधिक गिरोह से जुड़ी जांच के बाद 11 वयस्कों और दो किशोरों को आरोपी बनाया है। इन पर समुद्र के रास्ते उत्तरपूर्वी ऑस्ट्रेलियाई राज्य क्वींसलैंड में 2.34 टन कोकीन आयात संबंधित आरोप लगाए गए है। बताया जा रहा है कि यह आस्ट्रेलियाई इतिहास में कोकीन की सबसे बड़ी जब्ती है, जिसका अनुमानित मूल्य 760 मिलियन आस्ट्रेलियाई डॉलर (493.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर) है। एएफपी और क्वींसलैंड पुलिस सेवा (क्यूपीएस) के अधिकारियों ने शनिवार रात और रविवार तड़के आरोपियों की गिरफ्तारियां की। गिरफ्तार किए गए लोगों में एक जहाज का चालक दल भी शामिल है जो कथित तौर पर क्वींसलैंड में कोकीन आयात करने की कोशिश कर रहा था और कई लोग अवैध ड्रग्स को इकट्ठा करने के लिए तट पर इंतजार कर रहे थे। एएफपी अदालत में आरोप लगाएगा कि उनमें से एक व्यक्ति एक गैरकानूनी मोटरसाइकिल गिरोह का उपाध्यक्ष भी है। एएफपी कमांडर स्टीफन जे ने एक बयान में कहा, ÷हम जानते हैं कि अपराधी ऑस्ट्रेलिया में ड्रग्स की तस्करी करने के लिए अपनी जान जोखिम में डालने से भी नहीं कतराते। अपराधी इस बात की भी परवाह नहीं करते कि वे ऑस्ट्रेलियाई लोगों को कितना नुकसान पहुंचा रहे हैं।÷ उन्होंने कहा, ÷समुद्र से दो टन से अधिक कोकीन इकट्ठा करने का यह कथित प्रयास दर्शाता है कि अपराधी अपने लालच और लाभ के लिए कुछ भी कर



सकते हैं। सभी 13 व्यक्तियों पर बॉर्डर कंट्रोल्ड ड्रग्स की व्यावसायिक मात्रा आयात करने की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है। यदि वे दोषी पाये जाते हैं तो उन्हें अधिकतम आजीवन कारावास की सजा हो सकती है। जे और क्यूपीएस डिटेक्टिव के कार्यवाहक मुख्य अधीक्षक क्रेग मोरो ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि संयुक्त जांच नवंबर में शुरू हुई थी, जब उन्हें खुफिया जानकारी मिली थी कि एक आपराधिक गिरोह ऑस्ट्रेलिया में ड्रग्स आयात करने की योजना बना रहा है। उन्होंने कहा कि एएफपी, क्यूपीएस और ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल ने एक रिक्रिएशनल फिशिंग बोट पर नजर रखी, जो क्वींसलैंड लौटने से पहले कोकीन लेने के लिए कथित तौर पर एक जहाज की तरफ समुद्र में गई थी। नाव के खराबी के कारण समुद्र में फंस जाने के बाद गिरफ्तारियां शुरू की गईं।

## लोजपा सांसद ने कहा, बिहार के विकास के लिए वापस लौटें बिहारी छात्र

मुंगेर । बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए राजनीतिक पार्टियों ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। एनडीए में शामिल लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) भी जिला स्तर पर पार्टी को मजबूती प्रदान करने में जुटी है। लोजपा सांसद भी इन कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) से सांसद अरुण भारती मुंगेर जिले में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे। कार्यक्रम में उन्होंने जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर की तारीफ की। उन्होंने कहा कि हम लोग बिहार से दूर जाकर पढ़े और अब अपने क्षेत्र और राज्य के लिए कुछ करना चाहते हैं। आने वाले समय में हम चाहते हैं कि जो भी बिहारी छात्र बाहर पढ़ने गए थे, वहां नौकरी या फिर व्यापार कर रहे हैं, वह बिहार जरूर लौटें। यहां आकर वह यह जरूर सोचें कि हम अपने क्षेत्र में विकास के लिए कौन-कौन से कार्य कर सकते हैं। जहां तक संभव हो उस काम को धरातल पर उतार सकें। उन्होंने कहा, किशोर बिहार के रहने वाले हैं। वह अब अपना पूरा समय बिहार को दे रहे हैं। प्रशांत किशोर ने कहा था कि उनका पूरा फोकस अब बिहार पर रहेगा। वह बिहार को अन्य राज्यों की तरह प्रगति करते हुए देखना चाहते हैं। इसी कड़ी में उन्होंने ऐलान किया है कि जनसुराज पार्टी बिहार का आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेगी। वहीं, पीके नाम से मशहूर प्रशांत किशोर बिहार की एनडीए सरकार के साथ ही साथ आरजेडी नेता तेजस्वी यादव पर भी जमकर बरस रहे हैं। प्रशांत कई बार कई मंचों से कह चुके हैं कि 9वीं फेल नेता कभी बिहार की प्रगति नहीं कर सकता है।

## महिला पुलिस अधिकारी को धमकाने के मामले में मंत्री किरोड़ीलाल मीणा के खिलाफ एफआईआर

जयपुर । राजस्थान में भजनलाल सरकार का अंदरूनी झगड़ा अब विवाद का रूप लेता जा रहा है। भाई जगमोहन मीणा के दौसा से चुनाव हारने पर भीतरघात का आरोप लगाने के बाद से ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा नाराज चल रहे हैं। अब मंत्री के महिला थानेदार कविता शर्मा को धमकाने के मामले में पुलिस ने मंत्री रिपोर्ट लिख दी है। बीते मंगलवार देर रात हुए घटनाक्रम की रिपोर्ट डालने के बाद सीनियर अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई है और मंत्री पर राजकार्य में बाधा डालने का आरोप लगा है। वहीं, मंत्री मीणा ने भी महेशनगर पुलिस थाने की सीआई कविता शर्मा पर फर्जी तरीके से नौकरी हासिल करने का आरोप लगाया है। दरअसल, महावीर नगर में एसआई भर्ती परीक्षा रद्द करने की मांग करने वाले छात्र नेताओं को पुलिस गिरफ्तार करने गई थी। तभी छात्र नेता विकास विधूड़ी ने मंत्री मीणा को कॉल सूचना दी। मौके पर पहुंचे मंत्री किरोड़ीलाल महिला थानेदार पर ही भड़के और उन्हें खूब खरी खोटी भी सुनाई। यही नहीं, मंत्री के साथ आए लोग पुलिस की गाड़ी से एक युवती को भी उतार अपने साथ ले गए। घटनाक्रम के बाद सुबह किरोड़ीलाल मीणा ने पूरे मामले की शिकायत गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम से की और सीआई को हटाने की मांग की। जबकि सीआई कविता शर्मा का कहना है कि वे उच्च अधिकारियों के निर्देश पर कार्रवाई कर रही थीं और अपनी ड्यूटी निभाने में लगी थीं।

## बाबा सिद्दीकी से पहले हिट लिस्ट में थे अभिनेता सलमान खान

मुंबई। पिछले कई महीनों से बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। सलमान खान को लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जान से मारने की धमकी मिल रही है। इतना ही नहीं बिश्नोई गैंग द्वारा सलमान खान के घर पर फायरिंग भी की गई थी। सलमान खान के बेहद करीबी दोस्त और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी को बिश्नोई गैंग के तीन शूटरों ने मुंबई में गोली मार दी थी। इसके बाद सोशल मीडिया पर बिश्नोई गैंग की ओर से एक पोस्ट शेयर कर इस हत्या की जिम्मेदारी ली गई। बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में अब तक पुलिस ने 26 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस बीच खबर है कि बाबा सिद्दीकी मामले में गिरफ्तार आरोपियों ने अब एक बड़ा और चौंकाने वाला खुलासा किया है। आरोपी ने कहा कि बाबा सिद्दीकी से पहले उसका टारगेट सलमान खान थे। हालांकि कड़ी सुरक्षा के चलते वे सलमान खान पर गोली नहीं चला सके। उसने कई बार सलमान खान पर गोली चलाने की कोशिश की। लेकिन सलमान खान के आसपास भारी सुरक्षा के कारण यह संभव नहीं हो सका। बता दें कि सलमान खान को पिछले कुछ दिनों से बिश्नोई गैंग से जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। सलमान कड़ी सुरक्षा के बीच अपनी फिल्मों की शूटिंग कर रहे हैं। लगातार मिल रही धमकियों के चलते उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## मुंबई एयरपोर्ट पर 1 करोड़ का सोना जब्त, फूड स्टॉल कर्मचारी समेत दो गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज हवाई अड्डे पर सोने की तस्करी के मामले में सीमा शुल्क अधिकारियों ने हवाई अड्डे पर काम करने वाले और विदेश से आए एक व्यक्ति को हवाई अड्डे के बाहर एक फूड स्टॉल के एक कर्मचारी के साथ गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में डेढ़ किलो सोना जब्त किया गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस सोने की कीमत 1 करोड़ 5 लाख रुपये है। बताया गया है कि सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों को सूचना मिली थी कि दुबई से मुंबई में सोने की तस्करी की जा रही है। जिसके बाद संबंधित उड़ान से उतरे एक यात्री को अधिकारियों द्वारा निगरानी में रखा गया था। इस शख्स का नाम है मुशाहिद अख्तर अंसारी। मुंबई एयरपोर्ट पर उतरने के बाद अंसारी मोबाइल चार्जिंग पॉइंट पर अपना मोबाइल चार्ज करने के लिए खड़ा था। इसी दौरान एयरपोर्ट पर काम करने वाली सोनाली नाम की युवती उनके पास पहुंची। अंसारी ने सोनाली को एक बटुआ दिया। इस बटुए को देने के बाद जब अधिकारियों ने सोनाली से पूछताछ की तो उन्हें उसके पास से यह सोना मिला। सोनाली ने कबूल किया कि अंसारी ने उसे यह सोना दिया है और वह इसे हवाई अड्डे के बाहर एक फूड स्टॉल में काम करने वाले तरबेज शेख को देगी। इसके बाद तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया और आगे की जाँच की जा रही है।

# भारत से दुश्मनी और पाकिस्तान से दोस्ती के लिए बेचैन है बांग्लादेश की यूनुस सरकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक पर एक बार हिंसा बढ़ गई है। शेख हसीना सरकार की तख्तापलट के बाद से बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार हमले हो रहे हैं। इतिहास में जाएं तो बांग्लादेश में बढ़ती हिंसा के कारण से ही भारत ने हस्तक्षेप किया था। जिसके बाद पूर्वी पाकिस्तान नाम की जगह खत्म हो गई और बांग्लादेश का उदय हुआ। एक बार फिर हिंसा की आग में बांग्लादेश झुलस रहा है। सरकार के फैसले भी यही संकेत दे रहे हैं कि बांग्लादेश पूर्वी पाकिस्तान बनने की राह पर है। पाकिस्तान से बढ़ती नजदीकियां भी यही इशारा कर रही हैं।

बांग्लादेश का रवैया भारत के प्रति अच्छा नहीं है। बांग्लादेश लगातार भारत विरोधी कदम उठा रहा है और पाकिस्तान से दोस्ती के लिए खुद का नुकसान करने से भी पीछे नहीं हट रहा है। इसी साल सितंबर में पाकिस्तान ने घोषणा की थी कि बांग्लादेशी बिना किसी वीजा शुल्क के पड़ोसी देश की यात्रा कर सकेंगे। इसके बाद अंतरिम सरकार ने बांग्लादेशी वीजा के लिए आवेदन करने से पहले पाकिस्तानी नागरिकों के लिए सुरक्षा मंजूरी प्रास करने की आवश्यकता को हटा दिया है। और अब बांग्लादेश ने भारत से अपने 2 राजनियक को वापस बुला लिया है। खबर है कि बांग्लादेश ने भारत से अपने दो राजनयिक को वापस बुलाया है। यह फैसला बांग्लादेश ने तब लिया है जब दोनों देश के बीच तनाव बढ़ रहा है। हालात ये हैं कि बांग्लादेश ने



पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा से अपने दो राजनयिक को वापस बुलाया है। इधर भारत के साथ तनाव के बीच बांग्लादेश दुनिया को साधने चला है। बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस 27 यूरोपियन देशों के राजनयिकों से मिलेंगे। यूनुस 9 दिसंबर को ढाका में यूरोपियन देशों के राजनयिकों से मिलेंगे। 27 यूरोपियन देशों राजनयिकों में 20 राजनयिक दिल्ली में मौजूद हैं जबकि 7 ढाका में। बैठक का मकसद बांग्लादेश और यूरोपियन देशों के बीच सहयोग को बढ़ाना है। मालूम हो कि हाल ही में त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में बांग्लादेश के राजनयिक मिशन में तोड़फोड़ हुई थी। बाद में इस मामले में 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। कैम्पस में घुसपैठ के मामले में 4 पुलिस अफसरों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई थी। वहीं, बांग्लादेश में भारतीय उच्चायुक्त को तलब कर घटना का विरोध जताया गया था। साथ ही बांग्लादेश ने अगरतला में अपनी काउंसलर सर्विस भी बंद करने का ऐलान किया था। अब बांग्लादेश ने त्रिपुरा से अपने डिप्लोमेट को वापस बुला लिया है।

## गांधी के परिवार ने देश के लिए अपनी कुर्बानी दी : प्रमोद तिवारी

नई दिल्ली । राज्यसभा सदस्य और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने भाजपा सांसद संबित पात्रा की उस टिप्पणी पर घोर आपत्ति जाहिर की हैं, जिसमें उन्होंने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर देशद्रोह का आरोप लगाया था। वहीं किसानों और उन्हें रोकने के लिए प्रशासन की तरफ से लगाई गई बैरिकेडिंग को लेकर कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा, यह केंद्र सरकार की क्रूरता है। जब तीन साल पहले करीब 700 किसानों की शहादत हुई थी, तब उन्होंने खुद ही समझौता किया था। न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार के कृषि मंत्री एवं किसानों के बीच समझौता हुआ था। लेकिन अगर वे आज मुखर रहे हैं, तब यह विश्वासघात है। भाजपा प्रवक्ता पात्रा के राहुल गांधी को देशद्रोही बोलने और देश का नैरेटिव खराब करने के सवाल पर कांग्रेस नेता तिवारी ने कहा, जिन्होंने अंग्रेजों की मुखबिरी की और अंग्रेजों की फौज में भर्ती होने का पत्र लिख रहे थे, उन्ही संगठनों के राजनीतिक दल के सदस्य पात्रा ने ये घटिया आरोप लगाया है। याद कर लें कि देशद्रोह करने का काम भाजपा के मातृ संगठन ने किया था। राहुल गांधी के परिवार ने देश के लिए अपनी कुर्बानी दी। उनके खून में देश के लिए कुछ कर गुजरने की तमन्ना है। वहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संभल और बांग्लादेश के हालात पर 500 साल पहले बाबर के समय से तुलना करने पर कांग्रेस नेता ने कहा, भाजपा डीएनए पर नहीं जाए। वरना आजादी के समय या उससे पहले जो किया, कहीं डीएनए टेस्ट हो तब भाजपा का डीएनए ही बाबर और औरंगजेब से नहीं निकाल आए।



## दिल्ली में एनओ2 का स्तर बढ़ने से अस्पताल जाने के मामले बढ़ेः नड्डा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा दिल्ली में पांच स्थानों पर किए गए एक अध्ययन में पता चला है कि नाइट्रोजन डाईऑक्साइड (एनओ2) जैसे यौगिकों के स्तर में वृद्धि के साथ लोगों को सांस लेने में घरघराहट पैदा होने तथा आपात स्थिति में अस्पताल जाने के मामलों में वृद्धि देखी गई है।

उन्होंने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। मंत्री पे कहा कि सरकार ने वायु प्रदूषण पर एक स्वास्थ्य परामर्श जारी किया है और वायु प्रदूषण के मुद्दों के समाधान के लिए कई कदम भी उठाए हैं। नड्डा ने कहा कि भारत सरकार ने 1,561 'प्रेशर स्विंग एड्शॉर्पशन' (पीएसए) ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्रों को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि देश में पीएम केयर्स फंड के तहत 1,225 पीएसए संयंत्रलगाए गए हैं। उनका कहना था कि इसके अतिरिक्त, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, बिजली, कोयला, रेल मंत्रालयों के तहत आने वाले सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा अब तक 336 पीएसए संयंत्र स्थापित किए गए हैं।

## बंगाल को बर्बाद करने में तुली ममता बनर्जी, भाजपा आईटी सेल प्रमुख का आरोप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर आरोप लगाया कि वे प्रदेश को बर्बाद करने में तूली हुई हैं। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख ने अपनी बात को साबित करने के लिए एक आंकड़ा भी साझा किया। भाजपा नेता ने बंगाल से जुड़े कुछ चौंकाने वाले आंकड़े साझा कर कहा, बंगाल भारत में करीब 67 फीसदी केरोसिन की खपत करता है और यह स्थिति एलपीजी के पर्याप्त आपूर्ति के बावजूद बनी हुई है। उन्होंने सवाल उठाया, 'क्या कारण हो सकता है? गरीबी, कालाबाजारी या बड़ी संख्या में अवैध प्रवासी, सत्तारूढ़ टीएमसी के लिए वोट बैंक के रूप में दोगुना हो रहे हैं?' उन्होंने कहा, 'कारण चाहे जो भी हो। लेकिन, इस बात को खारिज नहीं किया जा सकता है कि ममता अपने पीछे एक बर्बाद राज्य छोड़ रही हैं।

उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद समिक भट्टाचार्य ने



राज्यसभा में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी से मुद्दे को लेकर सवाल पूछे थे। मालवीय ने इसी प्रश्न को आधार बनाकर यह प्रतिक्रिया दी।

दरअसल, भाजपा सांसद भट्टाचार्य ने सवाल किया था कि क्या बंगाल देश में सबसे अधिक मात्रा में केरोसिन की खपत करता है? क्या सरकार ने दावे का संज्ञान लिया है कि केरोसिन का सेवन बड़े पैमाने पर बांग्लादेशी घुसपैठियों द्वारा किया जाता है? इस तरह के दुरुपयोग को रोकने और इच्छित लाभार्थियों को यह सुनिश्चित करने के लिए निगरानी और वितरण में सुधार के लिए क्या उपाय लागू किए जा रहे हैं।

इन सभी सवालों के जवाब में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री मंत्री सुरेश गोपी ने बताया कि भारत सरकार खाना पकाने के उद्देश्य से तिमाही आधार पर बंगाल सहित अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत मिट्टी के तेल का आवंटन करती है। वर्ष 2023-24 के दौरान विभिन्न राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों को पीडीएस एसकेओ का आवंटन अनुबंध में दिया गया है।÷

उन्होंने कहा, 'वर्ष 2023-24 के दौरान, बंगाल राज्य को 7,04,016 केएल पीडीएस एसकेओ आवंटित किया गया था, जो देश भर के राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों को किए गए 10,60,524 केएल के कुल आवंटन का 66.38 फीसदी है। भारत सरकार ने समय-समय पर संशोधित केरोसिन (उपयोग पर प्रतिबंध और अधिकतम कीमत का निर्धारण) आदेश 1993 जारी किया है, जिसमें सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत केरोसिन की बिक्री केवल खाना पकाने और रोशनी के प्रयोजनों के लिए पात्र उपभोक्ताओं तक सीमित कर दी गई है।

## वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा करने अब तक दिल्ली में 28 बैठकें हुईः जगदंबिका पाल

**`* बैठकों में इस्लामिक विद्वानों, न्यायाधीशों, वाइस चांसलर्स और अन्य साथी स्तंभ शामिल हुए**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में वक्फ संशोधन विधेयक पर जेपीसी की संयुक्त समिति की गतिविधियों का जायजा लेते हुए अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने बताया कि इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर 28 बैठकें आयोजित की गई हैं। यहां विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की जा रही है। जेपीसी ने इस संशोधन पर सभी पक्षों की राय लेने के लिए विभिन्न राज्यों का दौरा किया है। मुख्य धारा में वक्फ संशोधन विधेयक को गहरी समझने के उद्देश्य से बैठकों में इस्लामिक विद्वानों, न्यायाधीशों, वाइस चांसलर्स और अन्य साथी स्तंभों को शामिल किया गया है। साथ ही विभिन्न मंत्रालयों के प्रतिनिधि और अल्पसंख्यक संगठनों के प्रतिनिधियों से भी चर्चा की जा रही है। जगदंबिका पाल ने बताया कि वक्फ संशोधन विधेयक के सभी पहलुओं



पर गहरी चर्चा की जा रही है और सरकार चाहती है कि इस विधेयक से जुड़े सभी मामलों पर विस्तार से विचार किया जाए। जेपीसी का मुख्य लक्ष्य देशभर से विभिन्न मुद्दों पर राय लेना और सभी पक्षों की चिंताएं समझना है। इसके अतिरिक्त संसदीय समिति की बैठक में अल्पसंख्यक मंत्रालय के अधिकारियों ने भी अपने पक्ष को साझा किया। पाल ने पिछले हफ्ते लोकसभा समिति के कार्यकाल को बढ़ाए जाने के प्रस्ताव की मंजूरी दी थी, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वक्फ संशोधन विधेयक पर गहरी चर्चा की जा रही है। वक्फ संशोधन विधेयक 2024 पर संसदीय समिति के विचारों और सुझावों की प्रक्रिया तेजी से बढ़ रही है, जिससे इस महत्वपूर्ण विधेयक के बारे में समस्त पक्षों की दृष्टि स्पष्ट हो सके।

## भाजपा वाले कुछ भी कहें, राहुल गांधी के लिए देश से बढ़कर कुछ नहीं : प्रियंका गांधी

**भिवाड़ी (एजेंसी)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को ''देशद्रोही'' कहे जाने पर शुक्रवार को कहा कि सत्तारूढ़ दल के लोग कुछ भी कहें, उन्हें फर्क नहीं पड़ता क्योंकि उनके भाई के लिए देश से बढ़कर कुछ नहीं है।

उन्होंने कहा कि जो लोग देश की आजादी के लिए 13 साल जेल में काटने वाले पंडित जवाहरलाल नेहरू और पाकिस्तान के दो टुकड़े करने वाली इंदिरा गांधी को 'देशद्रोही' कह सकते हैं, उनके लिए राहुल गांधी के लिए इस शब्द का इस्तेमाल करना कोई नई बात नहीं है।



प्रियंका गांधी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ''जो लोग आजादी की लड़ाई में 13 साल जेल में रहने वाले जवाहरलाल नेहरू जी को देशद्रोही कह सकते हैं, जो पाकिस्तान के दो टुकड़े करने वाली और शहीद हुईं इंदिरा जी को देशद्रोही कह सकते हैं, जो राजीव गांधी जी को देशद्रोही कह सकते हैं, वो अगर राहुल जी के लिए ऐसा कह रहे हैं, तो कोई नई बात नहीं है।''

उन्होंने कहा, ''मुझे मेरे भाई पर बहुत गर्व है, उनके लिए देश से बढ़कर कुछ नहीं है। उन्होंने देश की एकता के लिए आठ हजार किलोमीटर की यात्रा की जिसमें से चार हजार किलोमीटर की पदयात्रा थी।''

प्रियंका गांधी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, '' ये लोग कुछ भी कहते रहें, फर्क नहीं पड़ता।'' भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने बृहस्पतिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया था कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भारत को अस्थिर करने का प्रयास कर रही खोजी मीडिया समेत अंतरराष्ट्रीय ताकतों के साथ संबंध रखते हैं और वह देशद्रोही हैं।

## हरियाणा में नए जिले, उप मंडल, तहसील और उप तहसील की संभावना

### – चार सदस्यीय कमेटी का किया गया गठन, तीन महीने में सरकार को सौंपेगी रिपोर्ट

चंडीगढ़ । हरियाणा में एक ऐतिहासिक फैसले को लेकर चार सदस्यीय कमेटी का गठन हुआ है जो नए जिले, उप मंडल, तहसील और उप तहसील के गठन के लिए मार्गदर्शन प्रदान करेगा। इस कमेटी का अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार को निर्वाचित किया गया है। इसके तीन महीने के अध्ययन के बाद कमेटी अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी। इस कमेटी का मुख्य उद्देश्य है हरियाणा के प्रशासनिक सुधारों की समीक्षा करना और नए जिले, उपमंडल, तहसील और उप-तहसील के गठन के बारे में सुझाव देना। कमेटी को संयुक्त रूप से वित्तायुक्त राजस्व और राजस्व एवं आपदा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी के नेतृत्व में गठित किया गया है। पिछली महीने में जून के चुनावों में हार के बाद कमेटी की रिपोर्ट को दोहराने की मांग उठी थी। हालांकि, वर्तमान जिलों में कारगर संगठन और प्रशासनिक व्यवस्था है, लेकिन नए जिले के गठन से प्रदेश के विकास में और गति लाने की उम्मीदें हैं। विधायकों की इस कमेटी में शामिल होने की संभावना है, जिससे स्थानीय जनता की भी सुनवाई हो सके।

## भुवनेश्वर में न्यायिक परिसर से सांप पकड़ा गया

भुवनेश्वर। ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में नवनिर्मित न्यायिक परिसर का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा बृहस्पतिवार को उद्घाटन किए जाने से कुछ घंटे पहले वहां से दो फुट का एक सांप पकड़ा गया। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। अधिकारी ने बताया कि सांप को इमारत के मुख्य द्वार के पास एक चालक ने देखा और परिसर में अन्य लोगों को सतर्क किया। अधिकारी ने कहा कि सांप हेल्पलाइन की एक टीम मौके पर पहुंची और सांप को पकड़ा। एहतियात के तौर पर टीम ने पूरे परिसर की तलाशी भी ली।

## भारत-चीन समझौतों के तहत शांति-सौहार्द बनाए रखने की आवश्यकता पर दिया जोर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्वी लद्दाख में बीते करीब साढ़े चार साल से अधिक समय से जारी एलएसी विवाद की 21 अक्टूबर 2024 को हुई समाप्ति के बाद गुरुवार को राजधानी दिल्ली में भारत और चीन के बीच सीमा संबंधी मामलों के समाधान के लिए गठित किए गए कूटनीतिक तंत्र यानी डब्ल्यूएमसीसी की 32वीं बैठक हुई। इसमें भारतीय पक्ष का नेतृत्व विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (पूर्वी एशिया) गौरांग लाल दास ने किया। जबकि चीनी प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई वहां के विदेश मंत्रालय के तहत आने वाले सीमा और महासागरीय मामलों के विभाग के महानिदेशक होंग लियांग ने की। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इसमें बताया कि बैठक के बाद चीन के महानिदेशक ने भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री से शिष्टाचार मुलाकात भी की। मंत्रालय ने बताया कि इस बैठक में जहां एक ओर दोनों पक्षों ने एलएसी पर विवाद समाप्ति को लेकर हुए समझौते के सकारात्मक क्रियान्वयन को लेकर प्रतिबद्धता जाहिर की। वहीं, रूस के कजान में 23 अक्टूबर 2024 को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई पहली द्विपक्षीय बैठक में लिए गए निर्णय के मुताबिक विशेष प्रतिनिधियों (विदेश मंत्री, एनएसए और विदेश सचिव स्तर की बैठक) की अगली बैठक को लेकर तैयारी पर मंथन किया गया।

### सीमाई हालात की समीक्षा की

बैठक में दोनों पक्षों ने 21 अक्टूबर को हुए विवाद समाप्ति समझौते के बाद सीमा पर बने हुए हालातों की समीक्षा की। इसमें वर्ष 2020 के घटनाक्रम से दोबारा ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने को लेकर ली गई सीख भी शामिल है। मामले पर दोनों ने स्थापित तंत्र की मदद से लगातार आदान-प्रदान और कूटनीतिक व सैन्य स्तर पर संवाद बनाए रखने के महत्व को भी रेखांकित किया। साथ ही प्रभावी सीमा प्रबंधन, शांति-सौहार्द कायम करने और इसकी बहाली के लिए भारत और चीन के बीच मौजूद द्विपक्षीय समझौतों, प्रोटोकॉल और दोनों सरकारों के बीच बनी आपसी समझ के प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता पर भी बल दिया।

